## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

रातू (प्रातः आवाज)। प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिव्यांग व महिला स्वंयसेवी समिति के द्वारा रैली निकाली गई। रैली को सीओ सह प्रभारी बीडीओ रवि कुमार व तारूप पंचायत की पूर्व मुखिया रीता भगत ने झंडा दिखाकर रवाना किया। छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वाधान में दिव्यांगों ने पैदल मार्च कर काठीटांड़ चौक तक गए उसके बाद वापस प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। पैदल मार्च के दौरान रैली में शामिल लोगों ने नारा लगाते हुए कहा हम भी देश के नागरिक है, हमे भी मतदान करना है, पहले मतदान फिर काम आदि के नारे लगाए। रैली में मदन उरांव, चांदमनी उरांव, दशरथ महली, अर्चना आईंद, करमी कुमारी, मंजू देवी, जुबेदा खातून, तारा देवी, बसंती तिर्की, विमल कुमार, भारती कुमारी, राम प्रकाश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही जेएसएलपीएस के महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने भी प्रखंड मुख्यालय, मां आनंदमयी नगर, रानी बगीचा में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरुक किया। मौके पर डा. सचि कुमारी,अवनी शुक्ला, प्रकाश उरांव, सत्या देवी, कल्पना देवी, आरती देवी, मंजू देवी, कुसुम देवी सहित अन्य महिला शामिल थे।

### सैकड़ों बिना नंबर के अवैध बालू लोड ट्रैक्टर पर नहीं हो रही कोई कार्रवाई

रातू (प्रातः आवाज)। रातू थाना आसपास के क्षेत्रों में बालू की कालाबाजारी का बाजार गर्म है। देर रात से ही सैकड़ों बिना नंबर के अवैध बालू लोड ट्रैक्टर चलते देखे जा सकते है। जबकि पीसीआर व रातू थाना की गश्ती गाड़ी भी वहीं पर दिखे लेकिन इन गाड़ियों ने अवैध बालू ले जा रहे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं किया। दूसरी ओर रातू थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी ने औपचारिकता निभाते हुए मंगलवार सुबह पांच बजे चार वाहनों को जब्त कर थाना लाए। जब्त वाहनों में एक टेंपो ट्रक जेएच 01एजे 1380 व बिना नंबर का तीन ट्रैक्टर शामिल है। रातू पुलिस की कारवाई के बावजूद बालू माफियाओं में कोई असर नहीं दिखा। बिरसा चौक झखराटांड से लेकर एतवार बाजार, टाउन घर के पास झोपड़ी में बालू तस्करों को अक्सर पुलिस के साथ चाय पीते देखा जा सकता है। एक बालू विक्रेता ने बताया कि पुलिस की कारवाई होने व अखबार में खबर छपने से बालू के दाम और बढ़ते है हम लोग चाहते है कि कारवाई होता रहे और बालू का दाम बढ़ता रहे।

### रूगड़ी हाई स्कूल में सशस्त्र सीमा बल ने चलाया जागरुकता अभियान



तमाड़ (प्रातः आवाज)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रूगड़ी हाई स्कूल में सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी सी समवाय बासुकोचा के द्वारा मंगलवार को विद्यार्थियों को सीएपीएफ में शामिल होने के लिये जागरूक्ता अभियान चलाया गया। एसएसबी के पदाधिकारी ने सीएपीएफ में शामिल होने कि प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही साथ प्लास्टिक पर रोकथाम व साफ–सफाई के बारे मे समझाया गया। इस अवसर पर निरिक्षक विकास कुमार, सउपनी ताशी अंगचुक, एसएसबी जवान, शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

### त्रिदिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का किया गया आयोजन

तमाड़ (प्रातः आवाज)। प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदिरी गांव में त्रिदिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ ओर मेला का आयोजन किया गया है। इसकी शुरूवात तीन मई से किया जायेगा। जिसमें बंगाल ओर झारखंड के नामी गिरामी कीर्तन मंण्डली दल भाग लेंगे। खासकर महिला कीर्तन मण्डली दल भी शामिल है। यह जानकारी कमिटी के हीरालाल दास ने दी।

### झारखंड पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




खलारी (प्रातः आवाज)। झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में सोमवार को अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 27 अप्रैल को किया गया था। वहीं इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जूनियर वर्ग से दिव्यांश चौहान प्रथम स्थान, पायल कुमारी द्वितीय स्थान, समृद्धि चौहान द्वितीय स्थान, आफिया परवीन तृतीय स्थान एवं सीनियर आयु वर्ग से खुशी कुमारी प्रथम स्थान, सुहाना कुमारी द्वितीय स्थान, कुणाल कुमार पांडे तृतीय स्थान, एवं जवाला कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले का नाम शामिल है।

### सुख-समृद्धि के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन



चान्हो (प्रातः आवाज)। चान्हो प्रखंड के सोंस पंचायत अंतर्गत ग्राम सोस स्थित महाबीर मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। आरती के पश्चात उपस्थित भक्तों एवं ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि सोस महिला कीर्तन मंडली प्रत्येक वर्ष सोंस पंचायत के ग्रामीण सहित प्रखंड राज्य एवं देशवासियों की सुख समृद्धि तथा कल्याण के लिए हरि कीर्तन का आयोजन किया जाता है। उसी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी मंदिर में अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया था। कीर्तन सोंस, ओपा , बेतलंगी सहित आसपास के कई गांव के सनातनी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेशसाहु , सुनिल साहु, तारा देवी,रमेश गोस्वामी व अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

### सांप के काटने से बुजुर्ग महिला की मौत

बुढ़मू (प्रातः आवाज)। बगदा मेढ़ी की बुजुर्ग महिला को पशु चराने के दौरान विषैले सांप के काटने से हुई मौत,किया गया अंतिम संस्कार। जानकारी के अनुसार रविवार को बगदा मेढ़ी निवासी राजो देवी 59 वर्ष पति अमृत महतो को पशु चराने के दौरान एक विषैले सांप ने काट लिया। अन्य चरवाहों के द्वारा जंगल से गांव लाया गया। उसके बाद आनन फानन में रिम्स ले जाया गया। इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। और आज मंगलवार को हिंदू विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

# महिलाएं ठान लें तो हो सकता है शत-प्रतिशत मतदान : उषा मिंज

लापुंग में देर शाम निकाला गया कैंडिल मार्च ● लापुंग प्रखंड मुख्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ● मताधिकार के लिए शपथ ली गई

प्रातः आवाज





लापुंग। लापुंग प्रखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं में जागरूकता के लिए जेएसएलपीएस के तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता, शपथग्रहण कार्यक्रम सहित कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडिल मार्च का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने किया। इस मौके पर लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव मुख्य रुप से भाग लिए। इसके पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने चुनावी थीम पर बनाए गए अलग-अलग रंगोली को देखा और उन्होंने जेएसएलपीएस की महिला कार्यकताओं की प्रशंसा की। इस मौके पर जेएसएलपीएस की जेंडर कोऑर्डिनेटर प्रतिमा देवी ने समूह की महिलाओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की उपस्थिति में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलायी। हम भारत की नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लेते हैं कि देश के लोकतांत्रिक परम्पराओं को बनाए रखेंगे, तथा आगामी 13 मई को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि लापुंग की महिलाएं ठान लें तो शत प्रतिशत मतदान भी संभव है। उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड के सभी 65 बूथों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में जेएसएलपीएस की कार्यकर्ता अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए महिलाओं को जागरूक करने से घर में रहने वाले पुरुष भी जागरूक होंगे और इस राष्ट्रीय महापर्व पर अपने वोट से लोकतंत्र को और भी सुदृढ़ करेंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान बीपीएम सविता सांगा ने कहा कि जेएसएलपीएस की महिला कार्यकर्ताओं खासकर जेंडर कोऑर्डिनेटर, कलस्टर कोऑर्डिनेटर, सेतु दीदी सहित समूह की महिला कार्यकर्ता वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देंगी। वहीं जेंडर कोऑर्डिनेटर सुशीला कुमारी ने कहा कि जेएसएलपीएस की महिलाएं चुनावी राष्ट्र पर्व में भीषण गर्मी में भी अपना योगदान दे रही हैं। जेंडर कोऑर्डिनेटर सुशीला कुमारी प्रतिमा देवी, ऋतु रानी बरला और सावित्री देवी ने अपने मार्गदर्शन में महिलाओं के साथ मिलकर खूबसूरत रंगोली बनाई। इस मौके पर कलस्टर कोऑर्डिनेटर रॉकी प्रसाद, सेतू दीदी सुवंती केरकेट्टा, लेखापाल पूर्णिमा देवी, जोसलिना बरला, फील्ड कोऑर्डिनेटर सीमा सिंह, बीएपी अंबिका देवी, पीआरपी दीनू उरांव, एल एच बीआरपी रुही सुल्ताना सहित स्वयं सहायता समूह की कई दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उधर महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लापुंग में कैंडिल मार्च का आयोजन किया। जेएसएलपीएस की जेंडर कोऑर्डिनेटर एवं महिला कार्यकताओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर लापुंग प्रखंड मुख्यालय से मुख्य सड़क होते हुए बिरसा चौक तक कैंडिल मार्च निकाली। उन्होंने लोगों से 13 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील किया।

## पैदल मार्च निकाल कर शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

प्रातः आवाज



इटकी। इटकी प्रखंड में मंगलवार को स्थानीय प्रशासन ने पैदल मार्च निकाल कर चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूक्ता अभियान चलाया। प्रखंड के बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग के नेतृत्व मे पैदल मार्च प्रखंड परिसर से शुरू होकर थाना चौंक होते कुन्दो गांव पहुंचा पुनः वापस प्रखंड परिसर लौटा। इस दौरान मार्च में शामिल प्रखंड कुर्मी हाथों में तख्ती बैनर लेकर नारा लगाते आगे बढ़ रहे थे और मतदाताओं को अपना मताधिकार का प्रयोग करने का अपील कर रहे थे। पैदल मार्च में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, बीएसओ हेमन्त एक्का, वीपीआरओ रईस मलिक, पिय रंजन धर्मदास सहित सभी बीएलओ, प्रवेक्षक और

बुथ अवेयरनेश ग्रुप के सदस्य सहित कर्मचारी व अधिकारी शामिल थे।

## उत्साहविहीन मतदाताओं को कई हथकंडा अपना कर रिझाने में जुटे हैं नेता और कार्यकर्त्ता

प्रातः आवाज

इटकी। इटकी क्षेत्र में जैसे-जैसे चुनाव की तिथि निकट आती जा रही है, लोहरदगा संसदीय (सु) सीट के इटकी प्रखंड में उत्साहविहीन मतदाताओं को विभिन्न दलों के प्रत्याशी और कार्यकर्ता कई हथकण्डा अपना कर रिझाने का प्रयास तेज कर रखा है। जिन नेताओं और कार्यकर्ताओं के चेहरे शायद ही कभी नजर आते थे, अचानक उनकी क्षेत्र में सक्रीयता बढ़ गई है। अपने दल के प्रत्याशी को जीत सुनिश्चित करने के लिए नेताओं का चुनावी दौरा धीरे-धीरे जोर पकड़ता जा रहा है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके द्वारा कई तरह के सब्जबाग दिखाए जा रहे है। मतदाताओं की चुप्पी और प्रचंड गर्मी कार्यकर्ताओं के हौसले को पस्त कर दे रही है। चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह की कमी इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है नेताओं के चुनावी सभा हो या बैठक में बहुत कम लोगों द्वारा उनकी बात सुनने पहुंच रहे है। मतदाताओं के इस रवैये से प्रत्याशी और नेता परेशान है। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा का चुनाव होनी है। इस बार प्रखंड के 49 बुथों पर कुल 40,251 हजार मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 20,026 जबकि 20,224 महिला मतदाता अपना बोट डालेंगे।

## हृदय गति रुकने से रीना भगत की आकस्मिक मौत



चान्हो (प्रातः आवाज)। चान्हो प्रखंड के ग्राम सिलागाई में रीना भगत (35 वर्ष) पति बसंत भगत की हृदय गति रुकने के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। वह पीछे छोड़ गई तीन बेटियां ललिता भगत, बबीता भगत, सिमरन भगत और एक डेढ़ माह का बच्चा। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची, परिजनों से मिलकर शौक व्यक्त करते हुए ढ़ांढ़स बंधाया। विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर कुछ सहयोग राशि दिया साथ यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति मे उनके परिवार के साथ खड़ी रहूंगी।

## पेयजल एवं बिजली की समस्या को लेकर बैठक में शामिल हुए डॉ परमेश्वर

प्रातः आवाज



मांडर। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंझिला एवं हेसल घुघरी में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पेयजल और बिजली की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने भी अपनी भागीदारी की।

बैठक में पेयजल और बिजली के आपूर्ति में देरी, उन्हें संशोधित करने के लिए कई कदमों की जरूरत को उठाया गया। डॉ परमेश्वर ने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए और संभावित उपायों पर विचार किया।

बैठक के अंत में सभी उपस्थित ने एक साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने के लिए एक संयुक्त प्रयास करने का आश्वासन दिया। हेसल घुघरी के लोगों ने ये भी बताया की हमारे गांव का बिजली का तार पिछले दिन चोरी हो गई जिससे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और नया ट्रांसफर्मर की मांग पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया।

डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को भरोसा दिलाया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया जाएगा। मौके पर दोनो गांव के बुद्धिजीवी वर्ग और कर्मठ समाजसेवी उपस्थित हुए।

## युवा कांग्रेस ने किया जनसभा का आयोजन

प्रातः आवाज



मांडर। युवा कांग्रेस के द्वारा मंगलवार को मांडर विधानसभा के मांडर बाजार टाड़ स्थित भट्टी मोहल्ला में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में युवा कांग्रेस द्वारा एक जनसभा आयोजित की गई, जिसमें तमाम ग्रामीणों ने हिस्सा लिया, सभा में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने न्याय गारंटी योजना के बारे में विस्तार से जनता को बताया।

जनसभा में उपस्थित जनता ने अपनी समस्याओं से भी युवा कांग्रेस के नेताओं को रूबरू कराया और 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सुखदेव भगत के पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त चानो प्रखंड के चोरिया पंचायत में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं की बैठक ले कर उनसे आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करी।

इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, युवा कांग्रेस लोकसभा प्रभारी कमल दीप सिंह बिष्ट, युवा कांग्रेस रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष रिशु कुजूर, युवा कांग्रेस रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, युवा मांडर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष तेजामूल अंसारी, युवा कांग्रेस नेता अमित खालको, हासिब अंसारी, अनामुल अंसारी, चानो प्रखण्ड के अध्यक्ष तौकीर खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जेएसएलपीएस की महिलाएं रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक



सोनाहातु/राहे (प्रातः आवाज)। जेएसएलपीएस की दीदियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से बुधवार को सोनाहातू प्रखंड परिसर में स्वीप के तहत मतददाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही प्रखंड परिसर से रैली भी निकाली गई। आमजनों के बीच लोकसभा चुनाव के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन के तहत लोगों को नैतिक मतदान और ईवीएम, वीवीपैट के संबंध में जानकारी देकर मतदान करने को कहा गया। सोनाहातू में बीडीओ खगेश कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम सुनील, ललित, हीरालाल, धनन्जय, अजय, लखिन्द्र आदि मौजूद थे। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम शिव बहादुर, सरस्वती, सादिक अंसारी, संगीता कुमारी, शोभा, शालू, आशुतोष दास, हनीफ सहित समूह की दीदियां मौजूद थे।

## सोनाहातू में इंटर, साइंस और आर्ट्स का परिणाम शतप्रतिशत

प्रातः आवाज



सोनाहातू। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का परिणाम शपथ प्रतिशत रहा साइंस में 27 छात्राएं शामिल हुई थी। सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है विद्यालय के तरुलता कुमारी 86.40 प्रतिशत, रिया कुमारी 83.2प्रतिशत, अंजना कुमारी 82.6 प्रतिशत अंक लायी है। आर्ट्स संकाय में 47 छात्राएं शामिल हुई थी जिसमें 45 प्रथम श्रेणी और दो द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। अमृता कुमारी 85 प्रतिशत जोगेश्वरी कुमारी, 82.20 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी और ममता कुमारी 80.80 प्रतिशत अंक आयी है। विद्यालय की वार्डेन शशि बाड़ा और शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो एवं फुलमनी बाड़ा, शिक्षक बनमाली कुमार, राजाराम लोहरा, नरेश महतो, जयराम महतो, ज्ञान रंजन महतो, प्रदीप गोराई, संजीव कुमार, कृष्ण चंद्र महतो महतो ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। प्लस टू उच्च विद्यालय लान्दुपडीह में साइंस में 13, कॉमर्स में 3 और आर्ट्स में 106 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। साइंस संकाय से पूजा कुमारी 319,शिवानी कुमारी 309, तथा दीपिका कुमारी 302 अंक लायी है। कॉमर्स संकाय में राहुल कुमार 428,विवेक सेठ 403,तथा सूरज सेठ 351 अंक लाये है।

## झारखंड बालिका विद्यालय का आर्ट्स का बेहतर रहा परिणाम



राहे। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्राओं ने इंटर आर्ट्स के परिणाम को शतप्रतिशत किया है। विद्यालय से 44 छात्राओं ने परीक्षा लिखी थी जिसमें 39 प्रथम श्रेणी ओर 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। लखीमनी कुमारी 81.8 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 79.20 प्रतिशत,और रेखा कुमारी 79 प्रतीशत अंक लाकर विद्याल टॉपर बनी है। विद्यालय की वार्डेन परमेश्वरी कुमारी और शिक्षिका बिमला कुमारी शिक्षक अंबिका कुमारी, रमाकांत अहीर, प्रीतम कुमार, सविता कुमारी, रीमा कुमारी, दीपा कुमारी और नवीन महतो ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। प्लस टू हाई स्कूल राहे में साइंस 2 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें एक प्रथम श्रेणी और एक द्वितीय श्रेणी में हुआ है। आर्ट्स संकाय में 70 परीक्षार्थी शामिल हुई थी। जिसमें 48 प्रथम श्रेणी 21 द्वितीय श्रेणी और 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ है। आर्ट्स संकाय के नमिता कुमारी 79.8 प्रतिशत,सरिता कुमारी 79 प्रतिशत, और राकेश सिंह मुंडा 78.8 प्रतिशत अंक लाये है।

## समाचार सार

### पारस हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाई दूसरी वर्षगांठ



रांची (प्रातः आवाज)। एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल ने दो साल की उत्कृष्टता का जश्न मनाया। वर्षगांठ समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवल के साथ हुई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों का स्वागत किया गया। जर्नी ऑफ पारस शीर्षक से एक विशेष रूप से तैयार किये गये वीडियो में हॉस्पिटल के उल्लेखनीय विकास, मील के पत्थर और समुदाय पर इसके प्रभाव की एक झलक को दिखाया गया। हॉस्पिटल के मुख्य परिचालन अधिकारी, वित्त निदेशक और निदेशकों सहित अन्य लोगों ने पारस अस्पताल की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य के दृष्टिकोण को दशार्ते अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल में समर्पण और कड़ी मेहनत करने वाले सभी डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों को असाधारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए मोमेंटो वितरित किए गए। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल निदेशक डॉ नितेश कुमार ने बताया कि पारस हॉस्पिटल ने सफलता के दो साल पूरे कर लिए है। इन दो सालों में हॉस्पिटल ने सैकड़ों मरीजों का इलाज कर उनको मुस्कान दी है। यहां कई अनुभवी डॉक्टरों और कर्मियों की टीम है, जो मरीजों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वर्षगांठ समारोह के अवसर पर कई वरिष्ठ डॉक्टर, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### साईं मंदिर का 9वीं वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मना



बुढ़मू (प्रातः आवाज)। मंगलवार को साईं मंदिर का 9वीं वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे की काकड़ आरती से की गई तदोपरांत रुद्राभिषेक, हवन व महाआरती का आयोजन किया गया। दोपहर में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित अजय मिश्रा व आचार्य पंडित विनोद पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। वहीं यजमान के रूप में दर्शा शिवम शामिल हुए। मौके पर मंदिर के सचिव शिव कुमार तिवारी, पत्रकार मधुकर आनंद, जयकुमार पांडेय, गोपाल तिवारी, वैद्यनाथ ठाकुर, आदित्य कुशवाहा, सुरेश ठाकुर, निर्मल जयसवाल, बंशी जयसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### मिट्टी में दबने से मजदूर की मौत

रातू (प्रातः आवाज)। थाना क्षेत्र के रिंग रोड जागृति नगर तिलता के पास पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाइन में रिपेयरिंग का काम कर रहे मजदूर की मिट्टी धसने से दब कर मौत हो गई। मजदूर की पहचान बरहे बिजूपाड़ा निवासी बबलू उरांव उम्र 28 वर्ष पिता हेम्बा उरांव के रुप में की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची में पेयजल आपूर्ति करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचडी विभाग द्वारा जिंदल कंपनी को दिया गया है। जागृति नगर तिलता के पास पाइप लाइन मरम्मती का काम कंपनी के सुपरवाइजर जीतेंद्र सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मंगलवार को आठ मजदूरों से साइड पर काम कराया जा रहा था। पाइप के नीचे जमा पानी को मोटर लगाकर पानी निकाल कर पाइप के नीचे ढलाई का काम किया जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे काम कर रहे मजदूर के उपर मिट्टी धंसकर गिर गया। जिससे वह मिट्टी के नीचे दब गया। युवक मजदुर के दबने से काम कर रहे मजदूरो के बीच अफरा तफरी मच गई। काफी प्रयास के बाद उसे मिट्टी हटाकर बाहर निकाला गया उसके बाद तुरंत उसे ईलाज के रिंची अस्पताल कटहल मोड़ ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटना के बाद परिजनो ने कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर परिजन को नौकरी व दस लाख नगद मुआवजा की मांग किया है। घटना के बाद से सुपरवाइजर का फोन बंद आ रहा है। जिससे परिजनो में काफी आक्रोश है।

### लापुंग प्रखंड के 65 बूथों पर 260 वॉलेंटियर के रूप में छात्र-छात्राओं की तैनाती होगी



लापुंग (प्रातः आवाज)। लापुंग प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सहयोग के लिए 260 छात्र–छात्राओं को वोलेंटियर के रूप में तैनात किया जाएगा। छात्र–छात्राओं को मिली नई जिम्मेवारी से उनमें उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। मंगलवार को लापुंग प्रखंड मुख्यालय सभागार में वोलेंटियर के रुप में तैनात होने वाले हाई स्कूल एवं मध्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं को लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया और अपनी कर्त्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रशिक्षक लाल मिथिलेश कुमार सिंह, संकुल साधन सेवी मंटु कुमार साहु तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र–छात्राओं को वोलेंटियर के रूप में काम करने के तरीकों को बारीकी से समझाया। बीडीओ उषा मिंज ने बताया कि लापुंग प्रखंड के सभी 65 बूथों में चार चार स्वयं सेवक तैनात होंगे। सभी स्वयं सेवक अंडर 17 वर्ष वाले हैं। सभी बूथों के बीएलओ एवं प्रखंड तथा अंचल के कर्मी वोलेंटियर को मतदान के दिन उनका मार्गदर्शन करेंगे। एक टीम वर्क की तरह स्वयं सेवक या वोलेंटियर संबंधित बूथों पर बीएलओ एवं चुनाव कर्मियों के साथ सहयोग करेंगे। प्रोजेक्टर के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया की सारी जानकारी वोलेंटियर को दी गई। वोलेंटियर से कहा गया है मतदान केंद्र में मतदान के दिन दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को वोट दिलाने में सहयोग करना ही उनका मुख्य कार्य होगा। इस मौके पर वैष्णवी कुमारी, प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, अर्पणा खलखो, सुसारी लकड़ा, सुमिरन कुमारी, अनिमा कुमारी, खुशबू मुंडा, आशीष कुमार चिक बडाईक, शंकर मुंडा, मोनिका कुमारी, आयुष उरांव, भूषण कुजूर, मोनू कुजूर, अंजनी कुमारी, विपुल महली, रोशन कोंगाडी, मतियस बरला, एमलेन बारला, अंजनी कुमारी, सबन बारला, खुश्बू कुमारी सहित अन्य वोलेंटियर मौके पर मौजूद थे।

## समाचार सार

### ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वालों से छह दिनों में 1142 का कटा चालान

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह दिनों में कुल 1142 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 131, 133,150, 241,241 और 246 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने मंगलवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि–सम्मत कार्रवाई करते हुये चालान काटा जा रहा है।

### पत्नी के हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने मंगलवार को प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के दोषी पति ललित सिंह पूर्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में कोर्ट ने 26 अप्रैल को आरोपित को दोषी करार दिया था। हत्या की यह वारदात गोंदा थाना क्षेत्र में सात मार्च, 2019 को हुई थी। आरोपित पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर पति–पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। सात मार्च, 2019 को दोनों पति–पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इसकी सूचना पर मृतक के बेटे ने गोंदा थाना में प्राथमिकी कराई थी। गिरफ्तारी के बाद से आरोपित जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किए जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किए गए थे।

### दोस्त की हत्या के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा

**रांची।** जुवेनाइल कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या करने के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 10 गवाह जबकि बचाव पक्ष ने दो गवाह पेश किए थे। एक जनवरी, 2021 को नए साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से आशीष टोप्पो और सुमेश लकड़ा लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर कर दी थी। दो जनवरी को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मृतक सोनू टोप्पो को अंतिम बार आरोपितों के साथ देखा गया था। इसे देखते हुए लालपुर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### महावीर प्रसाद रूंगटा सहित दो आरोपितों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लांड्रिंग के आरोपित महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इससे पहले सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 12 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। इन दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपए की चल–अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

### उपायुक्त कोर्ट की सुनवाई का समय तीन मई से बदलेगा

**रांची।** रांची के उपायुक्त कोर्ट में होने वाली सुनवाई के समय में कुछ दिनों के लिए बदलाव किया गया है। आगामी तीन मई से 15 मई तक उपायुक्त कोर्ट में सुबह 10 बजे से ही सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर यह बदलाव किया गया है । कोर्ट के समय में बदलाव की जानकारी रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को मंगलवार को पत्र लिखकर दी गई है । उल्लेखनीय है कि रांची उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा सुबह 11 बजे से लोकसभा चुनाव के कार्यों में व्यस्त हैं। इसकी वजह से उपायुक्त कोर्ट में सुनवाई का समय बदल दिया गया है ।

### हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को ठेकेदार शक्ति सिंह हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 26 दिसंबर 2015 को शक्ति की हत्या गोली मारकर की गई थी। इस हत्याकांड को हरमू बिजली ऑफिस के पास अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने संदीप थापा पर हत्या की साजिश होटवार जेल में रचने का आरोप लगाया था। शक्ति सिंह कुख्यात संदीप थापा के लिए काम करता था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से संदीप थापा पर लगे आरोप को साबित नहीं कर सकी । इसका लाभ आरोपितों को मिला। इसके बाद अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित को बरी कर दिया गया।

### केंद्रीय गृह मंत्री के फेक वीडियो मामले में भाजपा ने झारखंड के अरगोड़ा थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को



अरगोड़ा थाने में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फेक वीडियो वायरल करने के आरोपित शैलेंद्र हाजरा एवं रूपेश रजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई। मौके पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि देश के गृह मंत्री के वायरल फेक वीडियो को भी थाने में दिया गया है। यह वीडियो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता का मामला है, बल्कि यह वीडियो देश में आशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। आरक्षण जैसे मुद्दे पर अमित शाह ने कभी नहीं कहा कि इसको खत्म कर देंगे। यह वीडियो न सिर्फ अमित शाह की व्यक्तिगत मानहानि है, बल्कि देश के सामने गलत तथ्य रखने का प्रयास भी है। संजय महतो ने कहा कि इससे न सिर्फ अमित शाह की छवि धूमिल हुई है, बल्कि पार्टी की छवि पर भी धब्बा लगा है। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, संजय महतो, रोमित नारायण सिंह और पवन पासवान शामिल थे।

### मनोज केसरी हत्याकांड का मुख्य आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने मंगलवार को 26 साल पुराने मनोज केसरी चर्चित हत्याकांड का मुख्य आरोपित सुरेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने अदालत में पक्ष रखा था। सुरेश सिंह लंबे समय से हत्या के आरोप में जेल में बंद है । सुरेश सिंह पर वर्चस्व की लड़ाई को लेकर मुकेश केसरी की हत्या साल 1998 में करने का आरोप है। लाश का पैर–हाथ–सिर काटकर बोड़े में भर कर ठिकाने लगाने के दौरान लोअर बाजार पुलिस ने मेन रोड स्थित उर्दू लाइब्रेरी के सामने उसे पकड़ा था। तलाशी के दौरान बोड़े से मनोज केसरी की शव बरामद हुआ था। मामले में बहुत दिनों तक आरोपित सुरेश सिंह फरार रहा। उसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था ।

### ईडी के अधिकारी ने आवाज बंद रखने की दी थी नसीहत : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में एक साल से अधिक समय से ईडी की कार्रवाई चल रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। इसके बाद 31 जनवरी से जेल में बंद हैं, तो वहीं झामुमो के नेता अंतु तिर्की को भी पूर्व मुख्यमंत्री से जुड़े जमीन मामले में ईडी ने गिरफ़्तार किया और रिमांड पर लेकर हुई पूछताछ में कई चौंकनेवाले नाम सामने आये हैं। इसमें सबसे पहला नाम पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का आ रहा है। इस पर सुप्रियो ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ही इशारा किया था कि अब मैं टारगेट में हूं। मुझे कुछ दिन पहले ही ईडी के एक अधिकारी ने अपनी आवाज बंद रखने का निर्देश दिया था। मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं और कई विषयों को लेकर कॉल आते हैं। बहुत होगा तो क्या होगा अपने नेता का साथ निभाने के लिए होटवार जेल में जाना होगा। अच्छा रहेगा, बिना होटवार गये आवाज शांत नहीं होगी। जेल जाने के बाद भी हमारी आवाज बंद नहीं होगी। जेल में रह कर प्रेस विज्ञप्ति लिखूंगा और जेल अधीक्षक की मुहर लगवा कर भेजता रहूंगा। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले ही हमें ईडी बुलायेगी और मैं पूरी तैयारी से जाऊंगा, अपना लगेज तक लेकर जाऊंगा। मैं अपना जमीर नहीं बेच सकता हूं। अपने लोगों को कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिए बदनाम नहीं कर सकता हूं। हमें जितना परेशान करना है कर सकते हैं। हम परेशान होने वाले नहीं हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मौके पर विधायक विकास मुंडा उपस्थित थे।

# रांची संसदीय क्षेत्र से दो दिनों में 20 उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन पत्र



प्रातः आवाज

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदे हैं। अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन मंगलवार को 12 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे।

इनमें निर्दलीय से कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय से अरशद अयूब, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, अबुआ झारखण्ड पार्टी से बीरेन्द्र नाथ मांझी, निर्दलीय से देवेन्द्र नाथ महतो, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो और बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव ने नामांकन पत्र खरीदे। पहले दिन सोमवार को आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे थे।

#### एक उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार रामहरि गोप ने समाहरणालय ब्लॉक–ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक रांची संसदीय क्षेत्र से दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे पहले एसयूसीआई के उम्मीदवार मिंटू पासवान ने नामांकन किया था।

## भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ दो मई को करेंगे नामांकन

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और रांची सांसद संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। नामांकन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित सांसद, विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

नामांकन के पूर्व एक जनसभा आयोजित की गई है, जिसमें छह विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके बाद



**उत्तराखंड के सीएम सहित अन्य नेता रहेंगे मौजूद**

मोरहाबादी मैदान से गाजे-बाजे के साथ उपायुक्त कार्यालय नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी संजय पोद्दार ने मंगलवार को दी।

## रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में हर्ष राज खलखो ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

प्रातः आवाज

**रांची।** हर्ष राज खलखो ने रोलर स्केटिंग महासंघ की ओर से अमृतसर में आयोजित 5वीं रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-2024 में राज्य को गोल्ड मेडल दिलाया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों तथा केन्द्र-शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। हर्ष राज खलखो झारखंड राज्य के उस स्कैटर में से हैं, जिन्होंने पांच से सात वर्ष के आयु समूह में बेहतर प्रदर्शन किया। पांच सौ मीटर में रजत पदक के अलावा अपने दूसरे इवेंट 200 मी. में स्वर्ण पदक जीत कर



झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, सचिव सुमित शर्मा, संरक्षक अजित खेस और अभिषेक सिंह राठौर एवं रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हर्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सीआईडी ने एनआरआई महिला से 43 लाख ठगने वाले साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) की साईबर क्राइम थाना पुलिस ने एनआरआई महिला से 43 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, एक पेन कार्ड, दो एटीएम बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को बताया कि सीआईडी की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए गिरिडीह जिला के रहने वाला राहुल को बोकारो से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनआरआई महिला के जरिये अपने डीमेट अकाउंट से संबंधित सहायता के लिए आईसीआईसीआई कॉल सेंटर के नंबर पर कॉल किया। जब कॉल नहीं लगा, तो उनके द्वारा टोल में 91 जोड़कर 8601231122 नंबर पर कॉल किया गया। इसके बाद साइबर अपराधियों के जरिये अलग–अलग फर्जी नंबर से इनको फोन किया गया और सहायता के नाम पर महिला द्वारा रिमोट कनेक्शन एप्लिकेशन एनी डेस्क इंस्टॉल करवा कर फोन का एक्सेस ले लिया गया। इसके साथ ही एक कस्टमर सर्विस का एप्लिकेशन इंस्टॉल करवाकर कुल 43 लाख रुपये की ठगी कर ली गई।

## एनआईए डीजी ने झारखंड डीजीपी से की मुलाकात



प्रातः आवाज

**रांची।** एनआईए के डीजी सदानन्द दाते ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड में आतंकवाद और नक्सलवाद सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राज्य में आंतकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, एनआईए के आईजी आशीष बत्रा, एनआईए डीआईजी ज्योति प्रिया, एनआईए एसपी प्रशान्त आनन्द, मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतुल शाहदेव मुख्यमंत्री से पूछा, झामुमो का जमीन दलालों के साथ रिश्ता क्या कहलाता है?

प्रातः आवाज

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो का हाथ जमीन दलालों के साथ है। उन्होंने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से जानना चाहा कि उनकी सरकार, झामुमो पार्टी, जमीन दलाल एवं ट्रांसफर-पोस्टिंग के रैकेट में लगे लोगों के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है?

प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की, सद्दाम हुसैन और अफसर अली समेत तमाम लोगों ने हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात तैयार किए थे। साथ ही इन अभियुक्तों ने यह भी



स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर-पोस्टिंग और जमीन के फजीर्वाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।

प्रतुल ने कहा कि जमीन घोटाला अरबों रुपये का हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो के महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरखधंधे में लिप्त था, वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूंटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था। दलालों को यह भी पता था कि फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई है। प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गईं और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवं गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है? प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कराता था। उन्होंने कहा कि झामुमो को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा की तर्ज पर एक 'ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा' भी खोल लेना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि जमीन के गोरखधंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी। उन्होंने कहा कि सुप्रिया भट्टाचार्य ने गलतबयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव था जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपये बरामद गए थे।

## झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित हुए पद्मश्री अशोक भगत

प्रातः आवाज

**रांची।** रांची क्लब में झारखंड रत्न सम्मान समारोह-2024 का आयोजन हुआ। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अभिनेत्री काम्या पंजाबी थीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सौरभ तिवारी मौजूद थे। कार्यक्रम में पद्मश्री अशोक भगत को अभिनेत्री काव्या पंजाबी और पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने झारखंड



रत्न सम्मान से अलंकृत किया. उन्होंने लोगों को समाज में योगदान के लिए सराहा। कार्यक्रम में अभिनेत्री काम्या पंजाबी, पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी, पद्मश्री अशोक भगत सहित कई समाजसेवियों को झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

## एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को दबोचा, हथियार बरामद

प्रातः आवाज

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट और राजा अंसारी शामिल हैं। इनके पास से आठ चक्र का एक रिवाल्वर, अलग-अलग तरह की 51 गोलियां बरामद की गयी हैं।

एसपी ऋषव झा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के बदमाश राजा अंसारी एवं मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट रामगढ़ के पतरातू आया हुए हैं। इस सूचना पर एटीएस ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। मनिन्दर कुमार के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया।

एसपी ने बताया कि मनिन्दर कुमार से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आयी है कि वह गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के जरिये अपराध में प्रयुक्त होने वाले हथियार एवं कारतूसों को जमा करता था। जेल में बंद बदमाश चंदन साव और अमन साहू के निदेर्शानुसार वह चिह्नित अपराधियों को हथियार मुहैया कराता था। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी इसे हथियार वापस कर देते थे।

एसपी ने बताया कि राजा अंसारी अमन साहू गिरोह का कुख्यात अपराधी है, जो विगत दिनों में अमन साहू गिरोह के फायरिंग संबंधी कई घटनाओं में संलिप्त रहा है। ये पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं में जेल जा चुका है। राजा अंसारी के खिलाफ पूर्व से आठ मामले दर्ज हैं।

## झारखंड हाई कोर्ट में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की आंशिक सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का





नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है। इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नॉन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था, जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपये हुआ करता था। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपये जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गए पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था।

### झारखंड हाई कोर्ट ने खरकई डैम प्रोजेक्ट मामले में मुख्य सचिव से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है? कोर्ट ने कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या काम बंद रहेगा? यदि वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकाई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।

## भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित कई नेता हुए कांग्रेस में शामिल



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से चलाये जा रहे 'आ अब लौट चले' के तहत भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित कई नेताओं ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा जिला परिषद के पूर्व सदस्य संजय सिंह और भाजपा के मंडल महामंत्री सहित कई नेता कांग्रेस में शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर सभी का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के प्रति जिस प्रकार युवाओं का रूक्षान बढ़ा है यह उसी का परिणाम है कि युवाओं को कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री के झूठ और प्रपंच से लोग अब उब चुके है और कांग्रेस की और अपना रूख कर रहे है हम तमाम लोगों का हम कांग्रेस परिवार में स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। ऐसे समय में पुराने साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी और राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित होगी।

# ग्रामीणों ने लगाया रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर

## प्रशासन ने वोट करने का किया अपील

प्रातः आवाज




**उंटारी रोड (पलामू)।** सड़कें विकास का पहिया होती है और जहां सड़क ही नहीं हो वहां विकास की क्या उम्मीद कर सकते हैं, रोड की जर्जर हालात को देखते हुए प्रखंड उंटारी रोड अंतर्गत करकटा गांव के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लगा कर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी, इसकी जानकारी जैसे ही प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू को मिली उन्होंने सोमवार शाम को करकटा पहुंच कर ग्रामीणों से मिली और ग्रामीणों को समझा बुझा कर पोस्टर हटवाया, पोस्टर हटाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में हमारी मांगों को नहीं माना गया तो पुनः हमलोग पूर्ण रूप से वोट का बहिष्कार करेंगें। इस सम्बंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार करने की जानकारी मिलने के बाद मैं यहां आयी, गांव में रोड की स्थिति दयनीय है इसलिए ग्रामीणों का गुस्सा जायज है परंतु जो भी प्रॉब्लम है प्रतिनिधियों से है। प्रशासन ने कहा इनकी मागों को सुना जाएगा और ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी। वहीं फिलहाल ग्रामीणों को समझा कर वोटिंग के लिए राजी किया गया है। ग्रामीण वोट का बहिष्कार नहीं करेंगे। मौके पर उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और ग्रामीण मौजूद थे।



मंगलवार को करकटा के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बैठक कर निर्वाचन पदाधिकारी को अवेदन लिखा जिसमें गांव में सड़क और स्वास्थ केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति की मांग का वर्णन किया गया है। मौके पर राम परीखा मेहता, शतेश्वर मेहता, कोरील कुमार मेहता, कुंदन किशोर मेहता, सुरेंद्र मेहता, शंकर मेहता, मुकेश मेहता, रविन्द्र मेहता, सुधीर मेहता, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पलामू की बेटी ममता भुइंया की विजय निश्चित : झामुमो नेता



प्रातः आवाज

**पलामू।** पाटन के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, उमा सिंह, कामेश पाण्डेय, सचिव दीपक कुमार संयुक्त सचिव ने सगुना में प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि अबकी बार पलामू लोकसभा चुनाव से घर की बेटी राजद प्रत्याशी ममता भुईयां भारी बहुमत के साथ विजई हो रही है। पाटन की जनता अबकी बार इंडिया गठबंधन के साथ है। जो जनता भली भांति जानती है कि पूर्व में पाटन क्षेत्र का विकास सांसद के द्वारा हुआ है उसे विकास से लोग अच्छी तरह से परिचित है। 28 तारीख को किशुनपुर में हो रहे भाजपा के चुनावी जनसभा में 200 लोगों की भी उपस्थित नहीं हो पाई जबकि प्रखंड स्तर की कार्यक्रम थी। जो कार्यक्रम में हर बुथ से लोगों को पहुंचना था, जो लोग नहीं पहुंच पाए। किशुनपुर की बात की जाए तो किशुनपुर आदर्श ग्राम है जहां आज भी लोग पानी के बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। सांसद महोदय के द्वारा लगाया हुआ पानी का आरो आज भी कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। पलामू संसदीय क्षेत्र अगर पाटन की बात की जाए तो पाटन में विकास के नाम पर सिर्फ जुमला बाजी है। पाटन में बेरोजगारी चरम सीमा पर है पाटन में शिक्षण संस्थान डिग्री कॉलेज एवं कोई ऐसे उद्योग नहीं है, जो कि यहां की युवाओं को बेरोजगारी को दूर किया जा सके। केंद्र की सरकार आरक्षण विरोधी है। इस वजह से अबकी बार आरक्षण विरोधी सरकार को बदलना है और भारी मतों से इंडिया गठबंधन के साथ होकर पलामू संसदीय क्षेत्र में ममता भुईयां को विजय बनाना है।

## समाचार सार

### बच्चों ने रिजल्ट लिया, ठंडा पीया और फिर हो गयी छुट्टी



**मेदिनीनगर (प्रातः आवाज)।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के कक्षा-छह व सात के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित करते हुए उन्हें रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर बच्चों ने भोजन के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, प्रधान सहायक रामलखन राम, जनसेवक अजित कुमार, शिक्षक अमरेन्द्र पाठक व शिक्षक अशोक सिंह के साथ ठंडा का आनंद लिया। इसके बाद भीषण गर्मी के मद्देनजर विभागीय आदेश के आलोक में अगले आदेश तक के लिए बच्चों को छुट्टी दे दी गयी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने उन्हें छुट्टी में पढ़ाई जारी रखने, गर्मी से बचने, साफ पानी पीने व ताजा भोजन करने की हिदायत दी। इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में निदेशित कार्यों का निष्पादन करेंगे।

### विवि की लिफ्ट में एक घंटे तक फंसी रही महिला कॉलेज की प्राचार्या



**पलामू (प्रातः आवाज)।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की बैठक में शामिल होकर लौट रही योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मोहिनी गुप्ता विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंस कर रह गई। लगभग एक घंटे तक विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंसे रहने के उपरांत उन्हें किसी तरह बाहर निकाला गया। ऐसी स्थिति में वहां उपस्थित विश्वविद्यालय कर्मचारी व पदाधिकारी मुकदर्शक बने रहे। अखिल विद्यार्थी परिषद के पलामू जिला संयोजक सुमित पाठक ने इस मामले पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि क्या विश्वविद्यालय के पास त्वरित कार्रवाई हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण इस भीषण गर्मी में प्राचार्या को एक घंटे तक लिफ्ट में जद्दोजहद करनी पड़ी। इस मामले से साबित होता है कि विश्वविद्यालय सुरक्षा मानकों को पूरा करने में खरा नहीं उतर पा रहा है। बड़ा हादसा होने पर क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है। इस विषय पर जब परिषद कार्यकताओं ने सीसीडीसी डॉ एके पाण्डेय से बात की तो उन्होंने भी गोलमोल जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय को हमेशा वैकल्पिक व्यवस्था रखनी चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व छात्र छात्राओं को इस प्रकार की परेशानी होने पर कम समय में उनकी मदद की जा सके।

### पलामू के बेटे को राज्य स्तर पर इंटर साइंस में चौथा स्थान, जिला टॉपर बना



**पलामू (प्रातः आवाज)।** कहते हैं सफलता हमेशा मेहनत करने वालों को ही मिलती है। इसका बड़ा उदाहरण है पलामू जिले का एक मेधावी छात्र। इण्टर के परीक्षा परिणाम में पलामू जिले के बीएस इंटर कॉलेज, पाटन के विज्ञान संकाय का मेधावी छात्र अमित कुमार मेहता ने 477 अंक लाकर राज्य में चौथा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के निवासी सतेंद्र मेहता का 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार मेहता ने इंटर की परीक्षा में जिला टॉप किया है। बातचीत के दौरान अमित ने कहा कि उसके पिता किसान हैं और मां नीलम देवी गृहणि हैं। वह घर से दूर एक रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करता था। उसे यह सफलता काफी मेहनत से मिली है। इसमें कॉलेज के शिक्षकों और परिजनों का भरपूर सपोर्ट मिला है। अमित ने कहा कि वह कॉलेज और घर मिलाकर 14 घंटे पढ़ाई करता था। कॉलेज में मिले हर होमवर्क को पूरा करता था। किसी भी विषय में कंसिस्टेंसी से पढ़ाई करता था। किसी भी टॉपिक में कन्फ्यूजन होने पर शिक्षक का पूरा सपोर्ट मिलता था, जिस कारण सफलता मिली। उसने कहा कि पिता भले ही किसान हैं लेकिन पढ़ाई से जुड़े कभी किसी चीज की कमी नहीं होने दी। भविष्य में यूपीएससी क्रैक कर आईएएस अधिकारी बनना चाहता है। आज के समय में करप्शन बहुत बढ़ गया है, जिसे खत्म करने के लिए उच्च स्तर का अधिकारी बनना जरूरी है।

### निलेन्दु कुमार ने सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का किया पदभार ग्रहण



**रांची (प्रातः आवाज)।** सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) से चयनोपरांत कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशों के आलोक में श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने आज दिनांक 30.04.2024 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। श्री सिंह के पास मेगा ओपन कास्ट खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं के संचालन, साइडिंग शुरू करने, नई खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचईएमएम के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने खनन तकनीकों में अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्होंने 1997 में ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा किया है। उन्हें खेल और पेंटिंग में गहरी रुचि है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल का प्रतिनिधित्व किया है। कोयला उद्योग में श्री सिंह के तीन दशकों से अधिक के अनुभव से टीम सीसीएल को लाभ मिलेगा।

# दहेज हत्यारोपी पति को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा

प्रातः आवाज




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच वर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक वर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच में बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। दिनांक 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिया तथा उसे लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिया। जहां फांसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट थी जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही मृतिका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की व्यवस्था करने व मृतिका की मां शहीदा बीबी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को दिया है। इस केस के एक मुदालय ससुर वली मोहम्मद मिया को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बिदित हो कि पुलिस के द्वारा मृतिका के सास पारो बीबी, गोतनी असमीना बीबी व भसुर कासिम मिया को अनुसंधान में नाम हटा दिया गया था।

## बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से मतदान करने के लिए किया जागरूक

प्रातः आवाज




**मेदिनीनगर।** लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों को एक प्रक्रिया के माध्यम से मतदान के विषय में बताया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस गतिविधि के द्वारा बच्चों को भी यह मैसेज दिया गया कि वह घर जाकर अपने माता-पिता और बड़ों को बोले कि आपको जरूर वोट देना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य रेणु गोयल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा चुनाव संपन्न करवाकर बच्चों को खेल-खेल में चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई है। इस जानकारी में उन्होंने यह भी बताया कि वोट हर व्यक्ति को जरूर देना चाहिए। एक मत से हम अपने अच्छे और बुरे नेता का चुनाव कर सकते हैं और अपने राष्ट्र को सही हाथों में सौंप सकते हैं। इसी विषय में स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने बच्चों को कहा कि हम सभी को जागरूक होना आवश्यक है और वोट देना हमारा मानवाधिकार है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे स्कूल की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने ममता भुइंया से की मुलाकात



**पलामू।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल(यंग ब्रिगेड) के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने पलामू लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइंया से किया मुलाकात और उन्हें विश्वास दिलाया कि पलामू लोकसभा में सेवादल की टीम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर इस लोकसभा में काम करेगी। पलामू लोकसभा में सेवादल की टीम कांग्रेस विचारधारा के जरिए जनता तक जाएगी और इंडिया गठबंधन के लिए वोट मांगने का काम करेगी। इस मौके पर राहिल राज जी, कमलकांत यादव जी, संजय बर्मन, ईश्वरी, नसीम अंसारी, मोहम्मद, जुनैद ,शंभू पासवान, अनुज, अरुण कुमार, तुलसी पासवान, नसीम अंसारी सुदर्शन उरांव, अमन कुमार, पप्पू कुमार, पप्पू कुमार मौजूद थे।

## पूरनचंद के पद चिन्हों पर चलकर संसद भवन पहुंचुंगा : गणेश रवि



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर ईवीएम मशीन के नौ नंबर केतली छाप पर बटन दबाने की अपील की। चैनपुर प्रखंड के अवसाने, मढ़ी चांदो सोकरा, दोकरा, कुरकुट में मतदाताओं से मिलकर उन्होंने कहा कि वह पुरनचंद के पद चिन्हों पर चलकर संसद भवन पहुंचेंगे। आज पूंजीपतियों के बल पर पलामू में बाहरी लोग सांसद बनने के लिए आए हैं। बाहरी लोग 5 जून के बाद नजर नहीं आयेंगे। मैं लोगों के बीच आज हूं और कल भी रहूंगा। श्री रवि ने कहा कि केंद्र सरकार कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है। कंपनियों को मौका दिया जाए तो सोकरा माइंस जैसे दर्जनो माइंस फैक्ट्री पलामू में खोला जा सकता है। और लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए लोकसभा में आवाज उठाने वाला सांसद चुने। श्री रवि ने कहा कि जब बेटा सक्षम हो गया है तो बेटी दामाद को विदाई की जरूरत है।

## अपार मतों से होगी केएन त्रिपाठी की जीत : अनंत सिंह



प्रातः आवाज

**पलामू।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं इंडिया गठबंधन के छात्र प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के नॉमिनेशन के अवसर पर झारखंड सेवादल के झारखंड प्रदेश महासचिव अनंत कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने भाग लिया और यह दावा किया कि रिकार्ड मतों से चतरा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी की जीत होगी। कृष्णानंद त्रिपाठी एक सुलझे हुए अनुभवी नेता है और इस बार चतरा लोकसभा की जनता ने मन बना लिया है कि के एन त्रिपाठी को पार्टी जीतना है। इंडिया गठबंधन के सभी दल चाहे वह कांग्रेस हो राजद, सपा हो मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अन्य दलों ने एक साझा कार्यक्रम तय कर प्रत्याशी के ऐन त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन दल के सभी पार्टी एकजुट होकर चल शराब विधानसभा के प्रत्याशी कृष्ण त्रिपाठी के विजय दिलाने के लिए जोर-जोर से लगे हुए हैं। जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इंडिया गठबंधन के नेता जहां भी जा रहे हैं। जनता ने के ऐन त्रिपाठी के पक्ष में वोट देने का विश्वास दिलाया है।

# आधी आबादी पूरा वोट, एनडीए सरकार चार सौ पार : लवली गुप्ता

प्रातः आवाज



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है। अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती, वह अपना वोट बेचती भी नहीं हैं। 2019 में महिलाओं ने 46% अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है। महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना यह सारी योजनाएं महिलाओं के हित में है। अगर आवास योजना की बात किया जाए तो 70% आवास योजना महिलाओं के नाम पर है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से दस करोड महिलाओं को फ्री में सिलेंडर मिला है। दस करोड़ से ज्यादा महिलाओं को स्वच्छता अभियान के माध्यम से शौचालय मिला है। जनधन खाता के माध्यम से पचास करोड़ से अधिक महिलाओं के नाम से खाते खुले हैं। दस वर्षों में महिलाओं की स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड़ और लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था। दस करोड़ से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। जहां विपक्ष नारी शक्ति को खत्म करना चाहती है वहीं मोदी जी का नारा है नारी तू नारायणी। आज महिलाओं का मोदी जी के प्रति विश्वास बढ़ा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का जो नारा है- अबकी बार चार सौ पार, वह पूरा होने वाला है।

# वीडी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीताना है : सतीश कुमार

प्रातः आवाज



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा व चतरा लोकसभा में एन डी ए प्रत्याशी की जीत के लिए मंगलवार को आजसू पार्टी के लोक सभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में नेतृत्वकारी साथियों की बैठक की गयी। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी प्रखंड प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष सभी पंचायत समिति ग्राम समिति व चुल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जन उपयोगी योजना को बताना है। इन्डिया गठबन्धन के झुठ फरेब लुट भ्रष्टाचार को जनता को अवगत कराने है।

केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि हम झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी अन्तराल से जीत दर्ज कराने की तैयारी है।

बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि इन्डिया गठबन्धन में आपस मे ही एकजुटता नही है। हमारी गठबन्धन को इसका भरपूर फायदा मिलने जा रहा है।

बिजय मेहता केन्द्रीय सचिव ने कहा कि हमारी गठबन्धन को फुल और फल पर जनता का भरपूर साथ देगी भाजपा भारी मतों से जीत हासिल करेगी।

बबलू गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा में गरीब मजदूर किसान छात्र नौजवान महिलाओं को व सभी वर्गों के लिए केन्द्र सरकार के योजनाओं को प्रचारित करने है।

तुलसी शुक्ला ने कहा कि लोक सभा के गढ़वा व पलामू के हर गांव में एनडीए का परचम लहरेगा।

केन्द्रीय सदस्य लौकेश सिंह ने हुसैनाबाद मोहम्मदगंज छतरपुर चैनपुर में दौरा कर जनता का एक मात्र पसंद बीडी राम को ही पसंद करते हैं। जीत बड़ी होगी।

हमारे गढ़वा जिला व पलामू जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्ष व सचिव व कमिटी सिमित संसाधन में लोग लग गए हैं।

### स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित, बोले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त

# वोट मतदाताओं का मौलिक अधिकार 13 मई को जरूर करें मतदान : वाघमारे

- कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागियों, पदाधिकारियों तथा कर्मियों को डीसी ने दिलायी मतदाता शपथ

प्रात: आवाज

**लोहरदगा।** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित एक आम मतदाताओं के बीच लोकतंत्र के इस महापर्व मतदान जैसे अपने मालिक अधिकार का उपयोग करने के दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में अंतर्गत मंगलवार को मतदाता जागरूकता को ले लोहरदगा जिला प्रशासन और प्रतिभा केंद्र लोहरदगा के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का विधिवत शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा फुटबॉल को


मतदान के लिए शपथ दिलाते उपायुक्त।


खेल का शुभारंभ करते डीसी।

किक मार कर किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही आम मतदाताओं से आगामी 13 मई 2024 को लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आप स्वयं और अपने परिवार में सभी पात्र मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। 13 मई को लोहरदगा जिला में मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों, पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। इस मौके पर उन्होंने जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास को लेकर सभी का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सीता पुष्पा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, स्वीप के डिस्ट्रिक्ट आइकॉन राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी अजिता कुमारी, रणजी क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी व प्रशिक्षक अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## अधिवक्ता संघ ने स्थानांतरित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को दी विदाई

### नये मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार गुप्ता का किया गया अभिवादन

प्रात: आवाज

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की ओर से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ चंदन कुमार को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार के द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही नए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अधिकारी अमित कुमार गुप्ता को पदभार ग्रहण करने पर बुके देकर सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव ने जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की ओर से स्वागत किया। मौके पर सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव ने कहा कि सेवा काल में हस्तांतरण एक सतत प्रक्रिया है, जो पूरी सेवा काल में चलता रहता है साथ किए गए कार्यों को हम याद करते हैं और उसे भविष्य मे अनुभव के रूप मे सहेज कर रखते हैं। वही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी



डॉ चंदन ने कहा गया कि मेरा यह लोहरदगा का कार्यकाल बहुत ही सुखद अनुभव देकर जा रहा है। मैंने लंबा समय यहां बिताया है सभी अधिवक्ता बहुत अच्छे रहे शांति प्रिय माहौल में हम लोगों ने काम किया यह एक अच्छा अनुभव रहा है। विदित हो कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ चंदन कुमार का हस्तांतरण रांची सीजेएम के पद पर हुआ हैं। इस कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार लाइब्रेरी सचिव विक्रम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य फूनी साहू, नरेंद्र मिंज, विनय कुमार, विपिन बिहारी दुबे के अलावे वरिष्ठ अधिवक्ता मुनेंद्र प्रसाद, जुगल किशोर सिंह, अनिल कुमार पांडे, प्रवीन भारती, सचिन कुमार, शशांक कुमार, सुमन भगत, नसीम अंसारी, नवल किशोर अग्रवाल, तरुण कुमार देवघरिया, हेमंत कुमार सिन्हा, सुरीला देवी, रखा साहू, अब्दुल रब, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

## लापता व्यक्ति का कुआं से मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना क्षेत्र अंतर्गत टंगरा टोली स्थित कुआं से एक लापता व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय खदी उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक गोबरसेला से आर्या टंगरा टोली सरहुल देखने 27 अप्रैल को आया हुआ था उसी दिन शाम से वह लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। वहीं सोमवार की देर शाम जब गांव के कुछ लोग टंगरा टोली कुआं में पानी भरने गए तो एक शव को तैरता हुआ देखा गया। जिसके बाद बगडू थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। वहीं मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। मंगलवार को लोहरदगा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## त्रिकोणीय मुकाबले में तीनों प्रत्याशियों के कार्यकर्ता कर रहे जीत का दावा



प्रात: आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है प्रखंड व गांवों की चौपालों पर चुनाव में जीत हार के आंकड़ों पर चर्चा शुरू हो गई है। इन सभी जगह एक ही सवाल है कौन होगा लोहरदगा का नया सांसद। राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी गांवों में अपने समर्थकों से जोरदार प्रचार प्रसार शुरू कर दिए की सभी दलों के कार्यकर्ता अपनी अपनी पार्टी की जीत का दावा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे है। हालांकि लोहरदगा सीट पर तीनों प्रमुख प्रत्याशियों भाजपा के समीर उरांव, निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है। चौराहों, चाय की दुकान, पान की दुकानों पर जुटे लोगों के बीच केवल चुनावी बाजी किसके हाथ लगेगी इस पर मंथन हो रहा है। इधर भाजपा के कार्यकर्ता समीर उरांव को भारी बहुमत के साथ जीत का दावा कर रहे हैं। तो वही निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा के कार्यकर्ता का कहना है कि लोहरदगा लोक सभा निर्वाचन में भाजपा के समीर उरांव व चमरा लिंडा के बीच मुकाबला है। कांग्रेस मुकाबले से बाहर है। वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का कहना है कांग्रेस लोहरदगा लोक सभा सीट निश्चित जीत रही है। सभी पार्टी के समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे करते दिख रहे हैं। लोहरदगा लोक सभा चुनाव 13 मई को होगी जबकि मतगणना 4 जून को, उसी दिन पता चलेगा की लोहरदगा लोक सभा की सीट किसके पाले में जायेगा।

## शत-प्रतिशत रहा ईमा इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम



प्रात: आवाज

**लोहरदगा।** ईमा इन्टर कालेज लोहरदगा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। कला में 125 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित हुए 43 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। टॉप 10 छात्र छात्राओं में मेघा कुजूर 436 (87.2 प्रतिशत), रश्मि मिंज 389 (77.8प्रतिशत), प्रिया टोप्पो 374 (74.8 प्रतिशत) सुनील भगत 374 (74.8 प्रतिशत), सना प्रवीण 365 (73 प्रतिशत), हेमन तिर्की 362 (72.4 प्रतिशत), दानिश राजा 354 (70.8 प्रतिशत) प्रियंका कुमारी 351 (70.2 प्रतिशत), सोनम कुमारी 347 (69.4 प्रतिशत), रानी कुमारी 335 (67 प्रतिशत) एवं रोशनी कुमारी 334 (66.8 प्रतिशत) प्राप्त की है।

### कस्तूरबा भंडरा का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**भंडरा।** जैक बोर्ड की ओर से जारी इंटरमीडिएट की परीक्षा फल में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा की छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल की वार्डन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार स्कूल से कूल 45 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई। जिसमें 42 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से तथा 3 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में पास हैं।

## जैक इंटर की परीक्षा में छात्र-छात्राओं का बेहतर रहा परिणाम

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा की छात्रा शिवानी कुमारी 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बनी

प्रात: आवाज

**सेन्हा (लोहरदगा)।** जैक द्वारा आयोजित इंटर तथा टेन प्लस टू उच्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर किया गया है। प्रखंड क्षेत्र के के दो नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेन्हा व पेशरार की छात्राओं ने अपना परचम लहराते हुए प्रखंड स्तरीय टॉप टेन में दबदबा बरकरार रखा है। विज्ञान संकाय में नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु के विज्ञान में छात्र सालीम अंसारी 83.67 प्रतिशत, नाजिया प्रवीण 79 प्रतिशत और प्रवेज अंसारी 70 प्रतिशतअंक लाकर प्रखंड टापर बने कुल 19 छात्र छात्राओं में प्रथम श्रेणी से 13 द्वितीय श्रेणी से 3 तथा 3 परीक्षार्थी असफल हुए। वही कला संकाय में कुरैशा खातून 82 प्रतिशत, अंशु उराँव 80.8 और रूपचन्द्र उराँव 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कला संकाय में कुल 202 छात्र छात्रओं में से 12 प्रथम श्रेणी 7ई द्वितीय श्रेणी से पास किये जबकि छात्र छात्र फेल हुए। तथा वाणिज्य में सिद्दीक अंसारी प्रथम, सुमित कुमार साहु द्वितीय और राजू मुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कुल 37 छात्र छात्राओं में से 10 प्रथम श्रेणी से 29 द्वितीय श्रेणी से पास किये और 8 छात्र छात्राएँ अनुतीर्ण रहे। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा की छात्रा शिवानी कुमारी 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बनी है। तथा अनन्या रानी 82 प्रतिशत और अंजू उराँव 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। साथ ही कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय पेशरार की छात्राओं ने जैक इंटरमीडिएट की परीक्षा में परचम लहराया है। जिसमे अंजू टोप्पो 79.4 प्रतिशत,शकुन्तला कच्छप 76.8 प्रतिशत तथा नीतू कुमारी 76.2 प्रतिशत अंक ला कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। बताया जाता है की कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा से कुल विज्ञान संकाय में 53 छात्राओं ने परीक्षा दिया था। जिसमे 49 प्रथम द्वितीय 3 और एक अनुपस्थित और कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय पेशरार से विज्ञान संकाय में कुल 41 छात्रओं में 33 प्रथम 9 द्वितीय और एक अनुपस्थित थी। प्रखंड क्षेत्र में जैक इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य और विज्ञान में छात्र छात्राओं का बेहतर परिणाम रहा। वही वार्डेन पूनम कुमारी ने बताया कि कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सेन्हा व पेशरार में सिर्फ विज्ञान की पढ़ाई होती है।

## विकास योजनाओं में लाएं गति, मजदूरों को मिले रोजगार : बीडीओ

**कुडू (लोहरदगा)।** प्रखंड परिसर के सभागार में मंगल दिवस के मौके पर मंगलवार को बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवकों तथा मनरेगाकर्मियों के साथ बैठक करते हुए पंचायतवार संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा किये। समीक्षा के क्रम में बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित विकास योजनाओं में तेजी लाएं। मनरेगा से संचालित विकास योजनाओं में मजदूरो को अधिक से अधिक रोजगार दे। रोजगार के अभाव में मजदुरो का पलायन सहन नहीं होगा। पूर्व से संचालित विकास योजनाओं को ससमय पुर्ण कराना सुनिश्चित करें। मनरेगा में लापरवाही सहन नहीं होगी। बैठक मे बीडीओ प्रवेश कुमार साव बीपीओ अरबिंद रोशन, सुनील चंद्र कुंवर, बुद्धेश्वर उरांव, मो आसिफ, शंकर उरांव, अवध किशोर प्रसाद सहित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा मनरेगाकर्मी शामिल थे।

### उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

## माध्यमिक बोर्ड के मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रात: आवाज

**लोहरदगा।** उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2024 मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सिस्टर आइलीन कुजूर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, उसुर्लाइन मिडिल स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर बसंती एक्का,मोंटेसरी की प्रधानाचार्या सिस्टर बृजिट टोप्पो, तीनों विद्यालय के शिक्षकवृंद, दसवीं बोर्ड की छात्राएं और विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की गाइड और बैण्ड की छात्राओं द्वारा गार्डन ऑफ ऑनर कर किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत द्वीप प्रज्वलन एवं एवं वंदना नृत्य द्वारा हुआ। मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक मनमोहक नृत्य की


अतिथियों के साथ सम्मानित छात्राएं।

प्रस्तुतीकरण किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो के द्वारा बच्चों को अपनी गलतियों से सीखने के बारे में सुझाव दिया गया और बच्चों को पढ़ाई करने के तरीके एवं जीवन में अच्छे या बुरे चीजों में चुनाव करने का तरीका सिखाया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सिस्टर आइलीन कुजूर ने जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने भी बच्चों को त्याग और परिश्रम करने एवं जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने का सुझाव दिया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका ने विद्यालय में नियमित रहने एवं परिश्रम कर शत प्रतिशत लाने के लिए बच्चियों को सुझाव दिया।
टॉप 10 छात्रों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रा माही कुमारी ठाकुर, जिया कुमारी ठाकुर, नूरे आजमी को मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की टॉप छात्राएं जिया कुमारी ठाकुर तथा माही कुमारी ठाकुर ने अपना अनुभव साझा किया तथा सफलता के मूल मंत्र बतलाए। वही टॉप 10 की छात्राओ में तनीषा साहू, सृष्टि लकड़ा, प्रियंका कुमारी, अंजलि देवघरिया, महक प्रवीण, अफसाना प्रवीण, जनिक उरांव और स्नेहा रोज शामिल हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के शिक्षक सिस्टर असरिता कंडुलना, सिस्टर पुष्पा एक्का, सिस्टर आशा किरण मिंज, सिस्टर मोदेस्ता खाखा, सिस्टर कुमुदिनी, सर अनूप, सर शेखर, सर ओमान, सर सचिन, मिस हेमलता, मिस सरोज, मिस अनीता, मिस नित्या, मिस खुशनुमा, मिस मैरियट, मिस अनुपमा, मिस मैरी स्नेहा का योगदान रहा। मंच का संचालन अजय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के द्वारा किया गया।

## समाचार सार

### सरहुल पर निकाली गई शोभायात्रा, विभिन्न खोड़हा दलों ने दी भागीदारी



**किस्को (प्रात: आवाज)।** बगडू पंचायत के जामुन टोली विद्यालय परिसर में सरहुल के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बगडू पंचायत के पांच टोलों के ग्रामीण मौजूद रहे। बगडू,केंद्र टोली, जामुन टोली, करम टोली एवं अन्य गाँव के खोड़हा की भीड़ एकत्रित हुआ। विद्यालय मैदान में ढोल नगाड़ों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। बच्चे, बूढ़े, नौजवान सभी मे खासा उत्साह देखी गई। मौके पर कार्यक्रम का अगुवाई बगडू पंचायत की मुखिया रानी मिंज द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया रानी मिंज ने कहा कि समाज के लोगो को एकजुट करने के उद्देश्य से सरहुल कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष से उनके द्वारा सोभायात्रा की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम में बगडू पंचायत के सभी गाँव के लोग विद्यालय मैदान में एकत्रित होते हैं। संस्कृति को संजोए रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहनी चाहिए। मौके पर बिरेन्द्र यादव, सोमे उरांव, रामदेव उरांव, जयश्री उरांव, लालमोहन, प्रकाश, धनीलाल, परमेश्वर, संजय, उमेश, शंकर, सुशील, पंकज उरांव, मुकेश उरांव, चंदन कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### स्वीप प्रोग्राम के तहत खेला गया फ्रेंडली मैच



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** स्वीप प्रोग्राम के तहत नदिया स्कूल लोहरदगा के ग्राउंड में नगर परिषद लोहरदगा के फुटबॉल टीम वर्सेस प्रतिभा टीम के बीच फ्रेंडली मैच खेला गया। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह? उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा मतदाता शपथ के साथ फुटबॉल कीक मारकर प्रारंभ किया गया। जिसमें प्रतिभा टीम 0–1 से आगे रही। वही मतदाता जागरूकता करते हुए दोनों टीमों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद, जिला के अन्य पदाधिकारी, स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर्स, छात्र– छात्राएं, स्वीप के टीम, नगर परिषद के कर्मी, वोटर आदि मौजूद थे।

### मतदान जागरुकता को ले पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के लिए ऑनलाइन पेटिंग तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी में राधिका उराँव, कैरा खाका, अथन उराँव, जयेश कुमार, सूर्यांश कुमार साहू, सानवी कुमारी भगत, आकर्ष पंकज, अलीशा अहमद, इजहान अहमद, अर्चित मिश्रा कक्षा प्रथम में सार्थक चौधरी, अलिका अम्बर, ईशानवी राज, आदर्श वेदांत, काव्या मुखियार, प्रोतिष्ठा गोराई, अपूर्व राज, श्रेया श्रुति, काव्या तरुषी तथा कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता, देवांश वर्मा, भावेश शर्मा, मयंक उरांव, प्रयांश वर्मा, रिद्धि कुमारी, अरहम अंसारी, आरोही वर्मा, काव्या बंका, अनन्या गर्ग, अपेक्षा गुप्ता, परी कुमारी, शिवांश शर्मा और अनुराग कुमार दुबे ने प्रथम स्थान अर्जित किया इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों, रजनी प्रसाद, सोमिता दास व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### नंदनी नहर से पानी छोड़ने की मांग, आदिवासी छात्र संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**कुडू (प्रात: आवाज)।** नंदनी नदी के सूख जाने के कारण प्रखंड के कोलसिमरी, सिंजो, उमरी, बसरी, बारडीह, सुकुरहुटू, जामुन टोली, नदी नगढ़ा के किसान सिंचाई को लेकर काफी परेशान हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद मंगलवार को आदिवासी छात्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश उरांव सुकुरहुटू पहुंचे तथा किसानों की समस्याओं से अवगत होने के बाद उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण को एक मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में बताया गया है कि सिंचाई के लिए पानी की कमी हो रहा है तथा खेत में लगे फसल बर्बाद हो रहा है। इससे किसान काफी परेशान हैं। किसानों की समस्या को देखते हुए उपायुक्त से मांग किया गया है कि जल्द समस्या का निदान किया जाए। उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने समस्या के जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया है। मौके पर आदिवासी छात्र संघ जिला महासचिव फूलचंद उरांव किसान धर्मदेव भगत, चरकू भगत, अमरनाथ भगत, उदय उरांव,रामदेव उरांव, तेजू उरांव, टुनू उरांव, रामेश्वर उरांव, गुडू उरांव, मरांडी उरांव, राजकुमार भगत, बानू उरांव, जलेश्वर उरांव, चमरा भगत, सोमा उरांव, इमरोज अंसारी, गंगा उरांव,भोला भगत, कमल उरांव, दिलीप उरांव, प्रकाश साहू, विजय साहू, लालू साहू, दिनेश महली, सुरेन्द्र उरांव, सोमे उरांव, महमूद अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी पवन तिग्गा के पक्ष चलाया गया जनसम्पर्क

**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी पवन तिग्गा के पक्ष मे मंगलवार को कार्यकताओं ने कुडू प्रखंड में ग्राम जीदो, उडमुड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर रविंद्र उरांव, मुकेश कुमार सिंह, सुक्खू उरांव, शशि नंदन भगत, सुरेश मंडल आदि मौजूद थे।

## यात्री वाहन से पांच किलो डोडा जब्त

### रांची-डाल्टेनगंज मार्ग में चलने वाली एक यात्री बस से बरामद हुआ मादक पदार्थ, कुडू पुलिस जांच में जुटी

**कुडू (लोहरदगा)।** नेशनल हाईवे 75 कुडू-रांची मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के हेंजला पुलिस पिकेट के समीप पुलिस की टीम ने एक यात्री बस से लगभग पांच किलोग्राम डोडा जब्त किया है। पूरे मामले में किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो को सूचना मिली कि रांची से चलकर डाल्टेनगंज जाने वाली एक यात्री वाहन से अवैध रूप से डोडा ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो के नेतृत्व में रांची से आ रहीं यात्री वाहनों की जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में हेंजला पुलिस पिकेट के समीप राजरथ नामक यात्री वाहन को रोक कर जांच की गई तो बस के डिक्की में एक थैला में रखा हुआ लगभग पांच किलोग्राम डोडा बरामद किया गया, जिसके बाद पुलिस की टीम ने बस के कर्मचारियों से पूछताछ की है। बस के कर्मियों ने डोडा के थैला के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

### बरामद डोडा मामले में पुलिस को मिला सुराग

नेशनल हाईवे 75 कुडू–रांची मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के हेंजला पुलिस पिकेट के समीप बने अंतर जिला चेकपोस्ट से यात्री वाहन से बरामद अवैध मादक पदार्थ डोडा बरामदगी मामले में एफएसटी के बयान पर कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में बताया गया है कि रांची से चलकर कुडू के रास्ते डाल्टेनगंज जा रही राजरथ नामक यात्री वाहन को चेकपोस्ट में तलाशीं के लिए रोका गया था। तलाशी के क्रम मे यात्री वाहन के डिक्की मे एक बैग में छिपाकर रखा गया लगभग चार से पांच किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। बस के डिक्की में रखें गए डोडा के संबंध में ना तो यात्री वाहन के कर्मचारी ने कुछ जानकारी दी ना ही यात्रियों ने। बरामद अवैध डोडा के संबंध में कुडू थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

**1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर विशेष**

## श्रमिक कल्याण के लिए अब अपरिहार्य सार्थक पहल की जरूरत



**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

जी हाँ आज मई दिवस है। मई माह की शुरुआत एक मई यानी मई दिवस या श्रमिक दिवस से होतीं है। यह श्रमिक मजदूरों के लिये महत्वपूर्ण दिवस हैं। श्रमिक दिवस (मई दिवस) मनाने का भी एक अपना इतिहास है! कई वर्षों पूर्व अमेरिका के शहर शिकागो में श्रमिकों और उनके प्रबंधकों के बीच बड़ा भयानक खून खराबा हुआ था! इसी दिन हजारों मजदूरों को हताहत कर उनके खून से सरजमीं को लाल कर दिया गया। सेवा योजकों ने अपने काम के घंटे तय करने की माँग को लेकर जुलूस प्रदर्शन करते श्रमिकों पर गोलियाँ चलवा दी थी। इन गोलियों से प्रदर्शनकारी श्रमिकों के कपड़े खूनी रंग से सराबोर लाल रंग से रंग गये। इसी कारण श्रमिक संगठनों के झंडे लाल रंग के होते हैं।

भारत वर्ष में श्रमिकों के लिये आज अनेक संगठन कार्यरत हैं, जो श्रमिकों के हितों एवं सेवा योजकों के अन्यायपूर्ण कार्यों पर नजर रखकर अपना कार्य कर रहीं हैं, यहाँ की संगठनों में वामपंथ की विचारधारा ज्यादा हावी है। अधिकांश वामपंथी संगठनों के झंडे लाल रंग के हैं और इनका अभिवादन भी लाल सलाम होता है। हमारे यहाँ सार्वजनिक क्षेत्र के श्रमिक ज्यादा संगठित है। क्योंकि उनके पास ज्यादा से ज्यादा वेतन, बोनस, अवकाश आदि की माँगे ही रहती है, ठीक इसी तरह इन्हें सरकार से कम अपने नियोक्ताओं से ही ज्यादा मतलब होता है। वैसे इनकी ज्यादातर माँगे प्रायः पूरी भी हो जाती है, अभी हाल ही में अनेक सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे डाक सेवा, बैंक, दूरसंचार आदि क्षेत्रों में आंदोलन हुये हैं और प्रायः उनकी सभी बातें लगभग मान ली गई है। कारण उनका संगठन हर दृष्टिकोण से मजबूत व संगठित हो चुका है, उनमें जागरुकता की भावना भरी हुई है, अब उनके हितों की अवहेलना कोई भी नियोक्ता ज्यादा दिनों तक नहीं कर सकता।

कोरोना काल के बाद अगर कहीं सबसे ज्यादा किसी वर्ग विशेष की कमर टूटी है तो वह है श्रमिक वर्ग और उसमें भी असंगठित श्रमिक वर्ग। देखिए सन 2019 में जब पहले पहल कोरोना ने सारे देश को अपने कुप्रभाव में लेकर देश की अर्थव्यवस्था और लोगों के काम धंधे को बुरी तरह से चौपट कर दिया था। यहां तक कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को जगह जगह लॉक डाउन के तहत लोगों को घर के अंदर सीमित किया गया। स्वाभाविक है यह महामारी से बचने के लिए एक बहुत बड़ा हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया उपाय था। और यही उपाय ठेले वाले रेहडी वाले चाय दुकान, दर्जी, सब्जी दुकान तरह-तरह के श्रमिक दुकानों में काम करने वाले छोटे कर्मचारी होटलों में काम करने वाले कर्मचारी और घूम- घूमकर फेरी लगाने वाले मेहनतकश मजदूर वर्ग के अधिकांश श्रमिकों व ऐसे वर्ग के लोगों को दो जून की रोटी का जुगाड़ करना भी दूभर हो गया था। अनेक लोगों के घर बिक गए। सारे सामान बिक गए और ऐसे वर्ग के लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए। हालांकि प्रदेश की सरकारों व केंद्र सरकार ने अपनी ओर से आम जन के साथ साथ इस तरह के श्रमिक वर्ग के लोगों की हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया, फिर भी इस महामारी ने काफी नुकसान लोगों को पहुंचाया। कोरोना महामारी ने अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर बहुत बड़ा चोट पहुंचाया है। जो अब धीरे-धीरे संभाल रही है। संगठित वर्ग के श्रमिकों को तो निश्चित ही नुकसान पहुंचा लेकिन असंगठित वर्ग के श्रमिकों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा, कोरोना वायरस महामारी की वजह से।

वहीं अभी भी निजी क्षेत्रों में अभी भी बहुत से श्रमिक असंगठित हैं। विडम्बना की बात यह है कि इन असंगठित श्रमिकों में बाल श्रमिक एवं महिला श्रमिको की ही संख्या ज्यादा है। यद्यपि असंगठित मजदूरों की समस्यायें अधिक है। कोरोना महामारी के बाद अब तो इनको और भी काम धंधे और सहायता की जरूरत है। जिसके लिए श्रमिक संगठनों को विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखकर श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए जुझना होगा। आज स्थिति यह है कि श्रमिकों के लिए बहुत कठिन स्थिति पैदा हो गई है कारोबार फिर से जमाने के लिए पूंजी नहीं है। महंगाई चरम पर पहुंचते चली जा रही है, फिर भी कोई संगठन इनके लिये आगे नहीं आ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन अपने तक ही सीमित हैं। यदि कभी राष्ट्रीय स्तर का आंदोलन होता है तो अवश्य इनकी सुनवाई हो जाती है। इसलिये कि पिछले वर्षों में कुछेक बार भारत बंद के आयोजक श्रमिक संगठनों की अगुवाई रही हैं। फिर भी निजी क्षेत्रों के श्रमिकों ने भारत बंद के आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। और देश भर में निजी औद्योगिक संस्थानों में पूरी तरह काम ठप्प कर दिया गया।

ऐसी भी बात नहीं है कि निजी क्षेत्रों के श्रमिकों के लिये कुछ नहीं किया जा रहा हैं। समूचे देश में लगभग सभी राजनीतिक दलों से संबद्ध श्रमिक संगठन कार्यरत हैं। और नियमित तथा निरंतर रुप से श्रमिकों के लिये कार्य हो रहा है। उनके वेतन, बोनस, अवकाश की ढेरों समस्याओं के निदान के लिये श्रमिक संगठन कार्यरत है, किंतु उनमें अभी भी सुधार की गुंजाईश हैं। स्थानीय स्तर पर श्रमिकों की समस्यायें खासतौर से औद्योगिक जैसे मामलों को ये श्रमिक संगठन सुलझाते हैं।, श्रमिक न्यायालयों में श्रमिक व सेवा योजकों के बीच परस्पर समझौते कराने का कार्य भी ये संगठन ही करते हैं। भारत सरकार अब देश में बाल मजदूरी प्रथा समाप्त करने के लिये कठोरता से काम ले रही हैं जो प्रशंसनीय है। वहीं वह जोखिम भरे कारखानों के कार्य और बीडी काँच, कालीन उद्योगों के मालिकों की इस संबंध में बैठक आयोजित कर रही है वह भी एक अवश्यम्भावी कदम है सरकार का।

# कांग्रेस क्यों नहीं रख पा रही है अपने लोगों पर कंट्रोल



**अशोक भाटिया**

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हैट्रिक की तैयारी में जुटी है। वहीं विपक्षी पार्टियों की एक के बाद एक मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। 'इंडिया 'गठबंधन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस अब खुद कमजोर ही नजर आ रही है। कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी से छिटकते जा रहे हैं, कांग्रेस नॉर्थ से लेकर ईस्ट तक संकट में घिरी नजर आ रही है। यहां के कई रा'यों में पिछले दो दिनों में इस्तीफों का सिलसिला देखने को मिला है।

पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए खोई साख हासिल करने में जुटी कांग्रेस अपने ही नेताओं को जोड़े रखने में विफल नजर आ रही है। फिर चाहे बात हिमाचल-बिहार की हो या फिर बंगाल-असम की। कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। नेताओं के पार्टी छोड़ने के सवाल पर राहुल गांधी कह चुके हैं कि जो भी जाना चाहता है, वह जा सकता है। उधर, जो नेता पार्टी छोड़ रहे हैं वह कांग्रेस पर अनदेखी और जैसे आरोप लगा रहे हैं।

इस्तीफों का सिलसिला इन चार रा'यों में ही सिमित नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र और झारखंड जैसे रा'यों में भी दलबदल का खेला देखने को मिला था। यहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और बासवराज पाटिल जैसे बड़े नेताओं का पाला बदलना कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। वहीं झारखंड में भी पार्टी की एकलौती सांसद गीता कोड़ा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इसके बाद भी इस्तीफों का सिलसिला जारी है।

अब हद तो तब हो गई जब देश के चुनाव में दो चरण बीत चुके हैं और तब कांग्रेस के भीतर रण छोड़ने का अलग ही चरण चल रहा है। कांग्रेस में कोई प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ रहा है। कोई उम्मीदवारी छोड़ रहा है। और कोई गढ़ माने जाने वाली सीट पर उम्मीदवारी का पत्ता ही नहीं खोल रहा है। अब सोमवार को दस्तक देती खबर मध्य प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीट इंदौर से आई, जहां बारात तैयारी थी, बाराती तैयार थे, लेकिन अचानक दूल्हा पलट गया। यानी इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन वापसी के आखिरी दिन खुद ही अपना पर्चा वापस लेकर कांग्रेस को स्व'छता में टॉप रहने वाले शहर इंदौर से चुनाव में साफ कर दिया।

400 पार का नारा देती भाजपा देश में एक सीट निर्विरोध जीत चुकी है, दो पर जीत पहले से तय मानी जा रही है। क्योंकि मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर'इंडिया 'गठबंधन की प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा दस्तखत ना होने से खारिज हो गया। यहां बाद में'इंडिया 'गठबंधन ने अपना प्रत्याशी न रहने पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। फिर गुजरात के सूरत में कांग्रेस के अधिकृत और डमी, दोनों प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया था। बाकी बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चा वापस से लिया। भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए। अब मध्य प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह जिले इंदौर की सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना पर्चा वापस ले लिया। है। इतना ही नहीं, जब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन वापस लेने पहुंचे तो उनके साथ कलेक्टर ऑफिस में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला देखे गए। और फिर भाजपा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के बड़े नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ अक्षय कांति बम निकल पड़े। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐसा किया? कहीं सरकार पलटे या विधायक। तुरंत ऑपरेशन लोटस के आरोप लगते हैं। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा लेकर पलटने पर भी आरोप लगाया जा रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी की कोई कमजोर नस दबाई गई है।

इंदौर में कांग्रेस की शहर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को कलेक्टर दफ्तर के बाहर फोन पर कांग्रेस के किसी नेता को कॉल करके गुस्सा निकालते देखा गया। इस दौरान वह फोन पर कह रहे थे, च्च्मैं शुरु से कह रहा था कि नाम वापस लेगा, पैसा देखकर टिकट दिया क्या योगदाना था? क्या संघर्ष किया? पार्टी हाईकमान को देखना चाहिए हमारे जैसे कार्यकर्ता को मार रही है। अकेले खड़े हैं, वो निकल गया। पार्टी क्यों देती है पैसा देखकर, काम को आधार नहीं बनाते हो?

यानी कांग्रेस के ही स्थानीय नेता अपने ही प्रत्याशी पर पहले से सवाल उठाते आए। उन्हें डर था कि ये पार्टी पाला पर्चा सब बदलेंगे। हुआ वही जो कांग्रेस के नेताओ को डर था। अब सवाल है कि खजुराहो, सूरत और इंदौर में जो हुआ, क्या आगे मध्य प्रदेश में और भी किसी सीट पर हो सकता है? जवाब में मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते हैं कि हमारा दर खुला है, खुला ही रहेगा, तुम्हारे लिए। उन्होंने कहा, करीब ढाई लाख लोग 'वाइन कर रह हैं, हमको सेलेक्शन करना पड़ता है किस को आने दें। 179 पूर्व विधायक पार्टी 'वाइन कर चुके हैं, पार्टी का बढ़ता ग्राफ है। छतरी में अधिकांश लोग समाहित हो रहे हैं। कांग्रेस सोचे उनके लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं।

बता दें कि हर चरण के चुनाव से पहले भाजपा के खाते में एक अ'छी खबर आ रही है। फर्स्ट फेज से पहले खजुराहो में सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। दूसरे फेज से पहले सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। तीसरे फेज से पहले अब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापिस ले लिया। और अब उस सीट की दस्तक के बारे में बात करते हैं, जहां 2014 में हारी भाजपा प्रत्याशी ने फिर हार नहीं मानी। उसी सीट को अपना घर बनाया। 2019 में जीत हासिल की। ये सीट है उत्तर प्रदेश की अमेठी की। जहां आज स्मृति इरानी ने ने नामांकन किया। हलफनामे में दिल्ली नहीं अमेठी में बनवाए गए घर को ही अपना पता दिखाया। इसी अमेठी को राहुल गांधी भी अपना घर आंगन कहते थे। लेकिन अमेठी से राहुल के लड़ने को लेकर असमंजस अब तक बना हुआ है।

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में ' इंडिया ' के सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस ने खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ दी थी। भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। रिटर्निंग अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव के नामांकन पत्र में दो कमियां निकाल दीं। पहला, फॉर्म के साथ लगी मतदाता सूची प्रमाणित नहीं है या पुरानी है। दूसरी- दो जगह हस्ताक्षर कराना था, लेकिन केवल एक ही स्थान पर साइन किया गया है। यहां सपा का पर्चा खारिज होने के बाद'इंडिया 'गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है।

सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया था। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द कर दिया था। उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में गड़बड़ियों का हवाला देकर नामांकन रद्द किया गया था। कांग्रेस के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद बाकी बचे 8 उम्मीदवारों ने भी अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली। ऐसे में भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव आयोग ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई सांसद निर्विरोध चुना गया हो।

**साक्षात्कार : भाग तीन**

# सत्ता की राजनीति और वैचारिक प्रतिबद्धता, दोनों की धरातल अलग-अलग है : रतन वर्मा

**विजय केसरी**

प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा की साहित्यिक यात्रा कैसे शुरू हुई ? इस संबंध में उन्होंने साक्षात्कार भाग एक और दो में विस्तार से जानकारी दी है। मैं समझता हूं, नए लेखकों के लिए ये जानकारियां उनके लेखकीय कर्म को एक नई दृष्टि दे पाएगी। आगे पूछे गए सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक प्रश्नों पर वर्मा जी कहते हैं .. कि आग जब भी कोई आकाश से बरसता है, मूक इंसान भी तब जोर से चिल्लाता है। लेकिन वह मूक इंसान चिल्लाता कब है ? जब उस आग की जलन उसके लिए पूरी तरह असहनीय हो जाती है। ... आज की बदली सामाजिक, राजनीतिक परिदृश्य में यही यथार्थ है। उनकी कृतियां ऐसी परिस्थितियों से ही संघर्ष के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा लोगों में भारती हैं। उनकी पांच दशकों की साहित्यिक यात्रा, लेखकीय जीवन के उतार- चढ़ाव और कृतियों से लेकर सामाजिक, राजनीतिक,साहित्यिक आदि विविध विषयों पर हुई लंबी बातचीत के प्रमुख अंश निम्न है :-

**विजय :** दस्तक आपकी लोकप्रिय कहानियों में से एक है। क्या दस्तक के पात्र आज भी समाज में दस्तक देते नजर आते हैं ?, दस्तक जैसी कहानी लिखने की प्रेरणा आपको कहाँ से मिली ?

**रतन :** हाँ विजय जी ! यह कहानी हंस के अक्तूबर 1988 अंक में प्रकाशित हुई थी। उस कहानी के पूर्व मेरी कोई सात आठ कहानियाँ ही प्रकाशित हो पायी थीं। मतलब हिन्दी साहित्य में मैं बिल्कुल ही अपरिचित नाम था। इस कहानी ने ही एक बड़े पाठक वर्ग से मेरा परिचय करवाया। यह कहानी समाज के आर्थिक तौर पर असमर्थ या वंचित वर्ग के छोटे छोटे सुख के सपने के लिये किये जाने वाले संघर्ष की कहानी है। यह संघर्ष निम्न से निम्नतर स्तर तक के समझौते की परिणति तक भी पहुँच सकता है। इसी कहानी को ले लें। कथा नायिका जूठन की मां सुकरी कभी जंगल की मजदूरन हुआ करती थी, अपने सौंदर्य के बल पर ठेकेदार, जिसे सभी बड़े बाबू कहा करते थे, उनकी रखैल बन जाती है और अपनी देह की कीमत पर, ठेकेदार प्रदत्त हर तरह के सुखों का उपभोग करती है,



जिसमें मांस और मदिरा का खास तौर पर समावेश होता है। इस कारण वह मदिरा की लती हो जाती है। कालांतर में उम्र ढल जाने और बड़े बाबू के निधन के बाद वह उन ऐय्यासिओं के सुख से वंचित हो जाती है। लेकिन दारू की लत तो लत ही ठहरी, इसलिये वह अपनी बेटी जूठन से भी चाहती है कि उसी की तरह, जैसे भी हो, वह भी बड़े बाबू के बेटे छोटे बाबू, जो अब अपने पिता की जगह ठेकेदारी सम्भाल रहे हैं, उसकी रखैल बन जाये, ताकि उसकी ऐय्याशी फिर से चालू हो सके। जूठन कोशिश भी करती है, लेकिन असफल रहती है।

### आपने पूछा है कि क्या दस्तक के पात्र आज भी समाज में दस्तक देते नजर आते हैं ?

देखिये, कहानी, उपन्यास या किसी भी विधा में रची गयी रचना अगर अपने सृजन के काल के ही गाल में समा कर रह जाय, तो उसकी सार्थकता कैसे बनी रह सकती है ? ऐसी ही परिस्थितियों और कथ्यों से जूझते पात्र आपसे जगह जगह टकराते जरूर मिल जाएंगे। इस यथार्थ को अपनी ही एक कहानी के उदाहरण से आपके समक्ष स्पष्ट करता हूँ -

आपने इंडिया टुडे में प्रकाशित मेरी कहानी कलाकार तो पढ़ी ही है। इस कहानी का निष्कर्ष परिस्थितियों के थोड़े फेर बदल के साथ दस्तक से अलग कहाँ है ? कलाकार कहानी का मुख्य पात्र एक नाट्य निर्देशक सह मंचीय कलाकार है, जिसकी एक नाट्य संस्था भी है। लोगों से चंदा-वंदा लेकर जैसे-तैसे उसने अपनी संस्था को सक्रिय बना रखा है, जिससे आमदनी न के बराबर ही होती है। वह एक निजी संस्थान में छोटी सी नौकरी भी करता है, जिससे होने वाली अत्यंत सीमित सी आय में ही उसका और उसके परिवार का खर्च चलता है। उसका भी सपना है कि उसका घर सुसज्जित हो, घर में टीवी हो आदि। लेकिन उसके घर का खर्च ही जैसे-तैसे चल पाता है, फिर सपना भला कहाँ से पूरा हो पाता ! तभी अचानक उसका पुत्र दिल की बीमारी से ग्रसित हो जाता है, जिसके इलाज़ के लिये उसे बहुत सारे रुपयों की जरूरत होती है। एक दोस्त की सलाह और सहयोग से अपने पुत्र के इलाज के लिये वह घूम घूम कर चैरिटी शोज आयोजित करवाता है, जिससे अच्छी रकम आने लगती है। लेकिन उन पैसों से बेटे के इलाज की जगह सर्वप्रथम वह अपने छोटे- छोटे सपनों को पूरा करने लगता है, इस सोच के साथ कि बेटे के ऑपेरशन को कुछ दिनों के लिये टाला भी जा सकता है। और बेटे के बहाने चैरिटी शोज की निरन्तरता तो बनी ही रहनी है। इस प्रकार उसका घर सुसज्जित होने लगता है। चौकी पर नयी चादर, दरवाजे पर नये पर्दे, घर में छोटा सा टीवी आदि। हश्र यह होता है कि बेटे की हालत खराब होती जाती है।

कहने का अर्थ यह कि आप देखेंगे कि समाज में अनेक ऐसे असमर्थ लोग हैं, जिन्हें अपने छोटे छोटे सपने को पूरा करने के लिये बड़े बड़े समझौते करने पड़ते हैं। वह समझौता स्त्री के लिये देह स्तर पर और पुरुष के लिये किसी अन्य स्तर पर भी हो सकता है।

**विजय :** जब आप अपनी कहानियों में स्त्री को विमर्श के केंद्र के रूप में स्थापित करते हैं, तब समाज की उच्च और मध्य वर्ग की स्त्रियां क्यों उपेक्षित दिखाई देती हैं ? क्या वैसी स्त्रियों में आपको कोई समस्या नजर नहीं आती ?

**रतन :** ऐसा बिल्कुल नहीं है विजय जी। आपने तो मेरी लगभग सभी कहानियाँ पढ़ी हैं, फिर भी ऐसा प्रश्न ? आप ही बताइये- मेरी अंततः कहानी किस वर्ग की स्त्री की पीड़ा पर आधारित है ? या मुट्ठी भर हवा , अप्रत्याशित नहीं, विडम्बना , एहसास, दीपक-राग आदि, सभी कहानियाँ तो आपने पढ़ ही रखी हैं । देखिये , प्रत्येक वर्ग की स्त्रियों की अपनी अपनी पीड़ाएँ होती हैं। कहीं अपार धन-सम्पदा के बावजूद एकाकीपन की पीड़ा है, कहीं पुरुष की अति व्यस्तता के कारण देह - सुख की पीड़ा, कहीं बड़े पदों पर कार्यरत स्त्री की पारिवारिक समस्याओं की पीड़ा, तो कहीं उस विधवा की पीड़ा, जिसे सारे आर्थिक सुख तो उपलब्ध हैं, लेकिन अपने पुत्रों से मिलने वाली उपेक्षा की पीड़ा...। अब कितना गिनवाऊँ ? और मेरी कोशिश रही है कि समाज की प्रत्येक उन स्त्रियों को अपनी कहानी या उपन्यास में समेट सकूँ, जिनका जीवन विभिन्न अभावों को झेलने और उनसे पीड़ित रहने को अभिशप्त है। मैंने तो वैसी स्त्रियों को भी अपनी कहानी में स्थान दिया है, जो परिवार के के लिये अभिशाप सरीखी हैं और अपने क्रूर आचरण से घर के सदस्यों की नाक में दम किये रहती हैं। खैर, आगे पूछिये, और क्या जानना चाहते हैं आप ? (जारी)।

# अपने सुसाइड से पहले भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडे ने किया था दिल दहला देने वाला पोस्ट स्टेटस

प्रातः आवाज

एक्ट्रेस अमृता उर्फ अन्नपूर्णा पांडे ने आत्महत्या कर ली है। वह भोजपुरी फिल्मों में काम करती थीं। उन्होंने शनिवार को बिहार के भागलपुर में आदमपुर घाट रोड स्थित अपने दिव्यधाम अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली। जानकारी सामने आ रही है कि अमृता को काफी समय से फिल्मों में काम नहीं मिल रहा था, इसलिए वह डिप्रेशन में चली गई थी। अमृता पांडे की मौत की सूचना मिलते ही जोगसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौके की जांच की। मौके से फांसी लगाने के लिए इस्तेमाल की गई साड़ी, मोबाइल फोन और अन्य सामग्री जब्त कर ली गई है। परिजनों के मुताबिक, अपर्णा ने भोजपुरी, हिंदी फिल्मों, सीरियल, वेब



सीरीज और विज्ञापनों में काम किया है। जिंदगी दो नावों पर चल रही है, मैंने अपनी नाव डुबोकर अपनी राह आसान कर ली, अमृता ने सुसाइड से पहले वॉट्सऐप स्टेटस पोस्ट किया था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोपहर 3.30 बजे जब उनकी बहन अमृता के कमरे में गई तो वह फंदे से लटकी हुई थी। परिवार के सदस्यों ने उसे स्थानीय निजी अस्पताल ले गए, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। अमृता की शादी 2022 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के चंद्रमणि झंगड़ से हुई थी। वह मुंबई में एनिमेशन इंजीनियर हैं। उनकी कोई संतान नहीं है। जब उसके पति मुंबई गए तो उसने यह चौंकाने वाला कदम उठाया। अमृता अपने करियर को लेकर काफी चिंतित थीं। उनकी बहन ने कहा है कि उसका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था।

## आज का राशिफल




**मेष**

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा।

**वृषभ**

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

**मिथुन**

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

**कर्क**

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**सिंह**

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**कन्या**

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला**

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**धनु**

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**मकर**

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ**

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन**

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# इंटर कला में टाटीझरिया की नेहा व कॉमर्स में बरही की अंशु बनी द्वितीय जिला टॉपर

राजू यादव

**टाटीझरिया।** कहते हैं बेटियां बोझ नहीं। अब वह अपनी मेहनत से माता-पिता के सपनों को साकार कर रही हैं। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो की दो बेटियों ने इंटर परीक्षा में क्षेत्र का मान बढाया है। अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की छात्रा नेहा कुमारी को पूरे हजारीबाग जिले में दूसरा स्थान मिला है। वहीं इसी विद्यालय के रिया कुमारी को दसवां स्थान प्राप्त हुआ है। नेहा को 88.2 प्रतिशत और रिया को 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। नेहा के पिता प्रेमचंद कुमार और रिया के पिता सूर्यनारायण महतो दोनों किसान हैं। नेहा ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता व सभी शिक्षकों को देते हुए कहा कि आगे चलकर वह आईएएस अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। रिया प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहती हैं। शत-प्रतिशत रिजल्ट का रिकॉर्ड बनाते हुए प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परिणाम पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिल्पा सुहासिनी ने हर्ष जताते हुए



कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा में कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन की। वहीं प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर में इंटर विज्ञान में टॉपर राजकुमार प्रसाद 84.2, ऋषिकेश कुमार राम 82.8, विकास कुमार राम 82 प्रतिशत अंक, जबकि आईए टॉपर लवकुश कुमार 83.8, सीमा कुमारी 80.2, ममता कुमारी 77 प्रतिशत अंक और वाणिज्य में पम्मी विश्वकर्मा ने 60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

## अंशु कुमारी 451 अंक लाकर कॉमर्स में बनी जिला की द्वितीय टॉपर

प्रातः आवाज

**बरही।** प्लस टू उच्च विद्यालय गोरिया करमा के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉमर्स में अंशु कुमारी ने 451 लाकर अंक लाकर जिला में द्वितीय स्थान व स्कूल टॉपर बनी। वही भूमिका कुमारी 420 अंक लाकर स्कूल में द्वितीय स्थान व रीता कुमारी एवम राहुल कुमार सिंह 417 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। वही आर्ट्स संकाय में अंकिता कुमारी 383 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, वहीं द्वितीय सलमा परवीन 378 अंक व तृतीय स्थान श्वेता कुमारी 373 अंक लाकर प्राप्त की। वही साइंस में रिमझिम कुमारी 440 अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं शीतल कुमारी 433 अंक लाकर द्वितीय स्थान व प्रिया कुमारी 420 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



बेहतर रिजल्ट आने के बाद स्कूल में खुशी का माहौल है। प्रधानाध्यापक तुलेश्वर प्रसाद मेहता, वर्ग शिक्षक अभिनव इंद्रगुरु, विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार राम, बसंत सिंह, बमबम कुमार राम, शिवकुमार मेहता, सरफराज अहमद, अरविंद कुमार, मनीषा रानी, कुमारी प्रेमलता, सतीश कुमार, संदीप कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## चौपारण : विज्ञान में मॉडल स्कूल की स्वाति व दनुआ प्लस टू के नीरज और आर्ट्स में केबीएस की प्रिया बनी प्रखंड टॉपर

प्रातः आवाज

**चौपारण।** झारखंड इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रखंड के सभी प्लस टू विधालय के छात्रों ने बेहतरीन अंक लाकर विधालय का मान बढ़ाया। विज्ञान में माडल स्कूल की स्वाति व दनुआ प्लस टू विधालय के नीरज कुमार तथा आर्टस में केबीएसएस प्लस टू उच्च विद्यालय की प्रिया टापर रहे। वाणिज्य में इगुनियां प्लस टू उच्च विद्यालय के तिया प्रभात अपने विद्यालय में टापर बने। उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दनुआ से विज्ञान में 33 छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान गौतम कुमार रजक 87.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अंकिता कुमारी 87.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान लक्ष्मी गुप्ता 86.8 प्रतिशत अंक लाये। कला संकाय में 70 विद्यार्थियों की संख्या में 35 प्रथम तथा द्वितीय 35 रहे। इसमें प्रथम स्थान सूफी नाज 78.6 प्रतिशत, भीषण कुमार सिंह 72.6 प्रतिशत,शिवम कुमार 70 अंक लाये। मॉडल स्कूल से स्वाति ने 440 अंक, राहुल ने 425 तथा रोशनी कुमारी ने 423 अंक लाये। इगुनियां प्लस टू उच्च विद्यालय से आर्टस में 44 छात्रों में 28 प्रथम श्रेणी तथा 16 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आर्टस में सनी राज, अंकु कुमारी टाप रहें। विज्ञान में सात छात्रों में पांच प्रथम श्रेणी तथा दो द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसमें शशांक राज, अभिनव कुमार टापर रहे। वाणिज्य से तिया प्रभात टापर रहे।



प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल रामपुर से नीतिश कुमार ने 84.8 प्रतिशत, रवि कुमार वर्मा ने 84.6, प्रियांशु कुमारी ने 83.8 प्रतिशत अंक लाकर टाप तीन में रहे। आर्टस में रवि कुमार ने 80 प्रतिशत, पीयूष ने 78 तथा नीषिका ने 77 प्रतिशत अंक लाये । केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय चौपारण में कुल नामांकन 983 जिसमें आर्टस से 772 , विज्ञान से 174, वाणिज्य से 37 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इसमें आर्टस में प्रिया टापर रही 86 प्रतिशत अंक के साथ। खुशबु को 83.2 प्रतिशत, सतीश 82.2 प्रतिशत, वर्षा 78.6, अनुपा 77.8 अंक लाये। विज्ञान में दुर्गेश ने 85 प्रतिशत, नेहा 84.6,तरन्नुम 82.6, रवि 82.4, ने फ़ारिया 82 प्रतिशत अंक लाये। कामर्स में अलकामा ने 72.8 प्रतिशत, वर्षा 68.6, बसंती 68, सुमित 66, कृष्णा 65.6 प्रतिशत अंक लाये। बेहतर परिणाम पर विधालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही की शत प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण

**बरही (प्रातः आवाज)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरही की छात्राएं इंटर आर्ट्स की परीक्षा में शत प्रतिशत उत्तीर्ण हुई हैं। कुल 56 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थीं। 46 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई जबकि 10 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में। सिमरन परवीन 387 अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी। विद्यालय टॉपर में दूसरे स्थान पर 384 अंक लाकर अनु कुमारी रही। और 381 अंक लाकर थर्ड टॉपर संगीता कुमारी बनी। वार्डन नेहा सिन्हा ने छात्राओं की शत प्रतिशत सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

### पलक कुमारी ने जिला में प्राप्त किया 14वां स्थान

**बरही।** प्लस टू हाई स्कूल बरही की पलक कुमारी ने इंटरमीडिएट आर्ट्स की परीक्षा में हजारीबाग जिला में 14वां स्थान प्राप्त किया है।



आदर्श इंटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

## प्रीति कुमारी कला में जबकि शुभम कुमार वाणिज्य में बने कॉलेज टॉपर

**इचाक (प्रातः आवाज)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें आदर्श इंटर महाविद्यालय इचाक का शानदार प्रदर्शन रहा। परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। तथा कला संकाय मे 97 त्र छात्रो ने उत्तीर्णता हासिल किया है। कला संकाय मे प्रीती कुमारी 414 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बनी। रानी कुमारी 410 अंक, नफिशा प्रवीण 410 अंक, अंशु कुमारी 409 अंक, करीना कुमारी 405 अंक, निशांत कुमार 405 अंक, उमेश कुमार 399 अंक, नाजिया निगार 398 अंक, मो अर्शद अंसारी 397 अंक, मोनिका कुमारी 390 अंक, पवन कुमार सिंह 390 अंक, कंचन कुमारी 367 अंक, सुमन कुमारी 358 अंक, सुजीत कुमार दास 356 अंक, ज्योती कुमारी 355 अंक। वाणिज्य संकाय मे शुभम कुमार साव 401 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना। मो उस्मान गनी 378 अंक द्वतीय स्थान, मो फिरदौश आलम 341 अंक हासिल किया है। महाविद्यालय से कला




संकाय मे 534 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से 531 विद्यार्थी द्वतीये श्रेणी से तथा 11 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं खुशी व्याप्त हो गई है। मौके पर प्राचार्य मनीष कुमार, सचिव जीवन कुमार, प्रो मनोज कुमार, शिक्षक मुन्ना पांडेय, सुलेखा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार रविदास, कुमारी अंजलि, कैलाश कुमार , ममता मेहता, अनिता कुमारी मेहता, बासुदेव पांडेय, युगेश कुमार, राजेश प्रसाद, ओंकार मेहता, बैजनाथ प्रसाद, रामचंद्र पासवान, अलोक कुमार उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय होरम इंटरमीडिएट के शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा।विद्यालय से इंटरमीडिएट में कुल 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं दो छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी पिता राकेश कुमार 423 अंक 84.6 प्रतिशत लाकर टॉपर रही। जबकि द्वितीय टॉपर नेहा कुमारी पिता शेखर प्रसाद 412 अंक 83.4 प्रतिशत, तृतीय टॉपर टिंकल कुमारी पिता पंचेश्वर साव 401 अंक 80.2 प्रतिशत लाई है। वहीं किरण कुमारी




पिता नरसिंह महतो 499 अंक 79.8 प्रतिशत, काजल कुमारी पिता राजू साव 397 अंक 79.4 प्रतिशत, प्रीति कुमारी पिता चरण महतो 395 अंक 79 प्रतिशत, किरण कुमारी पिता लालमोहन तिवारी 394 अंक 78.8 प्रतिशत, चंचल कुमारी पिता स्वर्गीय नकुल महतो 390 अंक 78 प्रतिशत, प्रिया कुमारी पिता जगन्नाथ बेदिया 387 और 77.4 प्रतिशत एवं पुष्पांजलि कुमारी पिता बजरंग साहू 383 अंक 76.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉप 10 में जगह बनाई है। बेहतर रिजल्ट एवं उज्जवल भविष्य के लिए सभी सफल छात्राओं को बीआरपी अभय कुमार, सीआरपी दीपक कुमार, विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होरील महतो, वार्डेन लीलावती कुमारी, लेखापाल सोनी महतो, शिक्षिका निशि रानी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, रुबी कुमारी, शिक्षक सीताराम महतो, चिंतामणि महतो सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के वार्डेन लीलावती कुमारी ने दी है।

## इंटर परीक्षा में जीएम कॉलेज इचाक का बेहतर प्रदर्शन

**इचाक (प्रातः आवाज)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें पूजा कुमारी 406 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर रही। राहुल कुमार 379, अमर कुमार 379 अंक लाकर सेकेंड टॉपर रहे। वही कला संकाय में महाविद्यालय का 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कला संकाय में 606 विद्यार्थियों में से 360 प्रथम श्रेणी एवं 223 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय से छात्रा



पल्लवी कुमारी 409 अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर बनी। 405 अंक लाकर अमन कुमार सेकंड टॉपर और 404 अंक लाकर साक्षी राणा थर्ड टॉपर रही। नितेश कुमार 400 अंक, रानी कुमारी 388, अंक लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में महाविद्यालय का 82 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमें अमन कुमार 443 प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिया कुमारी 426, जिया वर्मा 417 तृतीय एवं राजेश कुमार 412 अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सचिव विनय कुमार ने शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी। मौके पर महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बताया कि यह जी एम ग्रुप आफ कॉलेज हजारीबाग का एक महत्वपूर्ण संस्थान है जो छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, संगम कुमारी, प्रणत कुमार रविदास, दीपक प्रसाद, संजीत कुमार यादव, राजकुमार दास, अजीत हंसदा, आशीष पांडे और कृष्ण कुमार, राजू समेत सभी लोगो ने शुभकामनाएं दी है।

## मनीष आज भरेंगे पर्चा, चरही से भारी संख्या में शामिल होंगे समर्थक

प्रातः आवाज



**चरही।** हजारीबाग लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के द्वारा 1 मई के दोपहर एक बजे अपना नामांकन पर्चा भरा जाएगा। इसके लिए चुरचू मंडल कार्य समिति, मंच मोर्चा वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता गण भारी संख्या में चरही स्थित सुबह 10:30 बजे मंडल कार्यालय जगदंबा कॉम्प्लेक्स चरही में पहुंचेंगे। एक साथ सभी कार्यकर्ता नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए हजारीबाग कंचन ग्राउंड स्टेडियम में पहुंचेंगे। इसकी जानकारी मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने दी।

## सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने केरेडारी पहुंचे एसपी

प्रातः आवाज

**केरेडारी।** एसपी अरविन्द कुमार सिंह ने मंगलवार को केरेडारी प्रखण्ड का दौरा कर आगामी लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ डीएसपी नीरज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार व चुनाव कोषांग प्रभारी अजय कुमार क्षेत्र के पेटो पंचायत के बुकरु स्थित मतदान केंद्र संख्या 57 नव प्रथमिक विद्यालय बुकरु पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। कहा कि अगर किसी भी तरह की असुरक्षा महसूस हो तो सीधे प्रशासन को सूचित करें। पुलिस प्रशासन मतदान के दिन सुरक्षा का चाक चौबंद व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद ये एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से सटे बिरहोर टोला भी पहुंचे व बिरहोर परिवारों का हाल जाना साथ ही बिरहोर परिवार के बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया। मौके पर केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव, गुरुदयाल साव आदि भी थे।



## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध कोयला कारोबार को लेकर जंगलों में छापेमारी की गई जिसमें इंदिरा पसरिया जंगल में अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया।पुलिस के द्वारा कार्रवाई देख ट्रैक्टर चालक घने जंगल में घुस गया और फरार हो गया।करवाई मंगलवार की सुबह 5ः00 की है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी अवैध कारोबार नहीं करें जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई होगी और उसे जेल भेजा जाएगा।

## रूद्र महायज्ञ के तीसरे दिन उमड़े भक्त

प्रातः आवाज

**केरेडारी।** प्रखंड के जोरदाग में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ स्थल में कथा प्रवाचिका मानस किंकरी मिथलेश्वरी के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ मंडप के परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान कथावाचिका मानस किंकरी मिथलेश्वरी ने कहा कि भगवान का भजन ही जीवन का आधार है। भक्ति व भजन जीवन में सबसे जरूरी है। भौतिक वस्तुओं का सुख हम भले ही इस जीवन में ले सकते हैं, पर हमारी मुक्ति का एक मात्र साधन भजन ही है। भजन बिना भाव का हो भजन निष्फल है। लेकिन भजन अगर भाव सहित किया जाए तो भगवान आज भी इसका फल देने आते हैं। इस कालिकाल में मनुष्य का मन भजन



में नही लगता। राम नाम की महिमा के बारे में भी विशेष प्रकाश डाला। बताया की प्रभु राम ने तो गिने चुने लोगों का उद्धार किया था। पर राम के नाम ने तो करोड़ों पापियों का उद्धार किया है। बीच-बीच में सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में कथा श्रवण करने आए थे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। भगवान श्री राम नाम के जयकारे से पंडाल गुंजायमान हो रहा है। यज्ञाचार्य पंडित सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय, प्रकाश शास्त्री, अमित शास्त्री, बब्लु शास्त्री, राजेश पाण्डेय सहित अन्य लोग गांव क्षेत्र में सुख शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्रोच्चारण कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-केवाईसी को लेकर बैंक में उमड़ी भीड़, भीषण गर्मी में हो रही परेशानी



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में एक बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा में ई-केवाईसी को लेकर मंगलवार को ग्राहकों को भीड़ उमड़ पड़ी। बैंक परिसर में खचाखच भरे खाताधारकों को एक ओर जहां भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ी वहीं बैंक के बगल में फेंके गए कचड़े की दुर्गंध से ग्राहक काफी परेशान दिखे। ई-केवाईसी को लेकर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि पिछ्ले तीन दिनों में उपर से ही पांच हजार लोगों का खाता फ्रीज कर दिया गया। साथ ही कुछ स्टाफ की कमी के कारण ग्राहकों को परेशानी हो रही है। वहीं जतघघरा निवासी ग्राहक बैजनाथ यादव ने बताया कि मेरे घर से बैंक की दूरी लगभग पंद्रह किलोमीटर है। और इतनी दूरी तय कर दो बार कागजात जमा करने पर भी खाता चालू नहीं हो पाया है। वहीं बैंक के कार्यशैली से लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। कई खाताधारकों ने बताया कि बैंक से खाता बंद कर लेना ही बेहतर है। इस बाबत शाखा प्रबंधक ने बताया कि बहुत सा ग्राहकों के कागजातों में त्रुटियां रहने के कारण ई-केवाईसी में बिलंब हो रहा है। उन्होंने ग्राहकों से संयम बरतने और वैध कागजात जमा करने की अपील की।

### टाटीझरिया : ढोंठवा वन रक्षाबंधन की 27वीं वर्षगांठ मनी



**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** टाटीझरिया के बौधा ढौंठवा जंगल में मंगलवार को वन रक्षाबंधन की 27वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने इस अवसर पर वृक्षों को लाल डोर बांध वन संरक्षण की संकल्प को दुहराया एवं दरख्तों के साये में मौन धारण कर वनदेवी की पूजा-अर्चना किया। पेडों में रक्षासूत्र बांधकर जंगलों को बचाने की मुहिम की शुरूआत टाटीझरिया प्रखंड के पर्यावरणविद महादेव महतो ने की थी। दूधमटिया से शुरू किया गया यह आंदोलन पूरे देश में फैल गया है। यह मुहिम सिर्फ हजारीबाग जिले के सैकड़ों जगहों पर चल रहा है। 1997 से लगातार ढौंठवा वन का रक्षाबंधन होता आ रहा है। यह वन लगभग 15 एकड में फैला हुआ है। गांव के बच्चे, महिलाएं व पुरुष रक्षाबंधन को ले काफी उत्सुक थे। वृक्षों के नीचे परंपरा बन चुकी धरना का कार्यक्रम हुआ। दीपक जलाया गया, प्रसाद चढ़ाया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने वृक्षों और झाड़ियों को लाल कपड़े से बांधकर संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र प्रसाद, अमृत सिंह, जगदीश पांडेय, शंकर महतो, मूलचंद ठाकुर, भीखन सिंह, संजय कुमार, जलील मियां, मनोज प्रसाद, कैलाश कुमार, दीपक कुमार, आलम मियां, उषा देवी, पार्वती देवी, रुकसाना खातून, सोहवा देवी, काजल, निक्की, ममता व अन्य शामिल थे।

### मनीष के नामांकन में भारी संख्या में पहुंचेंगे आजसू कार्यकर्ता : गौतम

**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** एनडीए से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के 1 मई नामांकन में शामिल होने को लेकर आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार ने किया। कार्यकर्ताओं को 1 मई को सुबह 9:30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान में अपने - अपने गाड़ी में आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होने और मनीष जायसवाल के नामांकन कार्य हजारीबाग में शामिल होने का निर्देश दिया गया।

### बड़कागांव कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक

**बड़कागांव (प्रातः आवाज)।** बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बड़कागांव झारखंड कॉलेज में कोर कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस कमेटी की बैठक में महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में प्रखंड क्षेत्र के सभी हिस्सों से कार्यकर्ताओं की शामिल होने को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पूरा हजारीबाग लोकसभा में आपार जन समर्थन मिल रहा है, आने वाले दिनों में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार किया जाएगा। वहीं बुधवार को जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर सहमति बनी। विधायक ने हर गांव एवं टोला से नामांकन में शामिल होने की अपील की। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, त्रिलोकी साव, कामेश्वर सिंह, रमेश सिंह भोक्ता, फिरोजा बेगम, प्रेमचंद महतो, दिनेश प्रसाद, परमेश्वर महतो, लालू यादव, गिरधारी प्रजापति, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, ननकू राम, सिद्धार्थ कुमार, बालेश्वर महतो,शिवकुमार महतो, संजय कुमार,टुकन कुमार साव, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद तसलीम, सुरेश महतो, गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, दशरथ प्रसाद, अजय पासवान, हरिनाथ बेदिया, विशाल कुमार, गोविंद राम, बबलू कुमार सहित कई अन्य लोग एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चलकुशा : इंडी गठबंधन की बैठक

**चलकुशा (प्रातः आवाज)।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोइन अंसारी ने किया। बैठक में चुनावी और नामांकन में जाने पर चर्चा किया गया। बैठक में राजद के बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी राजकुमार यादव, चलकुशा जिप सदस्य सविता सिंह, झामुमो प्रखंड सचिव नारायण दास, माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशंकर यादव, सिकंदर अली, मौजूद थे। लोगों ने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र से विनोद सिंह की ऐतिहासिक जीत होगी क्योंकि विनोद सिंह एक नाम नहीं एक सोच है। बैठक में अपील की गई कि 1 तारीख को नामांकन में गिरिडीह अधिक से अधिक संख्या में चलें।

# आज भी ढिबरी युग में जीने को विवश हैं ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार बांडिंग टोली गांव के ग्रामीण

## गांव में अब तक नहीं पहुंचा बिजली का पोल और न ही तार, मीटर लगाकर ग्रामीणों को भेजा जा रहा है बिल

अमन मिश्रा

**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** 2024 लोकसभा चुनाव का पर्व है जहां कई नेता घर-घर जाकर लोगों के बीच वोट मांग रहे हैं और अपने विकास कार्यों को गिना रहे हैं। लेकिन कई गांव ऐसे भी हैं जहां आज भी लोग ढिबरी युग में जीने पर मजबूर हैं। मामले की जानकारी मिलने पर प्रातः आवाज की टीम जिला मुख्यालय से महज 18 किलोमीटर दूर ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार बांडिंग टोली गांव पहुंची, जहां पर आजादी से लेकर आज तक इस गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है। लेकिन इसके बावजूद 3 वर्ष पूर्व ग्रामीणों को बिजली का मीटर थमा दिया गया। इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युतीकरण के नाम पर यहां पर कुछ भी नहीं हुआ है। गांव में न ही बिजली का खंभा और न ही तार लगा है। बस ग्रामीणों को मीटर दे दिया गया है। ऐसे में कई



ग्रामीणों का बिजली बिल आ रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों के अंदर भय का माहौल है।

पूछे जाने पर कई ग्रामीणों ने बताया कि जंगल क्षेत्र होने के साथ-साथ यह इलाका हाथी प्रभावित है। लगातार कई बार इस क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंचते हैं और बिजली नहीं होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों के पठन-पाठन सहित सभी प्रकार के कार्यों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि राशन दुकान में उन्हें 1 लीटर केरोसिन का तेल मिलता है, जिसके भरोसे महीना चलाना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरकार आपके द्वारा या फिर जनता दरबार में लिखित आवेदन ग्रामीणों ने दिया, लेकिन इस पर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों को बार-बार कहने के बाद भी आज तक इस गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बारिश के दिनों में एक जगह पुलिया नहीं होने की वजह से मुख्यालय का संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग से आग्रह किया है कि गांव में जल्द से जल्द विद्युतीकरण किया जाए, जिससे कि लोगों को बिजली को जटिल समस्या से निजात मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जिसका भी बिजली बिल आ रहा है, उनकी जांच करते हुए उसे बंद किया जाए ताकि लोगों के अंदर जो संसय है वह दूर हो।

# सवारी वाहन पलटने से दो की मौत, 15 घायल

प्रातः आवाज

**अड़की।** जिले के अड़की प्रखण्ड अंतर्गत बडानी घाटी के नीचे घुमावदार खरसावां-अड़की सड़क के मोड़ पर सवारी गाड़ी के असंतुलित होकर पलट जाने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए हैं। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग 6.00 बजे की बताई जा रही है। बुंडू थाना अंतर्गत हेंठ कांची निवासी देवानंद मुंडा उर्फ देवान मुंडा की बेटी की शादी कुचाई प्रखंड के बारूहातु में हुई थी। जहां लड़की पक्ष के लोग सराती में गए थे। वापस लौटने के क्रम में बडानी घाटी के तीखे मोड पर चालक के संतुलन खो देने से सवारी गाड़ी पलट कर गड्ढे में जा गिरी, जिसमें 15 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को कल्याण अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को सदर अस्पताल रेफर





किया गया जहां इलाज के दौरान रोहित मुंडा उम्र 21 वर्ष की मौत हो गई। वह हेंठ कांची का रहने वाला था। जबकि दूसरा मृतक प्रकाश मंडा उम्र 18 वर्ष बुंडू के बारुहातू बाडेदा का रहने वाला था। वहीं गंभीर रूप से घायल 22 वर्षीय अजय मुंडा हेंठ कांची निवासी को बेहतर इलाज हेतु खूंटी सदर से रिम्स रेफर कर दिया गया।

## समाचार सार

### सिमडेगा के सदर अस्पताल में लू के मरीजों के लिए बनाया गया पांच बेड



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** सिमडेगा में अहले सुबह से ही भीषण गर्मी पड़ रही है, इसे लेकर जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज की गई। वहीं भीषण गर्मी की वजह से सड़कें पूरी तरह से वीरान हो जा रही है और लोग बाहर जाने से कतरा रहे हैं। इधर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अलर्ट मोड पर काम कर रही है। जानकारी देते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी में लू के चपेट में आने वाले मरीज के लिए सदर अस्पताल में पांच बेड विशेष रूप से बनाए गए हैं, जहां पर लू पीड़ित मरीज के इलाज की जाएगी। वहीं उन्होंने गर्मी को लेकर लोगों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि लोगों को जरूरत हो तो ही घर से बाहर निकले अन्यथा घर में ही रहें। उन्होंने कहा कि आवश्यक कार्य हो तो सुबह और शाम जब धूप कम हो तो निकलें। उन्होंने हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने एवं माथे में तौलिया लेने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने ठंडा पेय पदार्थ का सेवन करने की बात कही। इसके अलावा तरबूज, खीरा, आम रस सहित अन्य फलों का ज्यादातर सेवन करने की बात कही, जिससे कि लू की चपेट में आने से बचा जा सकता है।

### बच्चों के कौशल विकास के लिए खूंटी में आठ दिवसीय समर कैंप 17 मई से

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी और खूंटी राइफल शूटिंग क्लब के तत्वावधान में आगामी 17 से 24 मई तक खूंटी में समर कैंप सह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के कौशल विकास के लिए आयोजित द्वितीय समर कैंप सह प्रतियोगिता के माध्यम से तीरंदाजी अकादमी में पांच साल के ऊपर और राइफल एवं पिस्टल शूटिंग में नौ साल से ऊपर के बालक-बालिकाओं का चयन किया जाएगा। समर कैंप में तीरंदाजी और राइफल शूटिंग के अलावा शारीरिक प्रशिक्षण, मनोरंजक गतिविधियां, योग आदि की कक्षाएं शामिल होंगी। इसके लिए प्रतिदिन सुबह छह से आठ बजे और शाम चार से छह बजे तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप का हिस्सा बनने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 15 मई है। इसके लिए खूंटी जिले के बच्चों का शुल्क 1000 रुपये और खूंटी जिले के बाहर के बच्चों के लिए 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षक बसंत कुमार (एनआईसी कोच) के मोबाइल नंबर 7004941546 और राइफल क्लब प्रशिक्षक अनुज कुमार (एनआईसी कोच) के मोबाइल नंबर 8340757924 पर संपर्क कर सकते हैं।

### तीन मई तक मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूर्ण करें



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केंद्रों और घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न और किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और कार्य में तेजी प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है, लेकिन खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों की जांच की। उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ से मुलाकात की और लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केंद्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने तीन मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार पहुंचे सिमडेगा, चुनाव कार्यों का लिया जायजा

## उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत





प्रातः आवाज

**सिमडेगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों का जायजा लेने हेतु झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड के रवि कुमार मंगलवार को सिमडेगा परिसदन पहुंचे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सिमडेगा शहरी क्षेत्र के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय ठाकुर टोली स्थित मतदान केंद्र संख्या 156, 157, 158 के बीएलओ से उनके क्षेत्र में मतदाताओं एवं मतदान के लिए किए जा रहे तैयारियों के बारे में पूछताछ किया। इन मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार मीडिया से मुखातिब हुए। पिछले मतदान में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का कर रहे निरीक्षण मे राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय घोचो टोली सिमडेगा के मतदान केंद्र संख्या 141, 142, 143, 144 स्थित मतदान केंद्रों पर पेयजलापूर्ति, शौचालय, मतदान की व्यवस्था,वोटरलिस्ट में ए एस डी वोटरों को चिन्हित करना, नए वोटरों को एपिक पहचान के अतिरिक्त 12 पहचान पत्रों में किसी एक से मतदान करने आदि की जानकारी ली गई।

मतदाताओं को बांटे जाने वाले वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उसके बाद मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा के मतदान केंद्र संख्या 159, 160, 162, 163 का निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्र 162 के वीएलओ व सुपरवाइजर की लापरवाही के कारण उनपर कारवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियार खलखो सहित अन्य उपस्थित थे।

# सभी प्रत्याशी जल्द अपने इलेक्शन एजेंट की प्रतिनियुक्ति करें : जिला निर्वाची पदाधिकारी




प्रातः आवाज

**खूंटी।** खूंटी (अजजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी, (भाप्रसे), पुलिस प्रेक्षक, डॉ मनोज कुमार, (भापुसे) और व्यय प्रेक्षक एसआर नेदुमारन, (भारासे) की अध्यक्षता में लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 को लेकर मंगलवार कों समाहरणालय सभागार में प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में बताया गया कि सभी प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों की सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है। सभी प्रत्याशी अपने इलेक्शन एजेंट प्रतिनियुक्त करें, जिनके द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वैसे संबंधित रेट चार्ट उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके आधार पर प्रत्याशियों के व्यय की गणना होगी।इसके अतिरिक्त व्यय से संबंधित दो मई, छह मई और दस मई को रजिस्टर का मिलान डीआरडीए सभागार में पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को आवश्यक प्रपत्रों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एक मई को द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बिंदुओं पर जानकारी दी। जिले में दो मई से 10 मई तक इससे संबंधित प्रशिक्षण एवं सुविधा केंद्र के लिए बिरसा कॉलेज एवं लोयला इंटर कॉलेज के स्थलों को चयनित किया गया है। इसमें इलेक्शन एजेंट उपस्थित रहें।

साथ ही सर्विस वोटर एवं होम वोटिंग को लेकर जानकारी दी गई। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है है, इसमें सभी बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रह सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 58 तमाड़ (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केन्द्रों के रिलाकेशन के संबंध में जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर सभी प्रयास किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने को लेकर की गई तैयारी की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक द्वारा व्यय संबंधित विषयों पर विभिन्न रेजिस्टरों की जानकारी दी गई।

# दुनिया में क्या हम बड़ा बंगला बनाने आये हैं या बैंक बैलेंस बढ़ाने आये हैं : श्याम माधव सुंदर प्रभु

प्रातः आवाज

**खूंटी।** श्याम माधव सुंदर प्रभु ने कहा कि बहुत जन्मों के बाद हम मानव जन्म में आये हैं, क्या बड़ा बंगला बनाने आए हैं या बैंक बैलेंस बढ़ाने आए हैं बड़ा आदमी बनने आए हैं नहीं हम भक्ति करने आए हैं। जो सरकार के नियमों को नहीं मानता, उसकी जगह जेल में होती है इसी तरह जो भगवान के नियमों को नहीं मानता उसकी जगह भौतिक जेल मानी गई है।



जेल में रहते हुए वहीं मानव मुक्त है जो भक्ति करता है। हरे कृष्ण मंदिर खूंटी के तत्वावधान में खूंटी केंद्र में प्रवास काल में पहुंचे श्याम माधव सुंदर प्रभुजी ने मंगलवार को गोविंदपुर शाखा मैदान में प्रवचन कर रहे थे। दृढ़ता से लगने के लिए हमें पाप समाप्त करने होंगे और भगवान के लिए प्रेम पूर्वक जीवन व्यतीत करना होगा। स्कूल कॉलेज में तकनीक दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, अस्पताल बढ़ते जा रहे हैं, फिर भी बीमारी कम नहीं हो रही है। सेंट्रल जेल भरी पड़ी है, पागलखाने भरे पड़े हैं, रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। अगर मानव समाज उन्नति कर रहा है, तो ये सारे स्थान खाली होने चाहिए।

# जिले में हर ओर सेंट मेरीज का लहराया परचम

## अच्छे परिणाम का पूरा श्रेय अनुमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी बादल राज को जाता है : फादर फेडरिक









प्रातः आवाज

**सिमडेगा।** कहा जाता है की परिणाम आपके मंजिल की कठिनाइयों का गवाह होता है। बस इन्ही बातों को चरितार्थ करते हुए सिमडेगा के इन्टर के साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स का परिणाम हम सभी के सामने है। कला वर्ग में सिमडेगा जिला अव्वल रहा है। पूरे झारखंड में कला वर्ग के बच्चे प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। सिमडेगा जिला के प्रवीन बैठा ने सिमडेगा जिला में पहला और झारखंड में आठवां स्थान प्राप्त किया है। प्रवीन बैठा सेंट मेरीज इन्टर कॉलेज का विद्यार्थी रहा है। कठिन परिस्थियों का सामना करते हुए उसने अपनी पढाई जरी रखी और सिमडेगा के साथ-साथ झारखंड में भी परचम लहराया है। वहीं विज्ञान संकाय में जिला में सेंट मेरीज का दबदबा कायम रहा है। इस वर्ष जिले में सारे दस के दस टॉपर सेंट मेरीज इन्टर कॉलेज के ही हैं, जिसमे आशिष जैसवाल 359 अंक पाकर जिले में अव्वल रहा है। साथ ही विवेक केशरी 458, आदित्य बड़ाईक 453, मनीष कुमार सिंह 448, सुमैया परवीन 444,



अफसाना परवीन 435, श्रेया श्री गुप्ता 432, राजकुमार साहू 424, कुलदीप मरांडी 420, मनीष पैक 411 ने जिले का नाम रोशन किया है।



सेंट मेरीज के प्रधान अध्यापक फादर फेडरिक ने कहा कि उपलब्धि हम पाते ही थे पर जिला तक ही सीमित होता था, लेकिन आज हमारे इस जिले के स्टूडेंट्स इतना अच्छा कर दिखाया कि हम रांची जैसे जिले और अन्य जिलों को भी पछाड़कर आगे निकल गए। यह लोगों को भी बहुत प्रोत्साहित करेगा कि हमारा जिला भी आगे है और यह भी दूसरे जिलों से कम नहीं है। आर्ट्स में हमलोगो ने स्टेट टॉप किया है और कॉमर्स का भी रिजल्ट बहुत अच्छा रहा। साइंस का प्रदर्शन भी अच्छा रहा बच्चे बहुत मेहनत कर रहे है अगर और मेहनत करते तो और ज्यादा अच्छा रहता। निश्चित रूप से जिला में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है। कोरोना काल से अभी पढ़ाई का स्तर बहुत बेहतर हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को खासकर बादल राज सर का बहुत आभार व्यक्त किया। उन्होंने इसके पीछे बहुत मेहनत किया की बच्चे आगे बढ़े और अच्छे रिजल्ट दे पाए! समय समय पर टेस्ट या वीकली टेस्ट लेकर बच्चो का मार्गदर्शन करते रहे। फादर फेडरिक ने कहा हम बहुत खुश है और बाकी विद्यालय के विद्यार्थियों को भी धन्यवाद प्रकट किया उनके सहयोग के लिए।

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने किया नामांकन

## राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पीएन सिंह, राज सिन्हा थे मौजूद

प्रातः आवाज

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के समय सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा एक सेट से प्रस्तावक व अधिवक्ता नरेंद्र त्रिवेदी मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी ने चार सेट में नामांकन दाखिल किया। धनबाद उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के हाथों में नामांकन पत्र सौंपा गया। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद सवा बारह बजे के करीब जिला निर्वाचन पदाधिकारी के चैंबर से बाहर निकले। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नामांकन में शामिल होने वाले थे, लेकिन उस समय तक नहीं पहुंच सके। सीएम भजन लाल शर्मा का 10 बजकर 10 मिनट पर बरवाअड्डा हवाई अड्डा हेलीकॉप्टर से पहुंचने का समय निर्धारित था। यहां से वह सीधे जिला समाहरणालय पहुंचते, लेकिन वो दोपहर दो बजे के आसपास धनबाद पहुंचे। बरवाअड्डा हवाई अड्डा से सीधे गोल्फ ग्राउंड के लिए रवाना हो गए। नॉमिनेशन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार झारखंड से सभी 14 सीट एनडीए जीतेगी। ईंडी गठबंधन पहले ही चुनाव में हार मान लिया है। वहीं भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। इस समर्थन का चुनाव के नतीजे में परिणाम देखने को मिलेगा।

### गाजे-बाजे के साथ नामांकन करने पहुंचे थे ढुल्लू

गाजे-बाजे से साथ जुलूस लेकर ढुल्लू महतो नामांकन के लिए आए। बड़ी संख्या में समर्थक तथा वाहनों का काफिला भी था। लेकिन, मेमको मोड़ के पास भाजपा प्रत्याशी के काफिले को रोक दिया गया। यहां बने चेकनाका से आगे वाहन के जाने पर रोक लगा दी गई। तय नियमों के अनुसार तीन वाहनों को ही यहां से समाहरणालय की ओर जाने दिया गया। ढुल्लू महतो मुख्य प्रवेश द्वार से पैदल निकल डीसी के चैंबर में पहुंचे।



### नामांकन के बाद पार्टी प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेताओं ने किया रोड शो

नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं की भीड़ मेमको मोड़ में जुटी थी। मेमको मोड़ के गोल बिल्डिंग जाने वाले रास्ते में कार्यकर्ताओं के वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। वहीं दूसरी ओर मेमको मोड़ से भूली जाने वाले रास्ते पर कार्यकर्ताओं की भीड़ देखने को मिली। सुबह करीब दस बजे से कार्यकर्ताओं का जुटान होने लगा था। सड़कों पर बढ़ती भीड़ अंतिम में जिला समाहरणालय तक पहुंच गई। ढोल नगाड़े गाजे बाजे एवं आदिवासी नित्य के साथ समर्थकों ने अपने लोकप्रिय नेता ढुल्लू महतो एवं बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। इसके बाद जुलुश के साथ रोड शो करते हुए बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो धनबाद के गोल्फ ग्राउंड के लिए निकले। जुलूस में उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता जहां केसरिया परिधान और पगड़ी में नजर आएं वही गाजे बाजे और झूमते नाचते कार्यकर्ता बीजेपी के झंडा लिए ढुल्लू के समर्थन मे खूब नारे भी लगाएं।

### गोल्फ ग्राउंड में जनसभा का आयोजन

रोड शो के बाद गोल्फ ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा को राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो के अलावा धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह विधायक राज सिन्हा एवं सभी जन प्रतिनिधि संबोधित किया। सभी नेताओ ने कहा कि देश में मोदी की लहर है। धनबाद की जनता भाजपा के साथ है। पांच साल के लिए जनता उनको साथ देगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में जनता से किये गये सारे वायदो को पूरा करेंगे। सभा में एनडीए के सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### नामांकन से पहले की पूजा- पाठ

नामांकन से पहले सर्वप्रथम ढुल्लू महतो ने अपने धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ अपने गांव चिटाहीधाम स्थित रामराज मंदिर में पूजा अर्चना कर हजारों समर्थकों के साथ धनबाद के बरवाअड्डा एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया और सीधा उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। यहां से ढुल्लू महतो पर्चा दाखिल करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह और विधायक राज सिन्हा के साथ समाहरणालय पहुंच धनबाद उपायुक्त को अपना नॉमिनेशन फाइल सुपुर्द किया।

### अपने ही कार्यकर्ताओं पर बिफरे ढुल्लू महतो

सादगी, संजीदगी, सभी का साथ और आशिर्वाद के साथ ढुल्लू महतो ने एक मिशाल पेश की। ढुल्लू के समर्थन में हवाई अड्डा पर नारा लगा रहे अपने ही कार्यकर्ताओं पर वे बिफर पड़े और उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। दरअसल धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपना पर्चा दाखिल करने से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को रिसीव करने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाईअड्डा पहुंचे थे। यहां उनके पहुंचते ही कुछ कार्यकर्ता ढुल्लू महतो जिंदाबाद का नारा लगाने लगे। जिससे ढुल्लू महतो नाराज हो गए और अपने ही कार्यकर्ताओं पर बिफरे। ढुल्लू महतो की नाराजगी देख उत्साहित कार्यकर्ता हतोत्साहित हो एयरपोर्ट कैम्पस से बाहर निकल गए। जिसके बाद ढुल्लू महतो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ नॉमिनेशन करने के लिए जिला समाहरणालय के लिए निकल गए।



### नामांकन करने वाले पहले प्रत्याशी बने ढुल्लू

धनबाद सीट से नामांकन करने वाले भाजपा के ढुल्लू महतो पहले प्रत्याशी बने। नामांकन सोमवार से ही शुरू हो गया था। पहले दिन किसी ने नामांकन नहीं किया था।

## लोकसभा चुनाव के लिए 2 उम्मीदवारों ने किया नामांकन, 3 ने खरीदा पर्चा



प्रातः आवाज

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे। वहीं लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 3 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सामान्य वर्ग के लिए 3 व्यक्ति ने 25 - 25 हजार का भुगतान करके नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## झारखंड के सभी चौदह सीटों पर होगा एनडीए का कब्जा : भजनलाल

प्रातः आवाज

**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे। वह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे, लेकिन विलंब होने के कारण वह सीधे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। जहां उन्होंने मंच से कार्यकताओं को संबोधित किया।उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए पूर्व की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार को कंट्रोल करने का भी आरोप लगाया।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 हमने संगठन को दिया



और इस बार 2024 मे भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड के भी सभी 14 सीट एनडीए गठबंधन को मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आपका है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश की संस्कृति और देश की विचार को लेकर के चलती है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटा तो खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नही चला। उन्होंने कहा कि वे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तारीख पूछते थे, हमने रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की तारीख भी बताई और उन्हें निमंत्रण भी भेजा।

राजस्थान के सीएम भजनलाल ने कहा कि राजस्थान में इंडी गठबंधन वालों ने जिसे भी टिकट दिया उसने चुनाव लड़ने से ही मना कर दिया, कई ने तो कहा मैने तो टिकट मांगी ही नहीं, ऐसे में कई सीट पर प्रत्याशी बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब आप राम के ही नहीं है तो राम आपमें कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बेमन से चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि 4 जून को झारखंड के चौदहों सीट पर कमल के का फूल खिलेगा और झारखंड से हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे।

## कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह आज करेंगी नामांकन

प्रातः आवाज

**धनबाद।** बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह भी नॉमिनेशन करेंगी। और उनकी ओर से भी गोल्फ मैदान में ही सभा का आयोजन होगा। अनुपमा सिंह के नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी सहित अन्य नेता शामिल रहेंगे।

कांग्रेस की ओर से भी पूरी तैयारी की जा रही है। सबको एकजुट करने की कोशिश हो रही है।देखना होगा कि भाजपा की ताकत से कांग्रेस की ताकत आगे निकलती है या पीछे रह जाती है। वैसे तैयारी दोनों ओर से की गई है। यह भी एक संयोग ही है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के पास कोयला मजदूरों की कमोबेश ताकत है। ढुल्लू महतो भी कोयला मजदूर संगठन से जुड़े हैं तो अनुपमा सिंह के पति विधायक अनूप सिंह भी कोयला मजदूरों की राजनीति करते है।



### धनबाद से 2004 में जीती थी कांग्रेस

1991 से अगर 2019 तक की बात की जाए तो सिर्फ 2004 को छोड़कर हर एक बार यहां से भाजपा का विजय पताका लहराया है। 1991 में रीता वर्मा बीजेपी की टिकट पर चुनाव जीती थी। पति जांबाज एसपी शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की शहादत के बाद वह चुनाव राजनीति में आई और लगातार चार बार सांसद रही। उसके बाद उनका टिकट काटकर उस समय के विधायक रहे पशुपतिनाथ सिंह को टिकट दिया गया। पशुपतिनाथ सिंह लगातार तीन बार सांसद रहे, लेकिन चौथी बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। भाजपा ने ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस ने इस बार बेरमो के विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा से टिकट दिया है। 2004 में धनबाद लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर ददई दुबे जीते थे। उसके बाद से लगातार कांग्रेस हारती रही है।मंगलवार और और बुधवार को नामांकन के बाद धनबाद में चुनाव प्रचार तेज होगा। तीन बार के सांसद रहे पशुपतिनाथ सिंह ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र का विजय पताका ढुल्लू महतो को सौंप दिया है। अब इस पताके की लाज बचाना भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जिम्मेवारी है। धनबाद लोकसभा सीट को फिर से जीतना बीजेपी के लिए जरूरी है तो कांग्रेस भी प्रयास करेगी कि यह सीट भाजपा से छीन लिया जाए।

## कांग्रेस नेता ललन चौबे भाजपा में शामिल



प्रातः आवाज

**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के मंगलवार को नामांकन के बाद धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में हुई सभा के बीच बुजुर्ग कांग्रेसी नेता ललन चौबे भाजपा में शामिल हो गए। इसके पहले उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह को बनाए जाने का वह विरोध कर रहे थे। इस्तीफा देने के बाद मंगलवार को वह भाजपा में शामिल हो गए। मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें भाजपा में शामिल कराया।

बताते चलें कि यह परिवर्तन लोगों को आश्चर्य में भी डाल दिया है। क्योंकि ललन चौबे कांग्रेस के पुराने नेता रहे है। पूर्व सांसद ददई दुबे के वह प्रबल समर्थक बताए जाते है। अनुपमा सिंह को टिकट मिलने के बाद ही उन्होंने इस्तीफा देने की घोषणा की थी। जिसके बाद अनुपमा सिंह के पति अनूप सिंह ने कहा था कि ललन चौबे और ढुल्लू महतो में कोई अंतर नहीं है। मैं इतना असभ्य नहीं हूं कि सारी बातें खोल कर बताऊ। खैर, जो भी हो लेकिन इस्तीफा देने के पहले ललन चौबे विधायक अनूप सिंह पर काफी हमलावर थे। इस हमले की परिणिति मंगलवार को भाजपा में शामिल होकर सामने आई। वैसे भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो तो बोकारो जाकर पूर्व सांसद ददई दुबे से भी मुलाकात की थी। और इसका फोटो भी खूब वायरल हुआ था। ददई दुबे से उन्होंने जीत का आशीर्वाद लिया था। बहरहाल, जो भी हो लेकिन लगता है कि धनबाद में आया राम गया राम का सिलसिला एक बार फिर शुरू होगा। इससे किस पार्टी को कितना फायदा होगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। इतना तो तय है कि एकबार फिर धनबाद लोकसभा चुनाव घात- प्रतिघात का भी गवाह बनेगा।

### आउटसोर्सिंग वाहन के धक्के से विद्युत पोल टूटा, अंधेरे में 25 हजार की आबादी

**भौरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्र के मोहलबनी चंदन उत्खनन परियोजना में चल रहे वोल्वो के गाड़ी के चपेट में आने से भौरा क्षेत्र में सप्लाई होने वाले बिजली के दो खंबे टेढ़े हो जाने के कारण सोमवार की रात 12:00 बजे भौरा क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद हो जाने के कारण करीब 25000 आबादी इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के रात से लेकर दिन भर परेशान रहे खास कर छोटे-छोटे बच्चे महिलाओं को बिजली नहीं रहने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा चंदन उत्खनन परियोजना से वोल्वो के द्वारा माहौल बनी डंपिंग पॉइंट पर मालवा गिराया जाता है बिना सोचे समझे मालवा गिरा देने के कारण बिजली के दो खंबे इनके चपेट में आ गए जिससे पूरा क्षेत्र प्रभावित हो गया इसी जगह पर दो बार पहले भी बिजली के खम्बो को तोड़ दिया गया था पर इस पर विद्युत विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना इस गर्मी में उठाना पड़ रहा है। पूर्वी झरिया क्षेत्र में लगभग 120 अधिकारी काम करते है। पर मजे की बात तो यह है कि एक भी अधिकारी का घर भौरा क्षेत्र में नहीं रहने के कारण पानी बिजली की समस्या से किसी भी अधिकारियों को कोई लेना-देना नहीं है जिससे यहां के लोग काफी परेशान रहते हैं बिजली नहीं रहने के कारण पानी भी लोगों को नहीं मिला समाचार लिखे जाने तक अभी काम चल ही रहा है अभी तक बिजली नहीं आई है लोग इसी हाल में बैठे हुए हैं कि कब बिजली आयेगी।

## बड़ा हादसा : बस और ट्रक की टक्कर में 2 यात्रियों की मौत, 1 दर्जन घायल

प्रातः आवाज

**धनबाद।** धनबाद जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें 2 यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 1 दर्जन यात्री घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मामला जिले के तोपचांची नेशनल हाईवे पर कोटालअड्डा ओवरब्रिज के पास का है। बताया जा रहा है कि मंगलवार कै अहले सुबह यात्री बस ने एक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। आनन-फानन में घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने एक यात्री को मृत घोषित कर दिया जबकि एक यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लगभग 1 दर्जन जख्मी का इलाज मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। 2 मरीज की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के घर वालों से भी संपर्क किया जा रहा है। घटना के संबंध में बस यात्रियों ने बताया कि राज नामक बस कोलकाता के बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही थी। इसी दौरान एनएच स्थित कोटालअड्डा ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार बस आगे जा रही ट्रक में टक्कर मारी। हादसे में ट्रक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कई बस यात्री घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस व एनएच कर्मियों की मदद से चालक और बस में सवार सभी लोगों को बहार निकाला गया। वहीं गंभीर रुप से घायल लोगों को इलाज के धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है।

## समाचार सार

### मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा का किया गर्म जोशी के साथ स्वागत



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की बैठक मे पहुंचीं। जहां पर मारवाडी समाज की महिलाओ ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। अनुपमा सिंह ने सभी का पांव छुकर आशीर्वाद लिया और उपस्थित सभी को अपने विजन के बारें मे बताया। साथ ही सभी धनबाद की ज्वलंत समस्या पर चर्चा किया। अनुपमा सिंह ने कहाँ की अच्छी कॉलेज नही है आज बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर जाना पड़ता है रोजगार के लिए भी कोई व्यवस्था नही है जाम की भारी समस्या है। विभिन्न अस्थानों के लिए ट्रेने नही मिलती है एयरपोर्ट की मांग पूरी नही हो रही है और अच्छे हॉस्पिटल नहीं है । मुझे एक बार आशीर्वाद दें मैं मैं आपकी उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खरा उतरने की पूरी कोशिश करूँगी। मारवाडी समाज की महिलाओं ने कहाँ की हमारी आपको खूब शुभकामनाएं आशीर्वाद है जीत कर आप आयें हम फिर आपका स्वागत करेंगे क्योंकि आप सांसद के लिए योग्य हैं। मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष शारदा बजाज, सचिव सुधा खैतान, किरण गोयनका निर्मला तुल्स्यांन सहित अन्य समाज की प्रभुध महिलाएं थी मौके पर कांग्रेस से प्रभात सुरोलिया, राजेश्वर सिंह यादव सहित अन्य थे।

### बाल मजदूरी, बाल तस्करी रोक पर कार्य कर रही है स्वयं सेवी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट

**महुदा (प्रातः आवाज)।** 01 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस है, दुनिया भर में मजदूर हित की बातें की जाती है ट्रेड यूनियन एवं राजनीतिक दल के नेता जोर शोर से मजदूर हित की बातें तो करते हैं लेकिन देश के नौनिहाल बाल श्रमिकों के प्रति गम्भीर होकर उसके समुचित विकास के लिए काम करने की आवश्यकता है। धनबाद जिला में बाल मजदूरी/ बाल तस्करी रोक पर कार्य कर रही स्वयं सेवी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने कहा कि धनबाद झारखंड ही नहीं देश के लिए बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी एक गम्भीर समस्या बनी हुई है आज भी बाल श्रमिक ईट भट्ठों, होटलों, गैरजो, दुकानों, कल कारखानों में बड़ी मात्रा में पाया जाता है, प्रो0 रवानी ने आगे कहा की धनबाद एवं बोकारो जिला में आज भी झारखंड एवं बिहार के अन्य जिलों से बाल श्रमिक आकर काम करते है ट्रस्ट द्वारा विगत तीन वर्षो में दर्जनों बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर मुख्य धारा से जोड़ा गया है एवं कई प्रतिष्ठानों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। प्रो0 रवानी ने कहा कि बाल श्रमिक को रोकने के लिए बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं किया जाना चाहिए। द्वारा किया जाता हो, में बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान में रखा जाएगा पर कनून बना हुवा है लेकिन इस कानून का पालन नहीं ले किया जा रहा है। आज भी झारखंड के कई जिलों से बच्चो को महानगरों में लालच देकर काम करने के लिए ले जाया जाता है। उन्होंने आगे कहा किगुलामी, बाल तस्करी, ऋण बंधन, जबरन मजदूरी, सशस्त्र संघर्ष में बच्चे और अवैध गतिविधियों में काम करने वाले बच्चों को बाल श्रम के सबसे खराब रूपों में से कुछ माना जाता है। खतरनाक काम भी बाल श्रम के सबसे खराब रूपों में से एक है।

### शव यात्रा में शामिल घनुडीह के सोनू दामोदर में डुबा, 18 घंटे बाद मिला शव



**भौरा (प्रातः आवाज)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसा पुल समीप दामोदर नदी में झरिया के घनुआडीह से अपनी दादी का शव जलाने आए 17 वर्षीय युवक सूरज कुमार वर्मा स्नान करने के क्रम में दामोदर नदी में डूब गया, जिसका शव मंगलवार को लगभग 18 घंटे के बाद दामोदर नदी के पानी के उपर तैरता हुआ सितानाला घाट में मिला। जिसे सुदामडीह पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से निकाला जिसका सुदामडीह पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस ने कल शव को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन असफल रही थी। ज्ञात हो की जिस जगह घटना घटी है इससे पूर्व में भी दर्जनों महिला एवं पुरुष डुबकर अपनी जान गंवा चुके हैं। जब-जब घटना घटती है तो पुलिस दामोदर नदी पर गौताखोर करने की बात करते हैं, परन्तु हकीकत में होता कुछ नहीं है। प्रत्येक वर्ष दामोदर नदी में तीन चार लोग डुबकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेते हैं, पर जिला प्रशासन की और से यहां कुछ भी व्यवस्था नहीं है।

### लोगों के मिल रहे समर्थन से इस बार धनबाद लोकसभा में आसपा होगी विजय : डा नैय्यर



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** जनता की मिल रही अपार समर्थन को देखते हुए डॉ परवेज नैयर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यहां की जनता का प्यार मिल रहा है उससे यही प्रतीत होता है कि धनबाद लोकसभा में आजाद समाज पार्टी (का) बेहतर परिणाम हासिल करेगी। नैय्यर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के प्रति लोगों में बढ़ रही विश्वास और उत्साह को देखते हुए पार्टी के निर्देश पर वे समाज सेवा का कार्य निरंतर जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूर, विस्थापित, दलित, अल्पसंख्यकों व मजलूम के हक व अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा। डॉ नैय्यर ने कहा कि बड़े दिनों बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एक साफ सुथरी छवि के व्यक्तित्व वाले समाज सेवी को टिकट मिलना क्षेत्र के विकास में एक मुकाम हासिल करेगा। इधर टिकट मिलने के उपरांत विभिन्न संगठन और लोगों का समर्थन लगातार मिल रहा है। कई संगठन के लोग पार्टी कार्यालय पहुंचकर अपना समर्थन दे रहे हैं।

### बीआरएल डीएवी में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन



**भंडारीदह (प्रातः आवाज)।** बीआरएल डीएवी भंडारीदह विद्यालय के सभागार में कक्षा तृतीय से कक्षा द्वादश तक के अभिभावकों के बीच शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में अभिभावक गण उपस्थित होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देने हेतु चर्चा किया। अभिभावकों की ओर से बसंत कुमार महापात्र एवं राजेश रोशन महतो ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी का आयोजन विद्यालय में समय-समय पर होना अति आवश्यक है, जिसके माध्यम से शिक्षकों एवं बच्चों के बीच शैक्षणिक माहौल में परिवर्तन लाया जा सकता है। हम सभी अभिभावकों का दायित्व है कि इस विद्यालय की हर संभव मदद की जाए, क्योंकि ग्रामीण परिवेश के बावजूद यहां की शैक्षणिक व्यवस्था एवं विद्यालय के अनुशासन पर हम सभी को तनिक भी संदेह नहीं है। जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में हमें योगदान देती है।

### ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बोकारो (प्रातः आवाज)।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी के निमित ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां उन समुदायों की भलाई के लिए प्रयासरत है। आज बच्चों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद करने और प्रतियोगियों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना पैदा करने के अलावा उनके ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विशेष रूप से विभिन्न ई एस एल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ई एस एल स्टील लिमिटेड द्वारा अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया गया। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे का विचार छात्रों को अपने पाठ्य ज्ञान से परे देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ई एस एल स्टील लिमिटेड विज्ञान प्रदर्शनी, कला शो, क्विज आदि सहित कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है।

## पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच गिलेस्पी ने कहा

# वह बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच के रूप में उनका सिद्धांत यह होगा कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश न करें जो वो नहीं हैं। पाकिस्तान के टेस्ट कोच के रूप में गिलेस्पी का पहला कार्यभार अगस्त में बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। यह पहली बार है कि गिलेस्पी किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच होंगे। इससे पहले वह यॉर्कशायर के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं, साथ ही ससेक्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया को भी



कोचिंग दे चुके हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ टी20 कोचिंग भूमिकाएं भी निभाईं। जेसन गिलेस्पी ने कहा, देखो, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! टेस्ट क्रिकेट प्रारूप की लोकप्रियता में योगदान देने पर, गिलेस्पी ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से आपके खेल के हर हिस्से का टेस्ट लेता है। यह टेक्नीक का परीक्षण करता है और यही सच्ची परीक्षा है। आपको केवल दुनिया भर के खिलाड़ियों से बात करनी है और वे सभी टेस्ट खेलना पसंद करते हैं।

**आईपीएल:2024 में अच्छा प्रदर्शन करना**

# टी-20 विश्व कप चयन की गारंटी नहीं देता : इरफान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि मौजूदा आईपीएल 2024 में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए चयन की गारंटी नहीं दे सकता। इरफान पठान ने टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया के चयन पर अपनी बात रखी है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि जब चीका सर (कृष्णमाचारी श्रीकांत) चयनकर्ता थे, तब मैं भारतीय टीम का हिस्सा था। भारत के लिए खेलने के बावजूद मुझे चोटिल होने के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मेरे मन में उनके प्रति बहुत सम्मान है, लेकिन मैं कह रहा हूं उस समय स्थिति अलग थी। शायद कप्तान या चयन समिति की सोच भी अलग थी। 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे पठान ने कहा कि जब आप चयन समिति में होते हैं, तो आपको किसी खिलाड़ी के बारे में नहीं भूलना चाहिए। सिर्फ आईपीएल को चयन का आधार नहीं, बल्कि खिलाड़ी के पिछले प्रदर्शन को भी ध्यान में रखना होगा।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के सामने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करना काफी मुश्किल काम है, क्योंकि जहां कुछ नए चेहरे आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं कई ऐसे बड़े नाम भी है, जिनका प्रदर्शन अब तक टूर्नामेंट में ज्यादा अच्छा नहीं रहा है।

जब पठान से पूछा गया कि क्या टी20 विश्व कप के लिए युवा खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए, तो उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी आ सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए की पिचों की धीमी परिस्थितियों में खेला जा रहा है, इसलिए अनुभवी खिलाड़ियों को चुना जाना महत्वपूर्ण है। तो आप जो सवाल पूछ रहे हैं, वह यह है कि युवा खिलाड़ियों को चयनकर्ताओं द्वारा समर्थन दिया जा रहा है, खासकर आईपीएल के प्रदर्शन के बाद।

**टी-20 वर्ल्ड कप**

## टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम का एलान, बावुमा स्[ ॉड से बाहर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी। टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का एलान हो गया है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की कमान एडेन मार्करम को सौंपी गई है। वहीं, पूर्व कप्तान तेम्बा बावुमा को टीम से बाहर कर दिया गया है। ओटनील बार्टमैन और रेयान रिकेल्टन के रूप में टीम में दो नए चेहरे हैं। यह पहली बार है जब किसी आईसीसी इवेंट में मार्करम कप्तानी करते दिखेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम में सबसे



दिलचस्प चीज एनरिक नॉर्त्जे को शामिल करना रहा है। वह नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज आईपीएल 2024 सीजन खेल रहा है। इससे पहले वह पीठ की चोट से जूझ रहे थे। इस समस्या की वजह से वह सितंबर 2023 से एक्शन से बाहर थे।

इस खास टूर्नामेंट के जरिए क्विंटन डिकॉक भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने 2023 क्रिकेट विश्व कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। डिकॉक 2022 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। नॉर्त्जे और डिकॉक, दोनों क्रिकेटरों को हाल ही में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखा गया था।

टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम : एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्तुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्त्जे, कगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।



# रिंकू का नाम 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : श्रीकांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। रिंकू आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी की आखिरी पांच गेंदों पर पांच सिक्स जड़ने के साथ सुर्खियों में आए। आईपीएल में उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीता है। इतना ही नहीं पिछले सीजन में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने साल के अंत में भारत के लिए टी20 में डेब्यू किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से सात मैच में 176.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे।

केकेआर के शीर्ष क्रम ने आईपीएल 2024 में अब तक टीम के लिए बड़े पैमाने पर स्कोरिंग की है। रिंकू को बल्लेबाजी के लिए ज्यादा समय नहीं मिला है, उन्होंने आठ मैचों में 157.74 की स्ट्राइक-रेट से 112 रन बनाए हैं। श्रीकांत भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि रिंकू सिंह मेरे 15 खिलाड़ियों में से एक है। उसे आईपीएल में बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन आप उसका अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक रिकॉर्ड देखें, यह अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि आईपीएल के जरिए कई भारतीय युवा खिलाड़ी को अपना दमखम दिखाने का मौका मिला है, जिनकी अब आगामी पुरुष टी20 विश्व कप की चयन दौड़ में चर्चा हो रही है।

2007 संस्करण का विजेता भारत, अपने पुरुष टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, कनाडा और टूर्नामेंट के सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

**व्यापार**

## डीए 50 प्रतिशत बढ़ा तो केंद्रीय कर्मियों के बच्चों का शिक्षा भत्ता 25 प्रतिशत बढ़ेगा, सरकार का आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने अपने कर्मचारियों के लिए बच्चों की शिक्षा के भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा में संशोधन किया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि ये संशोधन एक जनवरी, 2024 से लागू होंगे। एक जनवरी, 2024 से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है। वर्ष 2018 के एक दिशानिर्देश का हवाला देते हुए कार्मिक मंत्रालय ने कहा, आदेश में प्रावधान है कि जब भी संशोधित वेतन में महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा तो बच्चों के शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा स्वाभाविक रूप से 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा होने के मद्देनजर बच्चों का शिक्षा भत्ता और छात्रावास सब्सिडी की राशि के बारे में जानकारी मांगी जा रही है। कार्मिक मंत्रालय के नवीनतम आदेश में कहा गया है कि सरकारी कर्मचारियों की ओर से किए गए वास्तविक खर्चों के बावजूद बच्चों के शिक्षा भत्ते की राशि 2,812.5 रुपये प्रति माह होगी और छात्रावास सब्सिडी 8,437.5 रुपये प्रति माह होगी। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों के दिव्यांग बच्चों के लिए बच्चों के शिक्षा भत्ता सामान्य दरों से दोगुनी यानी 5,625 रुपये प्रति माह (निर्धारित) होगा।

## सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 10 गुना बढ़ा

**सियोल , एजेंसी।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में परिचालन लाभ 10 गुना होकर 6600 अरब वॉन (4.8 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। यह पिछले साल की समान अवधि में 640 अरब वॉन (46.5 करोड़ डॉलर) था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मेमोरी चिप की ऊंची कीमतों और प्रमुख गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन की मजबूत बिक्री के दम पर कंपनी का राजस्व करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 71900 अरब वॉन (52 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। एआई चिप की बढ़ती मांग को देखते हुए सैमसंग ने कहा कि उसने इस महीने अपने नवीनतम एचबीएम चिप (जिन्हें 8-लेयर एचबीएम3ई कहा जाता है) का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। दूसरी तिमाही में चिप के 12-लेयर संस्करण का उत्पादन शुरू करने की योजना है। सैमसंग ने एक बयान में कहा, ''2024 की दूसरी छमाही में व्यापक आर्थिक रुझानों और भू-राजनीतिक मुद्दों से संबंधित निरंतर अस्थिरता के बावजूद, मुख्य रूप से जनरेटिव एआई से जुड़ी मांग के साथ कारोबारी स्थितियां सकारात्मक रहने की उम्मीद है।

## पतंजलि समूह की मुश्किलें बढ़ी, जीएसटी बकाया के लिए दो कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** योग गुरू स्वामी रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने इस समूह की कंपनियों पतंजलि आयुर्वेद और पतंजलि फूड्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कंपनी ने कहा कि उसे एक कारण बताओ नोटिस मिला है। जिसमें कंपनी और उसके अधिकारियों को से कारण बताने को कहा गया है कि क्यों न उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट वसूला जाए और जुर्माना क्यों न लगाया जाए। डीजीजीआई ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा अधिनियम 2017 और उत्तराखंड राज्य वस्तु एवं सेवा अधिनियम 2017 की धारा 74 और अन्य लागू प्रावधानों का हवाला दिया है। वहीं, पतंजलि फूड्स ने कहा, प्राधिकरण ने अभी केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया और कंपनी अपने बचाव के लिए जरूर कार्रवाई करेगी। कंपनी ने कहा, कार्यवाही पूरी होने तक अपेक्षित वित्तीय निहितार्थ तय नहीं किए जा सकते। पिछले हफ्ते पतंजलि फूड ने कहा था कि वह पतंजलि आयुर्वेद के गैर-खाद्य व्यवसाय के अधिग्रहण के प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी। पतंजलि फूड्स को पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह एक प्रमुख एफएमसीजी खिलाड़ी है। कंपनी खाद्य तेलों, खाद्य और एफएमसीजी और पवन उर्जा उत्पादन क्षेत्रों में पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि जैसे ब्रांड के गुलस्ते के जरिए काम करती है। पतंजिल ने दिवालिया प्रक्रिया के जरिए रुचि सोया का अधिग्रहण किया था और बाद में कंपनी का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स लिमिटेड कर दिया गया था।

### पतंजलि के 10 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस रद्द

उत्तराखंड के औषधि नियंत्रण प्रशासन की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक, पतंजलि के 10 दिव्य फार्मेसी उत्पादों के विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। यह आदेश इस महीने की शुरुआत में जारी किया गया था। इसमें कंपनी द्वारा औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक ) अधिनियम और औषधि एवं कॉस्मेटिक अधिनियम का उल्लंघन करते हुए इन उत्पादों के भ्रामक के बारे में शिकायतों का संज्ञान लिया गया था।

## कर्ज देने वाले संस्थानों पर भारतीय रिजर्व बैंक ने चलाया चाबुक, कहा- गलत ब्याज लिया तो तुरंत लौटाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर कर्ज देने वाले बैंकों के साथ वित्तीय संस्थानों पर चाबुक चलाया है। इसने कहा, जिन संस्थानों ने भी गलत तरीके से अतिरिक्त ब्याज लिया है, वे तुरंत इस पर कार्रवाई करें और इसे लौटा दें। ये संस्थान ब्याज वसूलने में अनुचित तरीकों का सहारा ले रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है।

आरबीआई ने सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा, 2003 से विनियमित संस्थाओं (आरई) को समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। इनमें कर्ज मूल्य निर्धारण नीति पर निष्पक्षता और पारदर्शिता की बात है। उचित व्यवहार को लेकर स्पष्टता है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आरई की जांच के दौरान आरबीआई को ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में कुछ अनुचित



प्रथाओं के उदाहरण मिले हैं। आरबीआई ने प्रमुख रूप से निष्पक्षता और पारदर्शिता में अनुचित प्रथाओं को लेकर चिंता जताई है।

केंद्रीय बैंक ने कहा, सभी आरई कर्ज वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें। सिस्टम स्तर पर बदलाव करें। ब्याज वसूलने के मुद्दे पर जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई करें। आरबीआई ने कहा, ऑनसाइट जांच के दौरान यह पाया गया कि आरई ने कर्ज मंजूरी की तारीख या कर्ज समझौते की तारीख से ब्याज वसूला है। जबकि ब्याज तबसे वसूलना चाहिए, जब ग्राहक को लोन मिल चुका हो।

### ग्राहक को चेक बाद में मिला, ब्याज पहले वसूला

आरबीआई ने कहा, ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जहां चेक की तारीख से ब्याज वसूला गया। जबकि ग्राहक को चेक कई दिनों बाद दिया गया। कुछ संस्थानों ने जिस महीने में कर्ज दिया, उस महीने का पूरा ब्याज लिया है। कुछ मामलों में संस्थानों ने ग्राहक से एक या कई किस्तें लोन देने के समय ले लिए, लेकिन ब्याज पूरे कर्ज पर लिया है। कुछ मामलों में कर्ज वितरण के लिए जारी किए गए चेक के बदले आरई को ऑनलाइन ट्रांसफर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# टाटा ने की 835 करोड़ रुपए की खरीदारी, अब टाटा प्ले में हो गई है 70 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने टाटा प्ले में अपनी हिस्सेदारी 70 प्रतिशत तक बढ़ा ली है। टाटा संस ने टाटा प्ले में सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक की पूरी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 100 मिलियन डॉलर (करीब 835 करोड़ रुपए) में खरीद ली है। इसके साथ ही टाटा प्ले से सिंगापुर की कंपनी पूरी तरह बाहर हो गई है। इसके लिए डायरेक्ट-टू-होम (छ्रञ्ज॥) फर्म की वैल्यूएशन एक अरब डॉलर आंकी गई। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा ग्रुप के लिए यह कंपनी काफी अहम है। इसकी वजह यह है कि मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में यह उसकी एकमात्र कंपनी है।

21 मिलियन ग्राहकों के साथ टाटा प्ले देश की सबसे बड़ी डीटीएच कंपनी है। एक सूत्र ने बताया कि कंपनी ने अपनी शेयरहोल्डिंग में बदलाव के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सूचित कर दिया है। डीटीएच नियमों के



तहत, लाइसेंस धारकों को शेयरधारिता या साझेदारी या प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पैटर्न में बदलाव के बारे में मंत्रालय को सूचित करना आवश्यक है। एक सीनियर मीडिया एग्जीक्यूटिव ने बताया कि टाटा संस ने टाटा प्ले में टेमासेक की हिस्सेदारी खरीद ली है। डीटीएच कंपनी ने शेयरहोल्डिंग में बदलाव के बारे में सरकार को बता दिया है। हालांकि टाटा संस, टेमासेक और टाटा प्ले ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### टाटा प्ले का आईपीओ

टेमासेक के बाहर निकलने के बाद अब टाटा प्ले में टाटा संस की 70 फीसदी और वॉल्ट डिज्नी 30 फीसदी हिस्सेदारी हो गई है। वॉल्ट डिज्नी भी इससे बाहर निकलने के विकल्पों पर विचार कर रही है। टाटा संस के पास पहले कंपनी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि डिज्नी के पास 30 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। माना जा रहा है कि टाटा संस ने डिज्नी से भी उसकी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत की है। डिज्नी टाटा प्ले से बाहर निकलना चाहता है क्योंकि डीटीएच उसके लिए नॉन-कोर बिजनस है। डिज्नी ने रूपर्ट मर्डोक प्रमोटेड कंपनी wvst Century Fo& के भारत में एसेट्स को खरीदा था। इसके साथ ही उसे टाटा प्ले में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी भी मिली थी।

फरवरी में, डिज्नी ने अपने स्टार इंडिया बिजनस का रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंपनी वायकॉम 18 के साथ मर्जर करने पर सहमति जताई थी। इससे 8.5 अरब डॉलर की मीडिया कंपनी बनेगी। टेमासेक ने अपनी सहयोगी कंपनी बेट्री इन्वेस्टमेंट्स मॉरीशस के माध्यम से 2007 में टाटा प्ले (पूर्व में टाटा स्काई) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। सिंगापुर की यह कंपनी कई साल से आईपीओ के जरिए टाटा प्ले से बाहर निकलने पर विचार कर रही है। वॉल्ट डिज्नी भी आईपीओ के दौरान कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम करने की फिराक में है।

## सोना 130 रुपए लुढ़का, चांदी सपाट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 84,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव पांच डॉलर की गिरावट के साथ 2,333 डॉलर प्रति औंस रह गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नवनीत दमानी ने कहा, ब्याज दर में कटौती में देरी से अमेरिकी डॉलर इंडेक्स और यूएस ट्रेजरी यील्ड को सपोर्ट मिला है। इससे सोना कमजोर हुआ है। दूसरी ओर, वैश्विक बाजार में चांदी मामूली तेजी के साथ 27.22 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 27.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने टीएमवीआर व टीएवीआर का सफलतापूर्वक संचालन किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने आज बड़े गर्व के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में एक बेमिसाल उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। दरअसल अस्पताल में 77 साल की एक बुजुर्ग महिला के इलाज के लिए, गुजरात में पहली बार नॉन-सर्जिकल डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट और ट्रांसकैथेटर माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट का एक-साथ उपयोग करने वाली यह प्रक्रिया सचमुच काफी इनोवेटिव है, जो दिल की बीमारियों के इलाज में एक बड़ी प्रगति को दर्शाती है। 77 साल की मरीज, शांतिबेन (बदला हुआ नाम) का इलाज 12 साल पहले माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट और कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग सर्जरी से किया गया था। परंतु उनके माइट्रल वॉल्व की लगातार बिगड़ती स्थिति और उम्र बढ़ने के कारण एऑर्टिक वॉल्व में खराबी आ जाने की वजह से उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. मिलन चाग और डॉ. धवल नाइक की अगुवाई में विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम ने एकजुट होकर काम करते हुए टीएमवीआर और टीएवीआर की प्रक्रिया के एक साथ उपयोग करने का निर्णय लिया। इस नई और बिल्कुल अनोखी तरकीब से ओपन-हार्ट सर्जरी के बगैर मरीज के दोनों वॉल्व का आसानी से रिप्लेसमेंट करना संभव हुआ, जिससे प्रक्रिया से जुड़े जोखिम काफी हद तक कम हो गए तथा मरीज को बेहद कम चीर-फाड़ वाले उपचार का विकल्प प्रदान किया गया। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज एवं टीएवीआर स्पेशलिस्ट तथा हार्ट फेल्योर एवं हार्ट ट्रांसप्लांट कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. मिलन चाग कहते हैं, इस तरह की सर्जरी के मामले काफी जोखिम भरे होते हैं जिसमें सर्जरी के पारंपरिक तरीके बहुत ज्यादा चुनौतीपूर्ण होते हैं। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन, डॉ. धवल नाइक इस बात पर जोर देते हैं कि, दिल की बीमारियों के बढ़ते बोझ को दूर करने के लिए चिकित्सा की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाना महत्वपूर्ण है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के अध्यक्ष, डॉ. केयूर पारिख कहते हैं, दिल की बीमारियों के इलाज की बेहतर तकनीक की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में नॉन-सर्जिकल डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट की शुरूआत ऐसे मरीजों के लिए उम्मीद जगाती है, जो बेहद कारगर और कम चीर-फाड़ वाले उपचार विकल्पों की तलाश करते हैं।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो: आमिर ख़ान को परफ़ेक्शनिस्ट का खिताब शबाना आज़मी दिया

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच पर पहुंचे आमिर ख़ान ने दर्शकों के साथ अपने जीवन के कई दिलचस्प क़िस्से शेयर किये। शर्मीले स्वभाव के सुपरस्टार आमिर ख़ान को कभी भी किसी शो या पुरस्कार समारोह में शामिल न होने के लिए जाना जाता है। उन्हें इस शो पर पहली बार कपिल के साथ मस्ती भरी नोक-झोंक और सीधे दिल से बात करते देखा गया। उन्होंने लोगों के जीवन में हँसी लाने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया और बताया कि उनकी ज़िंदगी के पिछले दो साल काफ़ी तनावपूर्ण थे और इस दौरान उन्होंने लगातार कपिल शर्मा शो को देखा, जिससे उन्हें काफ़ी राहत मिली। आमिर ख़ान पर परफेक्शनिस्ट का टैग कैसे लगा, इस बारे में सुपरस्टार ने खुलासा किया कि उन्हें ये नाम शबाना आज़मी ने दिया था। यह तब की बात है जब वो दिल की शूटिंग कर रहे थे, जिसका निर्देशन इंद्र कुमार कर रहे थे और कैमरामैन थे शबाना आज़मी के भाई बाबा आज़मी. एक दिन वो बाबा आज़मी के घर पर फ़िल्म की स्क्रिप्ट पर गंभीर चर्चा कर रहे थे जब शबाना आज़मी ने आमिर को चाय ऑफ़र की और पूछा कि वो अपनी चाय में कितनी चीनी लेंगे। अपनी बातचीत में लीन आमिर ने उनकी ओर देखा और कुछ सेकंड ठहर कर बोले, गिलास कितना बड़ा है शबाना आज़मी ने उन्हें वह कप दिखाया जिसमें वो आमिर को चाय देने वाली थीं। अभी भी बातचीत में पूरी तरह डूबे आमिर ने, जो कि सही जवाब देने की कोशिश कर रहे थे, शबाना जी से पूछा, चम्मच कितना बड़ा है और आख़िरकार अपनी चाय में एक चम्मच चीनी डालने के लिए कहा।

# दिल्ली के लोगों को झुलसाने लगी गर्मी, बूंदाबांदी के आसार; तेज हवाएं भी चलेंगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेज हवा और हल्के बादलों के चलते सोमवार को दिल्ली का पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी पारा 38 डिग्री या उससे अधिक हो सकता है। दिनभर तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी से दो-चार होना पड़ सकता है। इस बीच राजधानी में बारिश होने की भी कोई संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार, तीन मई तक फिलहाल लू चलने की संभावना नहीं है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप रही, लेकिन उसके बाद हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। बीच-बीच में हवा की गति भी 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक से ज्यादा रही। इसके चलते तापमान में बहुत तेजी से इजाफा नहीं हुआ, लेकिन तपिश के कारण लोग परेशान रहे। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यह दोनों ही सामान्य से एक-एक डिग्री नीचे हैं। यहां पर आर्द्रता का स्तर 72 से 23 फीसदी तक रहा।

### हवा की गति भी 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है

मौसम विभाग का अनुमान है कि हवा की गति भी 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि पश्चिमी विक्षोभ मंगलवार के शुरुआती घंटों में दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है, जिससे अलग-अलग हिस्सों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। 4 मई के आसपास अगला पश्चिमी विक्षोभ भी कमजोर होने की उम्मीद है। हालांकि विक्षोभ की वजह से तेज हवाएं चलेंगी जो अधिकतम तापमान को 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं जाने देंगी। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से एक डिग्री कम है। रविवार को तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 38 डिग्री सेल्सियस था। पिछले साल के आंकड़ों से पता चला है कि बारिश या तेज हवाओं के अभाव में अप्रैल में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ऐसा 29 और 30 अप्रैल, 2022 दोनों को दर्ज किया गया था। पिछले साल, अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस (18 अप्रैल) दर्ज किया गया था। 2021 में यह 42.2 डिग्री (29 अप्रैल) था। 2020 में यह 40.1 डिग्री (16 अप्रैल) और 2019 (26 अप्रैल) में 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### दिल्ली में ट्रैफिक मार्शल की रहस्यमय मौत, शव को चूहों ने कुतरा; मुंह, हाथ और आंख से निकल रहा था खून

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जैतपुर इलाके के मीठापुर चौक के नजदीक रविवार रात एक दुकान में ट्रैफिक मार्शल की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव को कई जगहों पर चूहों ने कुतर दिया। सूचना के बाद जैतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मूल रूप से बिहार के रहने वाले गोपाल गुप्ता अपने परिवार के साथ हरिनगर एक्सटेंशन जैतपुर इलाके में रहता था। परिवार में पत्नी, बेटा और बेटी है। गोपाल निजी कंपनी जीएसएस में सुरक्षाकर्मी था और उसकी ड्यूटी मीठापुर चौक के पास ट्रैफिक मार्शल की थी। सोमवार सुबह लोगों ने उसे अचेत अवस्था में देखा और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि गोपाल की मौत कैसे हुई यह बता पाना अभी मुश्किल है। हालांकि, शरीर के घाव देखकर मामला हत्या का लग रहा था, लेकिन जांच के बाद पता चला कि गोपाल के शरीर पर चूहों ने काटा हुआ था।

## जिनकी हत्या का केस दर्ज था, वो बहनें जिंदा निकलीं, 14 महीने बाद खुला राज





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से करीब 14 महीने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हुईं दो सगी बहनों के केस में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस को अलग-अलग राज्यों में दोनों बहनें जिंदा मिल गई हैं। लड़कियों के भाई ने उनके अपहरण के बाद हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाते अपने गांव के एक युवक पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की तो दोनों बहनें पुलिस को बहनें जिंदा मिल गईं।

गोरखपुर के बेलघाट थाने पर पहुंचीं बहनों ने बताया कि वे घरवालों को बिना बताए अपने-अपने प्रेमियों के साथ घर से भाग गई थीं। एक हरियाणा तो दूसरी उत्तराखंड में रही थीं। दोनों के एक-एक बच्चा भी है। इसके बाद आरोपी युवक की बेगुनाही साबित हुई और वह जेल जाने से बच गया।

दरअसल, बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। 3 जनवरी 2023 को वहीं से उसकी सगी बहनें लापता हो गई थीं। युवक ने इसकी सूचना दिल्ली के प्रेमनगर थाने में दी। पुलिस की जांच चल रही थी कि इसी बीच भाई को पता चला कि उसकी बहनों का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग था।

इसके बाद भाई अपने गांव पहुंचा और युवक व उसके घरवालों से अपनी बहनों के बारे में पूछताछ करने लगा। युवक के घरवालों ने उसकी पिटाई कर धमकी देकर भगा दिया।


**आरोपी बने युवक की मदद से मिला सुराग:** जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी लड़के के परिवार से संपर्क किया। युवक से पूछताछ के दौरान बहनों का सुराग मिल गया। आईओ ने दोनों बहनों को बताया कि उनकी हत्या का केस दर्ज है। उन्हें खुद थाने आकर अपने जिंदा होने का सबूत देना होगा। इसके बाद दोनों बहने अपने-अपने पति और बच्चों के साथ थाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हरियाणा के रहने वाले लड़कों से उनका प्रेम संबंध हो गया था। घरवालों को रिश्ता मंजूर नहीं होता, इसलिए उन्हें बिना बताए उन्होंने भागकर शादी कर ली थी।

## वोट फॉर कांग्रेस; दिल्ली में यासीन मलिक के साथ लगाए मनमोहन सिंह के पोस्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नए विवाद में घिरती नजर आ रही है। दरअसल दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह के पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली में बीजेपी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है जिसके बाद कांग्रेस एक बार फिर बीजेपी के निशाने पर आ गई है। हालांकि दिल्ली पुलिस ने तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए इस पोस्टर को हटा दिया है। दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर मंडी हाउस सर्किल के पास से हटाया है।

इसमें यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह नजर आ रहे हैं और यासीन मलिक की रिहाई की मांग के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। दिल्ली में 25 तारीख को मतदान होना है। ऐसे में पोस्टर में 25 मई को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि यह पोस्टर किसने लगवाए हैं, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

बता दें, यासीन मलिक आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। उनकी अगुवाई वाले जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को 15 मार्च को प्रतिबंधित घोषित किया गया था। इनके अलावा कुछ अन्य समूहों को भी प्रतिबंधित किया गया था।




देश में यूपीए की सरकार के समय दिल्ली में यासीन मलिक ने मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी। उस समय मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। पोस्टर में लगी तस्वीर इसी मुलाकात की बताई जा रही है।

अमित मालवीय ने इस पोस्टर का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, दिल्ली भर में कांग्रेस के समर्थन में पोस्टर लगे हैं। यासीन मलिक को साल 2022 में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद एक विशेष अदालत ने आतंकी फंडिंग मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

**साल 2006 की है तस्वीर:** जानकारी के मुताबिक मनमोहन सिंह ने फरवरी साल 2006 में यासीन मलिक से मुलाकात की थी। यह मुलाकात अलगाववादी नेता, कश्मीर के अन्य नेताओं और संगठन के साथ राउंड चेबल टॉक से पहले की गई थी। तब मनमोहन सिंह ने यासीन मलिक को पीएम आवास बुलाया था। इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर पहले भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। तब भी कांग्रेस निशाने पर आ गई थी। उस तस्वीर में मनमोहन सिंह यासीन मलिक के साथ हाथ मिलाते नजर आ रहे थे।

## कई सालों से आग में झुलस रहा अमेरिका का सेंट्रलिया शहर

### जमीन के अंदर लगातार जल रही है खदानें



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया का यह खौफनाक शहर सेंट्रलिया दशकों से जमीन के नीचे की आग की चपेट में है। आज इसकी आबादी केवल 5 लोगों की रह गई है। 1962 में सेंट्रिलिया की खदान में आग लग गई थी जिसने आज तक थमने का नाम नहीं लिया है और अब पूरा का पूरा बसाया बसाया शहर जमीन के अंदर लगी आग के धुएं से तबाह हो चुका है। 1920 के दशक में सेंट्रलिया दुकानों से भरा एक हलचल भरा शहर हुआ करता था, जिसके निवासी बढ़ते खनन उद्योग से लाभान्वित होते थे। जैसे-जैसे इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ती गई, इसके 1,200 निवासी स्थानीय खदानों से प्राप्त कोयले पर खुशी से जीवन व्यतीत करने लगे।पर आज यह शहर पूरी तरह से वीरान है, इसकी अधिकांश इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। यह सब एक खदान में लगी आग से शुरू हुआ जो 1962 में शुरू हुई और 50 साल से अधिक समय बाद भी जल रही है, जिसके धुएं से शहर पूरी तरह से तबाह हो गया। पिछली अमेरिकी जनगणना के अनुसार शहर की आबादी अब घटकर केवल 5 लोगों की रह गई है, जो अब धुएं वाले इलाके के करीब रहते हैं। मई 1962 में, सेंट्रलिया की नगर परिषद ने कथित तौर पर प्रस्तावित किया कि स्थानीय लैंडफिल को बाद में गर्मियों में मेमोरियल डे उत्सव के लिए समय पर साफ किया जाना चाहिए।

फायर अंडरग्राउंड में डेविड डेटोक ने लिखा कि यह अप्रासंगिक, छोटे शहर के इतिहास जैसा लग सकता है।कूड़े के ढेर को साफ़ करने के लिए सेंट्रलिया काउंसिल का तरीका यह था कि उसमें आग लगा दी जाए। ऐसा माना जाता है कि विशाल डंप आग ने शहर के नीचे एक बड़ी खदान में आग लगा दी, जिसके कारण जल्द ही सेंट्रलिया की कोयला खदानों के पूरे नेटवर्क में आग फैल गई। आग बुझाने के कई प्रयास किए गए लेकिन ये असफल रहे। बड़ी संख्या में आबादी को वहां से हटा दिया गया। सैकड़ों छोड़ी गई खदान शाफ्टों में से किसमें आग लगी है, यह पता लगाने में वित्तीय कठिनाई के कारण शहर की आग आज भी धधक रही है।

### लंदन में किशोर भारतीय पत्नी की हत्या, पति को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**लंदन , एजेंसी।** एक 24 वर्षीय व्यक्ति, जिसने अपनी 19 वर्षीय भारतीय पत्नी महक शर्मा की हत्या का अपराध स्वीकार किया था, को पैरोल पर विचार करने से पहले न्यूनतम 15 वर्ष की अवधि के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साहिल शर्मा, जो एक भारतीय नागरिक भी है, को महक की हत्या के संदेह में घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था, जो पिछले साल अक्टूबर में दक्षिण लंदन में दंपति के आवासीय पते क्रॉयडन में ऐश ट्री वे में चाकू से घायल अवस्था में पाई गई थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि उसे शुक्रवार को किंग्स्टन क्राउन कोर्ट में सजा सुनाई गई, उसने फरवरी में उसी अदालत में महक की हत्या के लिए दोषी ठहराया था। यह एक दुखद मामला है जिसने एक परिवार को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। मेट पुलिस के स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर (डीआई) लॉरा सेम्पल ने कहा, अपनी पत्नी की हत्या करके, शर्मा ने उसके परिवार से एक प्यारी बेटी छीन ली है, जिसका कारण केवल वही जानता है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे पता है कि कोई भी चीज महक शर्मा को उनके पास वापस नहीं ला सकती है, मुझे उम्मीद है कि सजा से उसके प्रियजनों को कुछ हद तक रास्ता मिलेगा। 29 अक्टूबर, 2023 को स्थानीय समयानुसार 1615 के तुरंत बाद, साहिल शर्मा ने आपातकालीन 999 नंबर डायल किया और पुलिस ऑपरेटर को बताया कि उसने ऐश ट्री वे पर अपने घर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

## हमास संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण का दावा, राफा में इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए

**गाजा/तेल अवीव , एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। क्षेत्र के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह दावा किया। अधिकारियों ने कहा कि रात के दौरान विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए।

सोमवार सुबह गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई। जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निर्देशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते। इजरायल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा। इजरायल के सहयोगियों ने बार-बार सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि सैकड़ों हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक शहर में शरण ले रहे हैं। नियोजित सैन्य अभियान को अभी भी टाला जा सकता है, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल फ़िलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई पर बातचीत करने के लिए सोमवार को मिस्त्र पहुंच रहा है।



### हमास ने रिहाई की अपील वाला बंधक का वीडियो जारी किया

तेल अवीव , एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच परोक्ष रूप से गाजा में संघर्षविराम की वार्ता के बीच सशस्त्र संगठन ने एक बंधक का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में अमेरिकी-इजरायली नागरिक कीथ सीएज इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से रिहाई के लिए हमास से वार्ता करने की अपील करते सुनाई-दिखाई दे रहे हैं।

### वायरल हो रहा है वीडियो

उनकी आवाज और हाव-भाव से साफ लग रहा है कि कीथ यह बयान दबाव में दे रहे हैं लेकिन इसमें उनकी परेशानी भी झलक रही है। उन्हें सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल के किरबुज फार आजा शहर स्थित आवास से हमास लड़ाकों ने अगवा किया था। वह तभी से हमास के बंधक बने हुए हैं।

### युद्धविराम पर वार्ता आगे बढ़ेगी

बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के मुद्दों पर वार्ता करके मिस्त्र के अधिकारियों का दल वापस काहिरा पहुंच गया है। सोमवार को वहां हमास के नेता पहुंचेंगे, इसके बाद युद्धविराम पर वार्ता आगे बढ़ेगी।

### किडनैप जज की हुई रिहाई, हथियारबंद लोगों ने रास्ते से कर लिया था अगवा

**पेशावर , एजेंसी।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार सुबह बताया कि देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहरण किए गए एक जिला और सत्र न्यायाधीश को कैद से रिहा कर दिया गया है। जज को 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास किडनैप कर लिया गया था। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सेशन जज को बिना शर्त कैद से रिहा कर दिया गया है। केपीके पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने कहा कि वह सुरक्षित और स्वस्थ घर पहुंच गए हैं।

# एकता की डोर में बंध गया घाघरा का प्राकृतिक पर्व सरहुल

## शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए लोग, नगाड़ा और मांदर की थाप में थिरके ग्रामीण





प्रातः आवाज

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व एकता की डोर में बंध गया। सभी जाति एवं धर्म के लोग इसमें शामिल हुए, सरहुल पर्व में जातीय बंधन नहीं रहा। हम एक हैं और एक रहेंगे एकता का कोई तोड़ नहीं। सरहुल शोभायात्रा के स्वागत में पानी, चना, गुड़ का वितरण श्री सर्वेश्वरी समूह चांदनी चौक के द्वारा किया गया। वहीं संचालन समिति के तत्वाधान में प्राकृतिक पर्व सरहुल में सरना स्थल कर्म डीपा में पहान पुजार ने पूजा-अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। पारंपारिक ढोल-मांदर की थाप पर झांखरा कुंभा से मेन रोड चांदनी चौक होते हुए थाना चौक, ब्लॉक चौक होते हुए कर्मडीपा मैदान तक शोभायात्रा पहुंचा। शोभायात्रा में विभिन्न गांव से आये कुल 260 खोड़ा शोभायात्रा में शामिल हुए। सभी खोड़ा को एक एक स्टील का ड्राम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी रविंद्र भगत, भाजपा नेता अशोक उरांव, कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवकुमार भगत, पूर्व जिला परिषद सदस्य तेम्बू उरांव, अनिल भगत, रवि पाहन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को संस्कृति एवं परंपरा को बचाने के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा एवं नशापान से दूर रहकर समाज के हित में काम करने की जरुरत है।

इस अवसर पर डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि संस्कृति परंपरा को बचाने एवं हमें प्राकृति से प्रेम करना सीखता है। प्राकृति है तो सब कुछ है। इन दिनों देखा जा रहा है कि प्राकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर इस तरह की खिलवाड़ होता रहा तो आने वाला समय में प्राकृति का नामो-निशान मिट जाएगा।

भाजपा नेता अशोक उरांव ने इस मौके पर क्षेत्र के साथ-साथ पूरे देश में सुख-समृद्धि की कामना की और कहा कि सरहुल झारखंड का महत्वपूर्ण पर्व है।

प्राकृतिक के पूजक हैं हमारे आदिवासी समाज के लोग कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि सरहुल का त्योहार धरती माता को समर्पित है। आदिवासियों का मानना है कि वह इस त्यौहार को मनाने जाने के बाद ही नई फसल का उपयोग मुख्य रूप से धान पेड़ के पत्ते, फूलों और फलों का उपयोग कर सकते हैं।

घाघरा प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों की पहचान है। सरहुल पर्व में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। प्राकृतिक पर्व सरहुल पूर्वजों की देन है। यह आदिवासियों की पहचान है, इसे संजोए रखने की जरूरत है।

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने किया नामांकन

# संविधान बचाने की लड़ाई है : केएन त्रिपाठी



प्रातः आवाज

**लातेहार।** चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के बाद केएन त्रिपाठी ने कहा कि ये संविधान बचाने की लड़ाई है। बीजेपी 400 पार का नारा लगा रही है, लेकिन क्या वह बिना जनता के वोट के ही 400 पार कर लेंगे। जनता ने इस बार सबकुछ भाप लिया है। भाजपा बाहरी भीतरी का आरोप लगाती है लेकिन मैं बता दूं कि मेरे पास 500 साल का वंशावली है, वो चाहेंगे तो मैं दिखा भी दिखा भी दूंगा। क्या कालीचरण अपनी वंशावली दिखा सकते हैं। वो बक्सर के हैं बाहरी हैं मैं नहीं। बाहरी-भीतरी कहकर भाजपा मेरा ही प्रचार कर रही है। बता दें कि चतरा में 20 मई को चुनाव होना है। केएन त्रिपाठी के सामने बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह होंगे। नॉमिनेशन के वक्त मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी केएन त्रिपाठी के साथ थे। उन्होंने कहा कि ये संविधान बचाने की लड़ाई है। बीजेपी 400 पार का नारा लगा रही है, लेकिन क्या वह बिना जनता के वोट के ही 400 पार कर लेंगे। जनता ने इस बार सब कुछ भाप लिया है। नामांकन में झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, सीपीआई, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस इंडिया महागठबंधन के लातेहार, पलामू, चतरा, बालूमाथ, हेरहंज, गारू, बरवाडीह, नेतरहाट, महुआडंड, पांकी, मनिका से हजारों हजार कार्यकर्ता नॉमिनेशन में भाग लेने पहुंचे थे।

## समाचार सार

### नीतीश कुमार साइंस, पलक कुमारी कॉमर्स व चिंकी कुमारी बनी आर्ट्स में प्रखंड टॉपर







**बालूमाथ (प्रातः आवाज)।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट के साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया, जिसमें प्रखंड में साइंस विषय की बात करें तो छात्रों का कब्जा रहा एवं कॉमर्स, आर्ट्स विषय में छात्राओं का कब्जा रहा। साइंस में नीतीश कुमार ने 438 अंक लाकर जिला एवं प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया तो निखिल कुमार 433 अंक लाकर जिला में तीसरा व प्रखंड में दूसरा स्थान एवं आदर्श कुमार सिंह जिला में पांचवा स्थान एवं प्रखंड में तीसरा स्थान लाने का गौरव प्राप्त किया। वहीं आर्ट्स में चिंकी कुमारी ने 428 अंक लाकर प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया। राशि कुमारी 412 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सानिया परवीन 410 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की। कॉमर्स में 423 अंक लाकर पलक कुमारी प्रखण्ड टॉपर बनी। 409 अंक लाकर बरखा कुमारी दूसरे स्थान में रही। नमिता कुमारी 407 अंक लाकर पूरे प्रखंड में तीसरा स्थान हासिल किया। सभी बच्चे बालूमाथ के राजकीय कृत उच्च विद्यालय के विद्यार्थी हैं।

### स्वास्थ्य सहियाओं ने बलिगढ़ में निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**गढ़वा (प्रातः आवाज)।** केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चंदवा टोला पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति बलिगढ़ के तत्वाधान में स्वास्थ्य सहिया एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बलिगढ़ ग्राम के चंदवा टोला में निकाला गया, जिसमें सच्चे मतदाता की एक ही पहचान नगद शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान आदि नारों के साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान वीएचएसएनसी के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आपका एक मतदान आपका भविष्य तय करेगा। लोकतंत्र में वोट की बहुत बड़ी ताकत है, जिसका उपयोग सभी मतदाताओं को करना चाहिए। पलामू लोकसभा में 13 मई को मतदान होना है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आप लोग अपने-अपने मत को प्रयोग करें।

### मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया



**गढ़वा (प्रातः आवाज)।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नवमहिला मतदाताओं व नवागत बहुओं में मतदान के प्रति जानगरूता उत्पन्न किये जाने हेतु महिला जेएसएलपीएस विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बीपीएम मुकेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि महिला मतदाता जागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत मतदाता जागरूकता घर-घर जाकर मतदान की अवगत करवाना, गर्भवती, धात्री महिलाओं का सूचिकरण एवं कार्ययोजना, मतदाता जाकरूकता हेतु प्रखंड कार्यालय में रंग-गुलाल, मेंहदी रचाओ आदि कार्यक्रमो आयोजन किया गया। इसके तहत मंलवार को डंडा कार्यलय में विभाग अन्तर्गत पर मतदान जागरूता आयोजन किया गया।

### गांजा बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार



**रायडीह (प्रातः आवाज)।** पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रायडीह थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा ने बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि पतराटोली साप्ताहिक बाजार में शिवा साहू नामक व्यक्ति पान दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजा बेचने का काम कर रहा है। इसके बाद एसडीपीओ चैनपुर के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद शिवा साहू के पान दुकान पर छापेमारी की गयी, जंहा पुलिस ने पुड़िया बना कर रखे गांजे को जब्त कर लिया, जिसका वजन 140 ग्राम है।

### बच्चों का ट्रांजिशन रेट में सुधार की आवश्यकता

**चंदवा (प्रातः आवाज )।** संकुल संसाधन केंद्र काली में संकुल स्तरीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम मंगलवार को डुमारो मुखिया की उपस्थिति में कक्षा 1 से 7 तक का रिजल्ट का घोषणा किया गया। संकुल स्तर पर घोषणा के उपरांत सभी विद्यालयों में अभिभावकों के बीच बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिया गया। पंचायत के मुखिया सुनीता खलखो ने बताया कि संकुल में यह एक नई शुरूआत है इसके लिए संकुल साधन सेवी विकास कुमार बधाई के पात्र है।

# करकट उत्क्रमित उच्च विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल जारी

प्रातः आवाज

**लातेहार।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट का मंगलवार को सत्र 2023-24 के वर्ग एक से सात तक का वार्षिक परीक्षा फल शैक्षिक ग्रेडिंग मापक के तहत विद्यालय परिसर में प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद एवं प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मंजू देवी के द्वारा जारी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र प्रसाद एवं अतुल कुमार ने किया। जबकि परीक्षा परिणाम तैयार करने में वरीय शिक्षिका उमा कुमारी, सुचिता मिंज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वर्ग एक में खुसबून खातून, कनिका राज, रजिया खातून, वर्ग दो में सोनी कुमारी, पियूष कुमार, मो हसनैन अंसारी, वर्ग तीन में श्रृष्टि सिंह, आलिया प्रवीण, अन्नू कुमारी, वर्ग चार में रिया कुमारी सिंह, गौतम कुमार सिंह, अहत राजा, वर्ग पांच में अनुप्रिया सिंह, छोटी कुमारी, रेशमा कुमारी, वर्ग छह में आफरीन ताज बुसरा, विवेक उरांव, वर्ग सात में रंजित कुमार, मयंक कुमार सोनी, पवन उरांव ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाया।

### आगामी चार मई को मेदिनीनगर में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शक्ति केंद्रों में बैठक

# नरेंद्र मोदी की जनसभा ऐतिहासिक होगी : हरिकृष्ण

**मनिका-चतरा लोकसभा के लोकप्रिय भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजय बनाने को लेकर सभी शक्ति केंद्रों में बैठक**



प्रातः आवाज

**मनिका/लातेहार।** मनिका विधानसभा अंतर्गत बकोरिया एवं रबदा शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों एवं सदस्यों की बैठक सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक सह मनिका विधानसभा संयोजक हरिकृष्ण उपस्थित रहे।

मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण प्रसाद, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, पलामू युवा मोर्चा जिला मंत्री सह पंचायत समिति सदस्य विकाश तिवारी, मनिका मंडल महामंत्री मनदीप कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, मुखिया शंभू उरांव, आशीष सिन्हा, बृज किशोर मेहता, राजेश प्रसाद, रामेश्वर भुइया, गोपाल मेहता, राजेंद्र यादव, बूथ अध्यक्ष शंभू कुमार मेहता, दामोदर मेहता, अनिल कुमार सिंह, नमन सिंह, मनोज प्रसाद, अजय कुमार मेहता, शिव प्रसाद, मनोज कुमार, राजेंद्र ठाकुर, गुलाब सिंह, राजेश प्रसाद, बेचन, सौरव मौजूद रहे।

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया स्वीप अभियान



प्रातः आवाज

**गुमला।** मतदाताओं के घर-घर जाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मतदाताओं के बीच वोटर स्लिप का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों में जाकर वोट करने की भी अपील की। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में स्वीप गतिवधि के तहत वैसे मतदान केंद्र जहां वोटिंग प्रतिशत कम है, वहां के वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से वैसे स्थानों पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लगातार दौरा करते हुए मतदाताओं से मिलकर उन्हें मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज गुमला के दुनदुरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 208 में 51 प्रतिशत की वोटिंग के प्रतिशत को देखते हुए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने वहां के मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके हाथों में वोटर स्लिप दी। साथ ही उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित भी किया।

# स्वीप गतिविधि के तहत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 11 मई तक आयोजित होगा रक्तदान शिविर



प्रातः आवाज

**गुमला।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा मतदाताओं से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।

# गढ़वा एसपी ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण




प्रातः आवाज

**गढ़वा।** धुरकी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के बिभिन्न गांव के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था का जांच किया। वहीं निरीक्षण में एसपी ने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों को ठहरने से पहले सारी समुचित सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले पुलिस सभी संवेदनशील और अतिसंवेदशील क्षेत्रों में भयमुक्त माहौल को बनाने में प्रयासरत है। वहीं मतदान के दिन सभी मतदाता अपने-अपने घरों से निकलकर उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग करें। मतदाता किसी के बहकावे में न आएं, शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गढ़वा पुलिस सदैव तत्पर है। एसपी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले बूथों पर जाने के लिए बनाए गए कलस्टर का जांच किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि मतदान से पहले बाहर से आने वाले मतदान कर्मी, अतरिक्त पुलिस सुरक्षाबल को ठहरने के लिए विधालय भवन के कमरों तथा पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

इस दौरान डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, एसआई सुनील कुमार राम, बिक्कु कुमार रजक सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# छात्राओं ने परिजनों के लिए लिखा पोस्ट कार्ड, दिये मतदाता जागरुकता के संदेश



प्रातः आवाज

**गुमला।** स्वीप गतिविधि के तहत विशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने पोस्ट कार्ड के माध्यम से अपने अभिभावकों को 13 मई को जिले में होने वाले मतदान दिवस के दिन मतदान देने के प्रति प्रेरित किया। इससे पूर्व सिसई एवं भरनो के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने भी अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड के माध्यम से मतदान करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्राओं को शामिल किया गया एवं सभी छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पोस्ट कार्ड लिखा, जिसके पश्चात छात्राओं ने मतदान हेतु शपथ भी ग्रहण की।

# मतदान दिवस के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निर्देश

**सभी पोलिंग बूथों पर एएमएफ की समुचित व्यवस्था रखने का दिया गया निर्देश**

**मतदान केन्द्रों पर 85+ वोटर, दिव्यांग वोटर एवं अन्य की सहायता हेतु वॉलिंटियर्स चयनित कर प्रतिनियुक्त करने का निर्देश**



प्रातः आवाज

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गठित सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अबतक की गई कार्रवाईयों के निमित कार्यों तथा मतदान दिवस की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर उनके सेल अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई।

इनमें मुख्य रूप से पसोर्नेल सेल, कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं ईवीएम मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, ईडीसी सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रॉन्ग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग एवं कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की बारी-बारी कर बिंदुवार समीक्षा की गई। निर्वाचन कार्यों में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता को लेकर भी सभी संबंधित नोडल पदाधिकारियों से पूछी गई।

1950 के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं कंट्रोल रूम के डायल 112 पर आने वाली शिकायतों के बारे में पूछी गई तथा इसके विरुद्ध किये गए कार्रवाई से अवगत होने का कार्य किया गया। सीएचसी/पीएचसी में चिकित्सकों की अद्यतन स्थिति के बारे में पूछी गई एवं आवश्यक निदेश दिए गये।

मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन अशोक कुमार को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों पर आवश्यक रूप से प्राथमिक उपचार एवं ओआरएस, ग्लूकोज आदि की व्यवस्था, गैस, पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की रोकथाम की दवा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सीएचसी/पीएचसी में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को अपने कर्तव्य पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी/कर्मियों को अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीप नोडल पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निदेशित किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327